www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024, वर्ष-13 अंक- 50 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आईएनडीआईए के तमाम बड़े नेताओं का जमावड़ा लगा। ये वही विपक्षी नेता है। जिन्हें पहले अरविंद केजरीवाल सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी बताते थे। उन्हें जेल भेजने की मांग उठाते थे। वही नेता उनकी हिमायत में उतर आए। वाकई राजनीति जो कराए कम है। जानी दुश्मन को भी जिगरी दोस्त बनाना पड़ता है। दिल मिले न मिले हाथ मिलाना पड़ता है। अच्छा है। घुंघरू सेठ के समर्थन में तबला, ढोलक, सारंगी और मंजीरे एक साथ बजने से दिल्ली सहित पूरे देश का मुफ्त में मनोरंजन तो हो गया।

# देर रात हुए सड़क हादसे में पूर्व सीएम बाल-बाल बचे

- दामाखेड़ा से प्रचार कर लौट रहे थे पूर्व सीएम
- सिमगा थाने से 2 किमी. दूर गड़रिया नाले के पास हाईवे में काफिले की पहली गाड़ी से टकराया मवेशी

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल की लैंड क्रूजर समेत उनके काफिले के अन्य वाहन एक हादसे का शिकार होने से बाल बाल बचे। भूपेश बघेल रात साढ़े 8 बजे दामाखेड़ा से घर लौट रहे थे। उनके काफिले में सामने चल रही वीआईपी कारकेड की आर -1 सफारी क्रमांक सीजी -03, 5312 चल रही थी। काफिला अपनी पूरी रफ़्तार से सिमगा थाने से 2 किमी. दूर स्थित गड़रिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### हादसा 9.22 को हुआ, थाने से मदद साढ़े 11 बजे आई

घटनास्थल से थाना सिमगा सिर्फ 2 किमी दूर है। हादसे के बाद साढ़े 9 बजे सिमगा थाना प्रभारी ध्रुव को फोन पर दी गई। घटना स्थल से थाने की दूरी महज 5 से 10 मिनट की है लेकिन थाना स्टाफ ढाई घंटे बाद पहुंचा। हादसे की खबर थाने को देने और मदद मांगने का निर्देश दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी में बैठे पीएसओ और चालक को पूर्व मुख्यमंत्री ने दिया था। जब 3 से 4 बार कॉल करके मदद की अपील की गई तब भी स्टाफ या एम्बुलेंस तो दूर क्षतिग्रस्त वाहन तक को टोचन करने वाला लोडर भी सिमगा थाने ने नहीं जुगाड़ कर पाया। घटना की जानकारी जब स्थानीय पत्रकारों को मिली और वे थाना स्टाफ से पहले घटना स्थल पर पहुँच गए थे तो उन्होंने थाना प्रभारी ध्रुव को फोन लगाकर आने को कहा। स्थानीय संवाददाताओं और पत्रकार पहुंचे और उन्होंने पुनः टीआई को कॉल करके वस्तुस्थिति बताई तब थाना स्टाफ पहुंचा और आते ही प्रभारी मदद मांगने वालों को ही ठीक से वाहन चलाने की नसीहत देते रहे।

## बड़ी खुशखबरी.. जीएसटी कलेक्शन में बना दूसरा सबसे बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली/ए.।** नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही सरकार के लिए गुड न्यूज आई है, जो सरकारी खजाने से जुड़ी हुई। जी हां अप्रैल महीने की पहली तारीख को जीएसटी कलेक्शन के शानदार आंकड़े आए हैं। देश का बीते मार्च महीने का जीएसटी कलेक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा है। बीते साल की समान अवधि की तुलना में ये 11 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2023 की तुलना में मार्च 2024 के जीएसटी कलेक्शन में 11.5 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। वहीं मासिक आधार पर 1.78 लाख करोड़ रुपये का ये आंकड़ा अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है। पूरे वित्तीय वर्ष की बात करें तो वित्तवर्ष 23-24 में कुल 20.14 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन हुआ है, ये आंकड़ा वित्त वर्ष 22-23 के मुकाबले 11.7 फीसदी ज्यादा है।

# कोर्ट ने 15 तक केजरीवाल को तिहाड़ भेजा

### ईडी ने विशेष अदालत में अरविंद को पेश किया

### दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले में धनशोधन का मामला

### केजरीवाल पहले ऐसे नेता जो सीएम पद पर रहते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को यहां की एक विशेष अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। केजरीवाल पहले नेता हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के पद पर रहते गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा गया और अब जेल भजने का आदेश पारित किया गया।

अदालत के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने रखा। उन्होंने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूछताछ के दौरान वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

ईडी ने कड़ी सुरक्षा के बीच केजरीवाल को पेश किया। पेशी से पहले एक मीडियाकर्मी के सवाल के संक्षिप्त जबाव में उन्होंने (केजरीवाल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा करते हुए कहा, 'ये जो कर (ईडी की कार्रवाई) रहे हैं, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### अवैध कमाई के लिए रची थी साजिश : ईडी

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीति) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को मामला दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि केजरीवाल और सिसौदिया सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए 'साजिश' रची थी। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को यहां की एक विशेष अदालत में पेश किया। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत में कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री केजरीवाल को पेश किया गया।

### ईडी के आरोपों पर केजरीवाल ने जताई थी आपत्ति

विशेष अदालत के समक्ष 22 मार्च को ईडी ने मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति 2021-2022 घोटाले (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) का मुख्य 'साजिशकर्ता और सरगना' होने का आरोप लगाया था। तब मुख्यमंत्री के अधिवक्ताओं ने ईडी के इन आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी।

केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले भारत राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था, जो न्यायिक हिरासत में दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। इन दोनों प्रमुख नेताओं से पहले ईडी ने पिछले एक साल के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अलावा राज्यसभा सांसद संजय सिंह को इसी मामले में गिरफ्तार किया था।

### स्वतंत्र भारत के इतिहास में बड़ी उपलब्धि

# रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ के पार

- पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 % की वृद्धि

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** भारत का रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है, जो एक रिकॉर्ड है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय रक्षा निर्यात अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है । वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है।

### केंद्र की पहल का सराहनीय प्रदर्शन

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई।

## जलपाईगुड़ी तूफान में अब तक 5 की मौत, सैकड़ों घायल

**जलपाईगुड़ी, (वार्ता)।** उत्तरी बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में आये तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है जबकि 200 लोग घायल हो गये। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा के बाद जलपाईगुड़ी पहुंचीं। उन्होंने चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से मुलाकात की। तूफान के कारण एक महिला समेत कई लोगों की मौत हो गई और बहुत से घरों को नुकसान पहुंचा। कई घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## व्यस्त सड़क पर इफ्तार पार्टी चुनाव आयोग का नोटिस

**मंगलुरु, (वार्ता)।** चुनाव आयोग ने कर्नाटक के मंगलुरु में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बावजूद रमजान के दौरान व्यस्त सड़क पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किये जाने पर आयोजक को नोटिस जारी किया है। शहर में शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया पर आक्रोश फैल गया, जिसके बाद चुनाव आयोग ने आयोजक अबू बकर को नोटिस जारी किया। आयोजक को सड़क अवरुद्ध करके सार्वजनिक तौर पर उपद्रव करने के लिए नोटिस भेजा गया है।

## किसान की मौत की न्यायिक जांच के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार के खिलाफ पंजाब-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शन के दौरान एक 22 वर्षीय किसान की कथित तौर पर पुलिस की गोली लगने से मौत मामले में उच्च न्यायालय की ओर से दिये गये न्यायिक जांच के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। यह युवक केंद्र सरकार से अपने फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने का कानून लागू करने की मांग को लेकर पंजाब-हरियाणा सीमा पर आंदोलन करने वाले किसानों में शामिल था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## प्रमुख एजेंसियों को राष्ट्रीय सुरक्षा व अपराध की जांच पर केन्द्रित रखा जाए : चन्द्रचूड़

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** मुख्य न्यायाधीश के. वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि देश की प्रमुख जांच एजेंसियों का केवल ऐसे मामलों पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो राष्ट्रीय सुरक्षा या राष्ट्र के खिलाफ अपराध से जुड़े हों।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि इन एजेंसियों को इधर-उधर के बहुत ज्यादा कामों में लगा दिया गया है। वह यहां केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की स्थापना दिवस पर आयोजित डी.पी. कोहली स्मारक व्याख्यान माला का 20वां व्याख्यान दे रहे थे। इसका विषय था 'बेहतर आपराधिक न्याय हेतु तकनीकों का अंगीकरण'। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इसका समाधान अन्वेषण प्रक्रिया का डिजीटलीकरण है। इसकी शुरुआत प्राथमिकी दर्ज करने के काम के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा रोकने की एससी में याचिका खारिज

- पीठ ने कहा, 'व्यासजी का तहखाना' में 'यथास्थिति बनाए रखना महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी के विवादित ज्ञानवापी मस्जिद के 'व्यासजी का तहखाना' में हिंदू पक्ष को पूजा करने से रोकने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, 'यथास्थिति बनाए रखना महत्वपूर्ण है, ताकि दोनों समुदाय अपनी- अपनी तरह से धार्मिक आस्था का निर्वहन कर सकें।' न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मस्जिद के तहखाने में पूजा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### निचली अदालत ने भी ठुकराई थी याचिका

पीठ ने इस मामले में मस्जिद समिति की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की और यह आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा हिंदू पक्षकारों को पूजा करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ मस्जिद समिति की अपील ठुकरा दी थी।

## आरबीआई के 90 साल पूरे, 90 रुपए का सिक्का लॉन्च



**मुंबई।** रिजर्व बैंक को आज 90 साल पूरे हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरबीआई के 90 साल पूरे होने पर 90 रुपये का सिक्का जारी किया। देश में पहली बार 90 रुपये का सिक्का जारी किया गया है। यह सिक्का शुद्ध चांदी का है। इसके अलावा 40 ग्राम चांदी का इस्तेमाल किया गया है। 90 रुपये के चांदी के सिक्के पर एक तरफ बैंक का लोगो और दूसरी तरफ 90 रुपये का लोगो है। इस सिक्के के दाईं ओर हिंदी में और बाईं ओर अंग्रेजी में भारत लिखा हुआ है।

## गरमा-गरम

### राहत... आयकर विभाग ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष रखी बात, सॉलिसिटर जनरल ने दिया आश्वासन

# 24 जुलाई तक कांग्रेस के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं

- आईटी ने दो वितीय वर्ष के 3,500 करोड़ रुपये की मांग रखी है

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** यह कांग्रेस के लिए राहत भरी बात है कि लोकसभा चुनाव तक दंडात्मक कार्रवाई से बच गई है। आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी से 3,500 करोड़ रुपये की कथित बकाया कर वसूली मामले में सोमवार को उ'चतम न्यायालय के समक्ष कहा कि वह लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 24 जुलाई तक उसके (कांग्रेस) के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष कांग्रेस पार्टी की याचिका पर सुनवाई के दौरान आयकर विभाग का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ये आश्वासन दिया। उन्होंने शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया कि आम चुनावों के मद्देनजर आयकर अधिकारी कांग्रेस पार्टी से दो वित्तीय वर्ष के 3,500 करोड़ रुपये की मांग के संबंध में 24 जुलाई तक उसके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

श्री मेहता ने पीठ के समक्ष कहा, चूंकि आम चुनाव होने वाले हैं, इसलिए विभाग वसूली कार्यवाही या कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। शीर्ष अदालत ने इस मामले में श्री मेहता के ये बयान दर्ज करने के साथ ही अगली सुनवाई के लिए 24 जुलाई की तारीख मुकर्रर कर दी।

### पहले की जा चुकी है कांग्रेस की याचिका खारिज

दिल्ली उ'च न्यायालय ने अधिकारियों द्वारा उसके खिलाफ चार साल की अवधि का पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू करने को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिकाओं को 28 मार्च को खारिज कर दिया था। कांग्रेस ने अपनी याचिका में आय कर मूल्यांकन वर्ष 2014-15 से 2016-17 से संबंधित पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी है।

### यह लाभ कमाने वाला संगठन नहीं

इधर कांग्रेस का पक्ष वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता केवल एक राजनीतिक दल है, लाभ कमाने वाला कोई संगठन नहीं। सिंघवी ने पीठ के समक्ष कहा कि आयकर के मामले में कांग्रेस पार्टी की 135 करोड़ रुपये की राशि आयकर विभाग पहले ही कुर्क कर चुका है। मेहता ने हालांकि, करीब 3,500 करोड़ रुपये बकाया वसूली की मांग अदालत के समक्ष दोहराई। उन्होंने कहा कि इस मामले में शीर्ष अदालत के नोटिस का जवाब दाखिल की जाएगी। पीठ के समक्ष बयान देते हुए मेहता ने कहा कि आयकर अपीलों से उत्पन्न मुद्दों पर अभी फैसला सुनाया जाना बाकी है, लेकिन मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए? आयकर विभाग मामले को तूल नहीं देना चाहता। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग आय कर वसूली मामले में कांग्रेस के खिलाफकोई कठोर कदम नहीं उठाएगी। शीर्ष अदालत ने उनके इस बयान को रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया।

# रायगढ़ में भाजपा का दबदबा खत्म करने सारंगढ़ राजघराने पर कांग्रेस का दांव

*पुनीराम रजक*

**रायगढ़/नवप्रदेश।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित रायगढ़ लोकसभा सीट का चुनाव इस बार बेहद दिलचस्प होने जा रहा है। भाजपा ने इस सीट पर अपनी जीत बरकरार रखने के लिए जहां इस बार रायगढ़ जिले के राधेश्याम राठिया को प्रत्याशी बनाया है वहीं कांग्रेस ने सारंगढ़ राजघराने की बेटी डा. मेनका सिंह पर भरोसा जताया है।

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में जशपुर जिले की तीन विधानसभा सीट सहित रायगढ़ जिले की चार और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। खास बात यह है कि आठ विधानसभा सीट वाले इस लोकसभा क्षेत्र की चार-चार विधानसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के विधायक हैं। कुल मिलाकर विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से भाजपा और कांग्रेस बराबरी पर हैं, लेकिन लोकसभा चुनावों की बात करें तो भाजपा का इस रायगढ़ लोकसभा सीट पर 1999 से लगातार कब्जा बरकरार है। बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गोमती साय को प्रत्याशी बनाया था और कांग्रेस ने लालजीत सिंह राठिया को मैदान में उतारा था। इससे पहले 1999 से चार बार लगातार भाजपा के विष्णुदेव

## आठ विधानसभा सीटों में दोनों पार्टियों के पास हैं 4-4 सीटें

राधेश्याम राठिया

साय सांसद रहे। इस बार कांग्रेस ने भाजपा से मुकाबला लेने महिला प्रत्याशी मैदान में उतारने का निर्णय लेकर आधी आबादी को साधने की कोशिश की है। जिससे इस बार रायगढ़ सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला बेहद दिलचस्प होने के आसार हैं। वैसे इस सीट पर राजघराने का विशेष प्रभाव रहा है। जशपुर और सारंगढ़ राजघराने का वरदहस्त मिलने पर परिणाम अनुकूल आते रहे हैं। जिसका असर यह रहा कि पूर्व में परिणाम कभी कांग्रेस के तो कभी भाजपा के पक्ष में आते रहे। परन्तु सारंगढ़ राजघराने की कांग्रेस में पकड़ कमजोर होने के बाद जशपुर राजघराने का इस सीट प्रभाव बेहद मजबूत हुआ। और लगातार भाजपा इस सीट पर काबिज है।

दरअसल 1962 से लेकर 2019 तक रायगढ़ लोकसभा सीट पर अब तक 15 बार चुनाव हुए है। इस दौरान सबसे अधिक कांग्रेस ने 9 बार प्रत्याशी बदले, पर इसमें उसे तीन बार ही जीत मिली। कांग्रेस ने तीन दफा तो अपने सीटिंग विधायक को चुनाव मैदान में भी उतारा, बावजूद इसके भाजपा से इस सीट को छीनने में कांग्रेस कामयाबी नहीं मिली। रायगढ़ सीट पर सबसे पहला चुनाव वर्ष 1962 में हुआ। चुनाव में कांग्रेस के चंद्रचूड़ सिंहदेव का मुकाबला आरआरपी के राजा विजय भूषण सिंह से था, जिसमें कांग्रेस को हार मिली। 5 साल बाद 1967 में कांग्रेस ने चेहरा बदला और रजनीगंधा देवी सिंह पर दांव लगाया गया। उन्होंने जनसंघ के नरहरि प्रसाद को हराया। बावजूद उन्हें दोबारा मौका नहीं मिला। कांग्रेस से 1971 के चुनाव में नए प्रत्याशी उम्मेद सिंह को भी पहली ही बार में जीत मिली। लेकिन 1977 के चुनाव में भारतीय लोकदल के नरहरि प्रसाद साय को जीत मिली।

डॉ. मेनका सिंह

और दूसरी बार चुनाव मैदान में उतरे उम्मेद सिंह को हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद 1980 के चुनाव में सारंगढ़ राजघराने की पुष्पा देवी सिंह को मौका मिला। उन्होंने कांग्रेस की झोली में रायगढ़ लोकसभा सीट डाल दी। इस तरह इस सीट से लगातार दो बार भाजपा को परास्त किया। तीसरी बार 1989 में भी कांग्रेस ने पुष्पा देवी सिंह पर ही विश्वास कायम रखा परन्तु 1989 में भाजपा के नंदकुमार साय ने सीट कांग्रेस से छीन ली। हालांकि 1991 के चुनाव में कांग्रेस की पुष्पा देवी सिंह ने भाजपा के नंदकुमार साय को परास्त कर दिया। भाजपा ने करारी शिकस्त के बाद भी 1996 में नंदकुमार साय को टिकट दिया। इस बार वे जीतने में कामयाब हो गए। इसके बाद 1998 के चुनाव में कांग्रेस के अजीत जोगी ने जीत हासिल की। एक साल बाद ही 1999 में दोबारा चुनाव हुए। इस बार भाजपा व कांग्रेस दोनों ने चेहरा बदल दिया। भाजपा ने विष्णुदेव साय को प्रत्याशी बनाया। और कांग्रेस ने एक बार फिर पुष्पा देवी सिंह को मौका दिया पर वे विष्णुदेव साय से चुनाव हार गई। इस तरह भाजपा 1999 से लगातार इस सीट पर काबिज है।

### महिला प्रत्याशी पर कांग्रेस को ज्यादा ही रहा है भरोसा

रायगढ़ सीट वर्ष 1962 में अस्तित्व में आई। इस लोकसभा सीट के लिए अब तक 15 बार आम चुनाव हो चुके हैं। 15 बार हुए चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस 6 बार चुनाव जीती है। जबकि इस लोकसभा सीट पर बीजेपी ने 7 बार और जनता पार्टी ने 1 बार चुनाव जीता है। अब तक के चुनावों में कांग्रेस ने 7 बार महिला प्रत्याशियों को मौका दिया। और खास बात यह रही कि 3 बार महिला प्रत्याशी को जीत मिली, सारंगढ़ राजघराने की पुष्पा देवी सिंह को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। कांग्रेस ने उसी परम्परा को दोहराने की चाह में संभवतः डा. मेनका सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। अब कांग्रेस की इस रणनीति पर आधी आबादी का क्या रूख होगा, जब भाजपा महतारी वंदन योजना को सीधे तौर पर महिलाओं के सम्मान से जोड़ कर विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन कर चुकी है।

### इस सीट पर भाजपा का दबदबा रहा

रायगढ़ लोकसभा सीट पर भाजपा का दबदबा कायम है। इस स्थिति में भाजपा को पछाड़ने कांग्रेस मजबूत किलेबंदी की रणनीति पर जुटी नजर आ रही है। विधानसभा चुनाव में सारंगढ़ सहित खरसिया, लैलूंगा और धरमजयगढ़ सीट जीतने वाली कांग्रेस के सामने अब भी बड़ी चुनौती है। रायगढ़ संसदीय क्षेत्र से कुनकुरी विधायक विष्णुदेव साय प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा के सामने कड़ी चुनौती रख पाना कांग्रेस के लिए बेहद मुश्किल ही लगता है। वैसे भी छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद लोकसभा चुनावों के आंकड़ों पर नजर डालें तो भाजपा का वोट प्रतिशत कांग्रेस से काफी आगे रहा । 2019 के चुनाव में भाजपा की महिला प्रत्याशी गोमती साय को 48.76 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के धरमजयगढ़ से सीटिंग विधायक लालजीत सिंह राठिया को 43.87 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा के विष्णुदेव साय ने 40.72 प्रतिशत वोट अर्जित किया था।

### भाजपा मजबूत स्थिति में

*भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के छर्राटांगर गांव के निवासी हैं। वे घरघोड़ा जनपद पंचायत के अध्यक्ष रह चुके हैं। साथ ही दो बार जिला पंचायत सदस्य भी रहे हैं। इस समय राधेश्याम राठिया अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैं। कंवर राठिया समाज के राधेश्याम की आदिवासी क्षेत्र में मजबूत पकड़ है, जिससे भाजपा इस चुनाव में अपनी मजबूत स्थिति मान रही है।*

### कड़ी टक्कर दे सकती हैं मेनका

*डॉ.मेनका सिंह का ताल्लुक सारंगढ़ राजघराने से है। वे सारंगढ़ राजघराने की राजकुमारी पुष्पा देवी सिंह की छोटी बहन हैं। पति परिवेश मिश्रा साहित्यकार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। डॉ. मेनका सिंह कांग्रेस में अलग-अलग पदों पर रह चुकी हैं। पूर्व सांसद पुष्पा देवी सिंह के साथ राजनीति में सक्रिय रहीं मेनका सिंह के प्रत्याशी बनने पर कांग्रेस इस चुनाव में अपनी मजबूत होने का दावा कर रही है।*

### लगातार चार चुनाव जीतने का रिकार्ड विष्णुदेव साय के नाम

रायगढ़ लोकसभा सीट में लगातार चार बार चुनाव जीतने का रिकार्ड विष्णुदेव साय के नाम है। वे 1999 से 2014 तक लगातार भाजपा को जीत दर्ज कराने में सफल रहे। 2004 में पत्थलगांव से कांग्रेस के सीटिंग विधायक रामपुकार सिंह, 2009 में लैलूंगा से कांग्रेस के सीटिंग विधायक हृदय राम राठिया, 2014 में आरती सिंह को हार मिली। जबकि 2019 के चुनाव में भाजपा ने गोमती साय को प्रत्याशी बनाया । कांग्रेस ने धरमजयगढ़ के सिटिंग विधायक लालजीत सिंह राठिया को मैदान में उतारा, लेकिन लालजीत सिंह राठिया भी चुनाव हार गए।

---

## लोकसभा चुनावी वॉच

### पंजाब में पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** पंजाब में पटियाला लोकसभा सीट से निर्वाचित पूर्व सदस्य डॉ. धर्मवीर गांधी आज कांग्रेस में शामिल हो गये। डॉ. गांधी ने कांग्रेस मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा, पार्टी के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह राजा बराड़ तथा पंजाब विधानसभा में कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा की मौजूदगी में यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेताओं ने डॉ गांधी का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से शामिल होकर उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा है और इससे उन्हें तथा पार्टी दोनों को लाभ होगा। खेड़ा ने उनका स्वागत करते हुए कहा आपका बहुत-बहुत स्वागत और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। यादव ने कहा पटियाला के पूर्व सांसद श्री धर्मवीर गांधी जी कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

#### मैं बहुत-बहुत आभारी हूं- बराड़

बराड़ ने कहा मैं बहुत-बहुत आभारी हूं कि पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी जी ने आज कांग्रेस में शामिल होने और अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने का फैसला किया है। आज देश में जिस तरह की राजनीति चल रही है, उस दौर में इन्होंने कांग्रेस पार्टी का झंडा उठाकर चलने का फैसला किया है। मैं पूरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से धर्मवीर जी को बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं। बाजवा ने कहा धर्मवीर गांधी जी का कांग्रेस में आना हमारे लिए शुभ संकेत है। इनके साथ बहुत सारे साथी भी आए हैं। ये 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का असर है। मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। आपके आने से हमें मजबूती मिलेगी।

### कांग्रेस चुनाव समिति की बिहार ओडिशा उम्मीदवारों को लेकर बैठक

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बिहार तथा ओडिशा में लोकसभा प्रत्याशियों के चयन को लेकर रविवार को यहां महत्वपूर्ण बैठक हुई। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और पार्टी महासचिव - संगठन केसी वेणुगोपाल सहित कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि बिहार तथा उड़ीसा में प्रत्याशियों की चयन के लिए यह बैठक शाम को यहां पार्टी मुख्यालय में हुई। बैठक में दोनों प्रदेशों के प्रभारियों ने भी हिस्सा लिया।

### छिंदवाड़ा के अनेक कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल

**भोपाल, (वार्ता)।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले छिंदवाड़ा जिले के अनेक कांग्रेस नेता आज यहां मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश भाजपा की ओर से मुहैया कराई गई जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी एवम मौजूदा सांसद नकुलनाथ के आदिवासियों को लेकर दिए गए बयान से आहत होकर छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके और अन्य नेता भाजपा में हुए शामिल। मुख्यमंत्री श्री यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने छिंदवाड़ा महापौर श्री अहाके का भाजपा में स्वागत किया। महापौर के साथ छिंदवाड़ा नगर निगम के जल विभाग के प्रमुख प्रमोद शर्मा, कांग्रेस के छिंदवाड़ा जिला इकाई के स्थानीय पदाधिकारी सिद्धांत थनेसर, पूर्व आशीष साहू, धीरज राऊत आदित्य उपाध्याय और सुमित दुबे भी भाजपा में हुए शामिल।

---

## मोदी पर उंगली उठाने वाले देश के विकास में अवरोधक : योगी

- **सीएम आदित्यनाथ योगी ने कहा कि हाथरस ब्रज मंडल का प्रवेश द्वार है**

**हाथरस, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अंगुली उठाने वाले भारत के विकास में अवरोधक हैं। हाथरस में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि विकसित भारत, सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। विकसित भारत में बिना भेदभाव हर व्यक्ति, जाति-समुदाय को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिले।

बेटी-व्यापारियों को समान सुरक्षा की गारंटी हो, जहां अराजकता नहीं बल्कि कानून का राज हो। जातिवाद-परिवारवाद नहीं, सबका साथ-सबका विकास हो और यही विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। मोदी की गारंटी को हमने जमीनी धरातल पर उतरते देखा है, इसलिए पूरे देश को 'मोदी की गारंटी' पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के मंसूबों पर अंगुली उठाने वाले विकसित भारत के मार्ग के बैरियर हैं। हमें इन बैरियर को हटाना होगा और मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित व समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के मंत्री व भाजपा प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि 'प्रधान' के लिए जनसमर्थन की अपील की।

### यूपी के लक्ष्य के अनुरूप परिणाम दें

योगी ने कहा प्रबुद्धजन समाज को नेतृत्व देते हैं, इसलिए आपका आह्वान करने आए हैं। चुनाव की बागडोर अपने हाथों में लेकर आप यूपी के लक्ष्य के अनुरूप परिणाम देने के लिए मोदी जी को 80 सीटों की जीत की माला दे सकें। मुख्यमंत्री ने वर्तमान सांसद राजवीर सिंह दिलेर की भी मंच से तारीफ की और कहा कि उनका आशीर्वाद भी अनूप वाल्मीकि के साथ है। पार्टी ने आदेश दिया कि वहां नया प्रत्याशी आएगा तो राजवीर सिंह पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में निष्ठा के साथ लग गए। योगी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी यहां आया था। आपने सभी सीटों पर कमल खिलाया। प्रदेश में भाजपा सरकार है तो सुरक्षा है, विकास है, गरीब कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरती दिख रही है।

---

## कमलनाथ के गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा में कांग्रेस में आग

- **पार्टी को फिर झटका विधायक के बाद छिंदवाड़ा महापौर भी छोड़ा हाथ का साथ**

**भोपाल, (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा की एक विधानसभा के विधायक कमलेश शाह के कांग्रेस छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद अब श्री कमलनाथ को एक और झटका देते हुए आज छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। श्री अहाके ने यहां मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ले ली। पार्टी की ओर से मुहैया कराई गई जानकारी के अनुसार अहाके और पार्टी के कई अन्य नेता भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ ही छिंदवाड़ा नगर निगम के सभापति प्रमोद शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सिद्धांत थनेसर समेत एनएसयूआई के कई जिला पदाधिकारियों ने भी कांग्रेस छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ली है।

### आदिवासियों को लेकर दिए बयान से आहत

दावा किया जा रहा है कि श्री अहाके ने छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी एवम मौजूदा सांसद नकुलनाथ के आदिवासियों को लेकर दिए गए कथित बयान से आहत होकर ये कदम उठाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने बहुत 'गड़बड़' की है। कल ही पार्टी प्रत्याशी श्री नकुलनाथ ने आदिवासियों और गोंड समाज के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां की थीं, ऐसे शब्द उन्हें शोभा नहीं देते। ऐसी बातों से आहत होकर उन्होंने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया है।

### कमलनाथ 'एक्सपोज' हो गए हैं: शर्मा

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि छिंदवाड़ा में कमलनाथ 'एक्सपोज' हो गए हैं। आयकर विभाग की रिपोर्ट के अनुसार छिंदवाड़ा में कांग्रेस कार्यालय से लेकर कमलनाथ का निवास तक भ्रष्टाचार में लिप्त है। छिंदवाड़ा की जनता अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। वहां के आदिवासियों के नेता का सांसद प्रत्याशी नकुलनाथ ने अपमान किया है। इसका जवाब कांग्रेस को मिलेगा। दो दिन पहले ही छिंदवाड़ा लोकसभा की विधानसभा अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह ने कांग्रेस का साथ छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ले ली थी। इसके बाद कल श्री नकुलनाथ ने श्री शाह के संदर्भ में कथित तौर पर अपमानजनक बयान दिया था।

---

## लोजपा : रामविलास के तीन उम्मीदवार पहली बार लड़ रहे हैं लोकसभा चुनाव

**पटना, (वार्ता)।** बिहार में होने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (लोजपा-रामविलास) के तीन उम्मीदवार पहली बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

वर्ष 2019 के चुनाव में राजग में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) ने छह सीट हाजीपुर (सु), जमुई (सु), समस्तीपुर (सु), वैशाली, खगड़िया और नवादा से चुनाव लड़ा था। लोजपा को इस चुनाव में शत प्रतिशत कामयाबी मिली और सभी छह सीटों पर सांसद निर्वाचित हुये। इस बार के चुनाव में लोजपा-रामविलास को पांच सीट हाजीपुर (सु), जमुई (सु), समस्तीपुर (सु), वैशाली और खगड़िया मिली है, जबकि नवादा सीट राजग के घटक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हिस्से में चली गयी है। जमुई (सु), खगड़िया और समस्तीपुर (सु) सीट पर (लोजपा-रामविलास) के टिकट पर तीन उम्मीदवार पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, हाजीपुर (सु) से पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान और वैशाली से सांसद वीणा देवी चुनाव लड़ रही हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जमुई (सु) सीट पर राजग में शामिल (लोजपा) के टिकट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान ने महागठबंधन में शामिल राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) उम्मीदवार

और पूर्व सांसद भूदेव चौधरी को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में राजग के घटक दल लोजपा-रामविलास से चिराग पासवान ने जमुई (सु) सीट से अपने जीजा अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है।

अरूण भारती कांग्रेस की पूर्व मंत्री डॉ. ज्योति के पुत्र हैं। डॉक्टर ज्योति बिहार में कांग्रेस की कद्दावर नेता रही हैं। वह बिहार में विधायक, बिहार विधान परिषद् की सदस्य रहने के साथ ही बिहार सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। वहीं, इस बार के लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इडी गठबंधन) में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने जमुई (सु) सीट से अर्चना रविदास को उम्मीदवार बनाया है।अर्चना रविदास मुंगेर के राजद नेता मुकेश यादव की पत्नी हैं और उनका मायका जमुई क्षेत्र में है। अर्चना रविदास भी अरूण भारती की तरह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में खगड़िया संसदीय सीट से बिहार के पूर्व मंत्री चौधरी सलाउद्दीन के पुत्र और सांसद महबूब अली कैसर ने महागबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी को पराजित किया। महबूब अली कैसर इस बार लोकसभा चुनाव में बेटिकट हो गये हैं। लोजपा (रामविलास) के टिकट पर राजेश वर्मा पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

### ...फिर दोबारा मौका नहीं दिया

उल्लेखनीय है कि लोजपा में टूट डालने और चाचा पशुपति कुमार पारस का साथ देने वालों में से वैशाली की सांसद वीणा देवी को छोड़कर चिराग पासवान ने किसी भी सांसद को दोबारा मौका नहीं दिया है। पिछले चुनाव में हाजीपुर (सु) सीट से चुनाव जीते श्री पारस, समस्तीपुर (सु) के सांसद प्रिंस पासवान और खगड़िया के सांसद महबूब अली कैसर खाली हाथ रह गये । वहीं, नवादा सीट से पिछले चुनाव में लोजपा के चंदन सिंह जीते थे लेकिन इस बार राजग के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में यह सीट (भाजपा) के खाते में चली गई है। भाजपा के टिकट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.पी.ठाकुर के पुत्र और राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं।

### स्व. महावीर चौधरी बिहार सरकार में मंत्री रहे

*शांभवी चौधरी के दादा स्वर्गीय महावीर चौधरी भी बिहार सरकार में मंत्री और कई बार विधायक थे। शांभवी चौधरी ने स्नातक की पढ़ाई देश के जाने माने कॉलेज लेडी श्री राम कॉलेज और पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से की है. शांभवी फिलहाल मगध यूनिवर्सिटी से पीएचडी भी कर रही हैं।(इंडी गठबंधन) में सीटों में तालमेल के तहत समस्तीपुर (सु) सीट कांग्रेस को मिली है। इस सीट पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।*

### ..वे तीसरे नंबर पर रहे

राजेश वर्मा वर्ष 2017 में भागलपुर के डिप्टी मेयर थे। इसके बाद राजेश वर्मा ने वर्ष 2020 में लोजपा के टिकट से 2020 में भागलपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ा। इस चुनाव में वह तीसरे नंबर पर रहे। (इंडी गठबंधन) में सीटों में तालमेल के तहत खगड़िया सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को मिली है। माकपा के टिकट पर पूर्व विधायक योगेन्द्र सिंह के पुत्र और विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार के भाई संजय कुमार चुनाव लड़ेंगे। संजय कुमार खगड़िया से माकपा के जिला सचिव हैं। समस्तीपुर (सु) से वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान के भाई लोजपा उम्मीदवार राम चंद्र पासवान ने कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मंत्री डा. अशोक कुमार को पराजित किया था। रामचंद्र पासवान के निधन के हुये उपचुनाव में राम चंद्र पासवान के पुत्र प्रिंस राज ने जीत हासिल की थी। प्रिंस राम ने कांग्रेस प्रत्याशी ने डा. अशोक कुमार को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में लोजपा-रामविलास ने प्रिंस राज की जगह शांभवी चौधरी को प्रत्याशी बनाया है।शांभवी चौधरी पूर्व मंत्री अशोक चौधरी की बेटी और महावीर मंदिर न्यास के सचिव और पूर्व आइपीएस अधिकारी किशोर कुणाल की बहू हैं।

## न्यूज गैलरी

### महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त आएगी 2 या 3 को

**रायपुर/नवपद्रश।** कल 2 या 3 अप्रैल को आएगी महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त। वित्तीय वर्ष खत्म होने के चलते आज यानी एक अप्रैल को किस्त नहीं मिलेगी। बता दें कि पिछले महीने लगभग 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन का लाभ मिला था। 655 करोड़ रुपये की राशि मुख्यमंत्री ने जारी की थी।

### नई आबकारी नीति के तहत शराब के मूल्यों में हुई वृद्धि

**रायपुर/नवपद्रश।** छत्तीसगढ़ में आज से शराब की कीमतों में वृद्धि हो गई है, नई आबकारी नीति के तहत कीमत बढ़ाई गई है। प्रदेश में अब आज से क्वार्टर में 10 रुपये और बोतल में 40 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के सभी सेस हटाए और नई नीति के तहत शराब की कीमतों में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इस नई नीति के अनुसार, शराब की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे गौठान के विकास, कोरोना के समय लगाए सभी टैक्स हटाए जाने और अधोसंरचना और विकास के लिए आवश्यक निवेश को कारण बताया गया है। नई नीति के अनुसार, शराब की बढ़ी हुई कीमतें आज से ही लागू हो गई है।

### सरेआम शराब पीते 30 पकड़ाए

**रायपुर/नवपद्रश।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने ग्राम कुरा में सरेआम शराब पीते आरोपी मंगल दास 50 वर्ष, कोतवाली पुलिस ने आरोपी बीफरी रमानी 23 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी रियाज खान 33 वर्ष व रिंजन मसीह 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी ईश्वर 38 वर्ष, चंद्रशेखर देवांगन 27 वर्ष, पोखराज यादव 24 वर्ष व वीर बाघमार 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी हितेश यादव 19 वर्ष, उमेश यादव 22 वर्ष व सूरज यादव 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी बृजेश साहू 30 वर्ष व श्रीराम चौहान 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी रविश बंछोर 39 वर्ष, अभिषेक गिरी गोश्वामी 37 वर्ष व रवि नायक 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राकेश नायक 40 व रमेश पाल 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी विकेश कुमार सिंह 34 वर्ष, मुकेश सिंह 39 वर्ष, गजानंद विश्वकर्मा 58 वर्ष, कामता प्रसाद पाटिल 32 वर्ष व राजकुमार साहू 36 वर्ष अभनपुर पुलिस ने आरोपी लेखुराम नवरंगे 32 वर्ष, कौशल साव 25 वर्ष व सहदेव साहू 59 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी सोनु यादव 35 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी संदीप पाटले 26 वर्ष, सुसांत साहू 35 वर्ष व संतराम तारक 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अधिकारियों ने ली मतदान करने की सामूहिक शपथ

**रायपुर/नवप्रदेश।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज नगर पालिक निगम रायपुर के खमतराई जलागार परिसर स्थित जोन 1 कार्यालय में जोन 1 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 7 माई 2024 को लोकसभा निर्वाचन में रायपुर लोकसभा क्षेत्र हेतु होने जा रहे मतदान में मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की सामूहिक शपथ ली. शपथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जोन 1 जोन कमिश्नर श्री हितेंद्र यादव द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिलवाई गयी।

### जल विभाग ने वार्ड 29 के गांधी नगर में बोर का शुद्धिकरण

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों के मध्य शुद्ध पेयजल को उपयोग में लाने निरन्तर आव्हान जनजागरण करके किया जा रहा है. इस क्रम में आज नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर सुप्रीति सिंह के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव, अब्दुल नफीस की उपस्थिति में नगर निगम जोन क्रमांक 3 के तहत गुरु गोविन्द सिंह वार्ड नम्बर 29 के गाँधीनगर बस्ती क्षेत्र में अभियान चलाकर जोन जल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बोर को सोडियम हाईपोक्लोराइड एवं ब्लीचिंग पावडर से ट्रीटमेंट करते हुए जल शुद्धिकरण किया गया एवं महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं की टीम ने बस्ती में घर - घर जाकर महिलाओं को बोर के जल को केवल निस्तारी कार्यों हेतु उपयोग करने एवं बोर का जल पीने में कदापि उपयोग नहीं किये जाने का जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से आव्हान किया. महिलाओं को महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जलजनित रोगों के लक्षणो, बचाव के सरल उपायों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जागरूक बनाया।

# रायपुर लोकसभा: तीन विधानसभा में महिला मोर्चा की आवश्यक बैठक

- लोकसभा चुनाव के लिए बैठक में दिए गए आवश्यक मार्गदर्शन
- देश आज मोदीमय हो चुका है- सुनील सोनी

**रायपुर/नवप्रदेश।** लोकसभा के लिए रायपुर जिले के तीन विधानसभाओं की महिला मोर्चा की आवश्यक बैठक लोकसभा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रायपुर सांसद सुनील सोनी ने कहा कि आज पूरा देश मोदीमय हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश तेजी से विकसित राष्ट्र बने की ओर अग्रसर है। आगामी लोकसभा चुनाव में हमें रायपुर सहित छत्तीसगढ़ की सभी लोकसभा क्षेत्र में जीत हासिल कर केंद्र में मोदी जी की सशक्त सरकार बनानी है ताकि पिछले दो कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो काम किए हैं उससे भी बड़े काम उनके तीसरे कार्यकाल में होना है। छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह जी की सरकार ने जो विकास के कार्य किए थे वह कार्य 2018 से 2023 के बीच में पूरी तरह से बाधित हो चुका था। जिसे भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में पुनः ही बनते ही गति देने का काम कर रही है। और मोदी की गारंटी में जो वादे किए थे उनके अधिकांश वादे 100 दिन में ही पूरी हो गए हैं। हमें जनता के बीच जाकर प्रधानमंत्री के 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां को जनता के बीच पहुंचना है। रायपुर लोकसभा प्रभारी संदीप शर्मा ने महिला मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार ने महिलाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की है और उन योजनाओं का लाभ प्रदेश सहित पूरे देश की महिलाओं को मिल रहा है। इस अवसर पर लोकसभा के संयोजक श्री अशोक बजाज जी ने कहा उज्ज्वला योजना से लेकर मातृत्व वंदना योजना सहित लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33त्न आरक्षण से लेकर पंचायत चुनाव में 50त्न भागीदारी महिलाओं की होगी। वहीं दूसरी और प्रदेश की भाजपा सरकार है जो अपनी वादे के मुताबिक प्रदेश की सभी विवाहित महिलाओं को ?1000 प्रतिमाह देने का वादा किया था उसकी भी शुरुआत भाजपा की प्रदेश सरकार ने विगत 10 मार्च को कर दी है। हमें जनता के बीच केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां एवं महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों को लेकर जनता को जागरूक करने एवं कांग्रेस की महिला विरोधी नीतियों को लेकर जनता के बीच जाना है। इस अवसर में श्रीमती मीनल चौबे ने कहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच दूरगामी सोच है वह अपने पहले कार्यकाल से ही महिलाओं की सुरक्षा स्वास्थ्य संबंधी सहित अनेक विषयों को लेकर अनेक योजनाएं बनाए हैं। भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए रेडी टू इट निर्माण का कार्य महिलाओं को सौंपा था जिसे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छीन कर प्रदेश की महिलाओं को बेरोजगार करने का काम किया था। आगामी लोकसभा चुनाव में हमें भ्रष्ट कांग्रेस और उनके गठबंधन के दुष्प्रचार से हमें बचना है और प्रदेश की महिलाओं को इसे अवगत भी करना है। हमें रायपुर लोकसभा में बड़े अंतर से जीत के साथ छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा सीटों में कमल खिलाना है। इस दौरान बैठक में रायपुर लोक सभा की चुनाव कमिटी के महिला संपर्क प्रमुख श्रीमती मीनल चौबे, श्रीमती अंबिका यदु, डॉ. किरण बघेल , तथा रायपुर लोकसभा क्षेत्र की महिला मोर्चा की पदाधिकारी ममतासाहू सीमासाहू, श्रद्धा मिश्रा श्रद्धा मिश्रा कृतिका जैन मिली बनर्जी,सुजाता सुमन सिंह नीलम सिंह , शैलेंद्र परखनिया,अर्चना शुक्ला,मौजूद रही।

# केदार बोले-कांग्रेस की तरह उनकी घोषणाएं भी फर्जी

- कांग्रेस की प्रेस वार्ता पर मंत्री केदार कश्यप का तीखा पलटवार

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की पत्रकार वार्ता पर तीखा पलटवार करते हुए भाजपा के वरिष्ठ मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की कई फर्जी घोषणाओं को छत्तीसगढ़ की जनता ने 2018 के चुनाव में भी सुना था घोषणाएं पूरी नहीं हुई कांग्रेस पार्टी की तरह ही कांग्रेस की घोषणाएं भी फर्जी हैं झूठ का पुलिंदा जनता इसके कई प्रमाण देख चुकी है।

श्री कश्यप ने कहा छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने महिलाओं को ?500 देने का वादा किया था 5 साल में एक भी महिला को ?500 की राशि नहीं दी गई। जिन लोगों ने 5 साल ?500 नहीं दिया अब वह ?8000 प्रति महीना देने का वादा कर रहे हैं और यह कहने में उन्हें किसी प्रकार की कोई शर्म भी नहीं आ रही है यही कारण है कांग्रेस पूरी तरीके से हर जगह से खदेड़ी जा रही है।

श्री कश्यप ने कहा कि किसान के साथ न्याय की बात करने वाली कांग्रेस सरकार जब केंद्र में 10 वर्ष थी तब धान खरीदी का 10 वर्षों में किसानों को कल 4.4 लाख करोड़ ही भुगतान किया था जबकि मोदी जी की सरकार ने 12 लाख करोड़ से ज्यादा का भुगतान किया जब यह सरकार में रहते हैं तब कुछ करते नहीं और जब विपक्ष में आते हैं तो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। युवा न्याय के विषय पर श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं के हक को कांग्रेस ने किस प्रकार मारा किस प्रकार पीएससी घोटाला किया, किस प्रकार नौकरी देने का वादा पूरा नहीं किया, किस प्रकार युवाओं का 15 हजार करोड़ का बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया, किस प्रकार कांग्रेस सरकार से तंग होकर छत्तीसगढ़ के युवाओं को नग्न प्रदर्शन करना पड़ा यह सब ने देखा है और युवाओं ने अपने साथ हुए अत्याचार के खिलाफ ही सरकार को उखाड़ फेंका,युवाओं के साथ इतना अन्याय करने वाली कांग्रेस फिर से युवाओं के साथ न्याय की नई घोषणाएं कर रही हैं यह हास्यप्रद है। श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तो पत्रकारों के सवाल के जवाब में यह तक नहीं बता पाए की कितनी गरीब महिलाओं को वह ?

1 लाख प्रति वर्ष देंगे? क्योंकि देश में अगर वह 50 करोड़ महिलाओं को भी यह राशि देंगे तो उसके लिए 50 लाख करोड रुपए की आवश्यकता होगी और इतना ही देश का एक साल का बजट है अतः यह सभी घोषणाएं कांग्रेस की तरह फर्जी है।

# ऑनलाइन सट्टे के 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा संचालित करने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में दिनांक 31.03.2024 को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत बीरगांव स्थित नगर निगम पास कुछ व्यक्ति चारपहिया वाहन में सेटअप तैयार कर आई.पी.एल क्रिकेट मैच में ऑनलाईन सट्टा का संचालन कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक उरला श्री मणीशंकर चन्द्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना प्रभारी उरला को सटोरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना उरला पुलिस की संयुक्त टीम उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये चारपहिया वाहन की पतासाजी करते हुए वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। वाहन में 04 व्यक्ति सवार थे, वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में लैपटॉप एवं मोबाईल फोन रखा हुआ था। टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्तियों से पूछताछ करने पर व्यक्तियों ने अपना नाम अजय देवांगन, दीपक खंडपुर, खिलेश्वर देवांगन एवं राकेश सिंह राजपूत निवासी रायपुर का होना बताये। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें लैपटॉप एवं मोबाईल फोन को चेक करने पर उनके द्वारा आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सेटअप तैयार कर शुभ-लाभ 0543 नामक एप से सट्टा संचालित करना पाया गया। जिस पर उक्त चारों सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 नग लैपटॉप, 07 नग मोबाईल फोन, नगदी रकम 60,000/- रूपये, लाखों रूपये का सट्टा पट्टी का हिसाब तथा सट्टा संचालन में प्रयुक्त बलेनो कार क्रमांक सी जी/04/पी वी/1659 जुमला कीमती लगभग 7,00,000/- रूपये जप्त कर सटोरियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

# टीबी का समय पर उपचार आवश्यक एम्स में 10 प्रतिशत तक मिल रहे रोगी

**रायपुर/नवप्रदेश।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों ने टीबी के बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए समय पर इसका चेकअप करवाकर उपचार प्रारंभ करने का सुझाव दिया है। वर्तमान में एम्स के पल्मोनरी विभाग में होने वाले टीबी के टेस्ट में 10 प्रतिशत टीबी के रोगी मिल रहे हैं। एम्स के पल्मोनरी विभाग और एनटीईपी सेल के तत्वावधान में टीबी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित सिम्पोजियम में विशेषज्ञों ने टीबी की दवा प्रतिरोधकता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके उपचार के नए दिशा-निर्देशों के बारे में चिकित्सकों को जानकारी दी। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने बताया कि दुनियाभर में टीबी के रोगियों की संख्या को नियंत्रण में रखने का प्रयास किया जा रहा है। एम्स में इसके लिए गुणवत्तापूर्ण उपचार की सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजॉय बेहरा ने बताया कि एम्स में एनटीईपी/आरएनटीसीपी यूनिट ने पिछले वर्ष 3000 से अधिक टेस्ट किए जिसमें लगभग 400 टीबी के रोगी पाए गए। इन सभी को निःशुल्क दवाइयों और टेस्ट के साथ पोषण

पैकेट्स भी प्रदान किए जा रहे हैं। एम्स के चिकित्सक भी रोगियों को अडॉप्ट करके उन्हें स्वस्थ होने में मदद कर रहे हैं। डॉ. बेहरा ने बताया कि 85 प्रतिशत मामलों में टीबी फेफड़ों को प्रभावित करती है मगर 15 प्रतिशत में हड्डी, आंत, मस्तिष्क और अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। टीबी मुख्य रूप से कुपोषण या रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने की वजह से हो सकती है। एचआईवी, डायबिटीज और शराब का अत्याधिक सेवन करने वालों को टीबी होने की संभावना अधिक होती है। सिम्पोजियम में डॉ. सजल दे, डॉ. दिबाकर साहू, डॉ. उज्वला गायकवाड़, डॉ. सरोज पती, डॉ. सबा सिद्दकी, डॉ. विकास, डॉ. साई किरन सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया।

# ननि आयुक्त ने किया कार्यों की प्रगति का अवलोकन

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम रायपुर 6 एमएलडी क्षमता के भाठागांव एसटीपी,75 एमएलडी क्षमता के चंदनीडीह एसटीपी के निरीक्षण सहित सरोना में पुराने कचरे के ढेरों को उपचारित करके हटाए जाने के कार्य की प्रगति का अवलोकन करने सहित इंटेकवेल, चिंगरी नाला निर्माण कार्य की प्रगति को प्रत्यक्ष देखा. आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, कार्यपालन अभियंता अमृत मिशन अंशुल शर्मा, कार्यपालन अभियंता जोन 8 अभिषेक गुप्ता सहित सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में किया. स्थल पर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये.आयुक्त ने

नगर निगम द्वारा भाठागांव में प्रारम्भ 6 एमएलडी क्षमता के एसटोपी ( सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ) के कार्य का निरीक्षण किया. आयुक्त ने सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में पुराने कचरे के ढेरों को उपचारित कर हटाए जाने के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया. आयुक्त ने खारून नदी की व्यवस्थित सफाई सिंचाई विभाग के साथ समन्वय करके शीघ्र करवाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है।

आयुक्त ने चिंगरी नाला के निर्माण कार्य की प्रगति देखी एवं जोन 8 जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियंता को नाला निर्माण कार्य को गतिमान कर सतत मॉनिटरिंग करके शीघ्र प्राथमिकता के साथ गुणवत्तायुक्त तरिके से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। आयुक्त ने 75 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी के कार्य को देखा एवं एसटीपी में उपचारित किये जा रहे जल का औद्योगिक पुनर्पयोग राज्य शासन की मंशानुरूप निर्धारित मानकों के अनुसार शीघ्र सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया।

# गाईड लाईन में 30 प्रतिशत छूट समाप्त करने के निर्णय की चुनाव आयोग में शिकायत

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जमीन गाईड लाइन के दर में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त करने के संबंध में जारी किये गये नये आदेश पर तत्काल रोक लगाये जाने की शिकायत कांग्रेस विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में सम्पुर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जमीन गाईड लाइन के दर में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त करने के संबंध में जारी किये गये नये आदेश पर तत्काल रोक लगाये जाने की अवश्यकता है क्योंकि आचार संहिता पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में लागू है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार के गाईड लाईन के दर

को हटाकर नई गाईड लाईन को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदर्श आचार संहिता के दौरान जारी करने का अधिकार नहीं है, जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जमीन गाईड लाईन की नई दर को आचार संहिता के दौरान लागू करने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग आपत्ति करती है।

मध्यप्रदेश में भी आदर्श आचार संहिता के तहत उक्त जमीन गाईड लाईन से संबंधित नये आदेश पर राज्य निर्वाचन आयोग ने रोक लगाई है। अतः निवेदन है कि उपरोक्त विषयों पर तत्काल रोक लगाते हुये संबंधित के विरुद्ध समुचित कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये और उक्त कार्यवाही से अवगत कराये जाने की कृपा की जाये। ज्ञापन सौपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष देवा देवांगन, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, ऋषभ चंद्राकर उपस्थित थे।

# एनआईटी और रायपुर नगर निगम के बीच होगा एमओयू

- नगर निगम कमिश्नर और एनआईटी के डायरेक्टर के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा और राष्ट्रीय प्रद्योगिकी संस्थान के निर्देशक एन वी रमन्ना राव और प्राध्यापकों के साथ आज महत्वपूर्ण बैठक हुई।इस बैठक में शहरी क्षेत्र में जल भराव,जल निकास व्यवस्था जैसे चुनौतियों को दूर करने में आधुनिक तकनीकों के उपयोग सहित रायपुर शहर योजना के निर्धारण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई । एन आई टी और रायपुर नगर निगम शहरी विकास को नई दिशा देने मिलकर काम करेगा इसके लिए दोनों के मध्य शीघ्र एम ओ यू निष्पादित होगा।

निगम आयुक्त मिश्रा के अनुसार नगरीय क्षेत्र में कचरों के निष्पादन , बारिश के दिनों में जल भराव, समुचित पेयजल की सुलभता जैसे कई विषयों सहित शहर विकास योजना में राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी । इस संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शहर विकास की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई । बैठक में एन आई टी के डायरेक्टर रमन्ना सहित प्रोफेसर डॉ.आर के त्रिपाठी,डॉ. जी डी रामटेकर, डॉ. समीर बाजपेयी, प्रो. सन्याल सहित नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता इमरान खान शामिल हुए। बैठक में भविष्य की कार्य योजना और रोड मैप पर भी चर्चा हुई । एन आई टी और नगर निगम के मध्य एम ओ यू शीघ्र होगा , जिसके पश्चात संस्थान के विषय विशेषज्ञों की देखरेख में शहरी विकास योजनाओं संबंधी मार्गदर्शन आधारित कार्य योजना निर्धारित होगी ।

## सुविचार

हंसने से उम्र बढ़ जाती है। दिल जवान रहता है और शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए जी भर के हंसो। - अज्ञात

# संपादकीय

## अरविंद केजरीवाल के समर्थन में विपक्ष एकजुट

**नई दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बहुचर्चित शराब घोटाले में गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थन में पूरा विपक्ष एकजुट हो गया है। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ने आईएनडीआईए में शामिल विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को मोदी सरकार के खिलाफ एक मुद्दा दे दिया है। इस मौके को भुनाने के लिए सभी विपक्षी पार्टियों के प्रमुख नेता रामलीला मैदान में आयोजित लोकतंत्र बचाओ महारैली में शामिल होने पहुंच गए। इन सभी नेताओं ने मोदी सरकार को निशाने पर लिया और जमकर अपनी भड़ास निकाली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तानाशाही करने का आरोप लगाया और कांग्रेस पार्टी का गुणगान करते हुए कांग्रेस सरकारों की उपलब्धियां गिनाईं। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाते हुए यहां तक चेतावनी दे डाली की यदि फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और वह संविधान को बदलेगी तो देश में आग लग जाएगी। इस महारैली को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने तो अब की बार भाजपा तड़ीपार का नया नारा दे दिया। अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, महबूबा मुफ्ती, डॉ. फारूक अब्दुल्ला आदि अन्य विपक्षी नेताओं ने भी जमकर हमला किया। इन नेताओं ने ईवीएम को लेकर भी सवाल खड़े किए। इस महारैली में भले ही आईएनडीआईए के सभी नेता शामिल हुए थे लेकिन इस महारैली को लेकर उनके बीच मतभेद देखने को मिले। मंच के ठीक सामने अरविंद केजरीवाल की बड़ी तस्वीर लगाई गई थी। जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति उठाई नतीजतन केजरीवाल की फोटो हटानी पड़ी। जहां एक ओर आम आदमी पार्टी के नेता इस महारैली को अरविंद केजरीवाल के समर्थन में आयोजित रैली बता रहे थे। वहीं अन्य विपक्षी दलों के नेता इसे आईएनडीआईए की लोकतंत्र बचाओ रैली सबित करने में तुले हुए थे। सभी वक्ताओं ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध जरूर किया। लेकिन उनके भाषणों में भाजपा ही निशाने पर रही। इस महारैली में सभी ने अपना अपना एजेंडा रखा। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने आईएनडीआईए की ओर से पांच मांगें रखी। तो वहीं अरविंद केजरीवाल की ओर से उनका संदेश पढ़ते हुए उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने आईएनडीआईए की ओर से छह वादे कर दिए। कुल मिलाकर इस महारैली में सभी नेता अपनी अपनी ढफली पर अपना अपना राग अलापते रहे। इस महारैली से आईएनडीआईए में कितनी ऊर्जा पैदा होगी। यह तो वक्त ही बताएगा लेकिन केजरीवाल के बहाने ही सही सभी विपक्षी नेता एकबार फिर एक मंच पर तो एकत्रित हुए। इस महारैली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ज्यादा ही मुखर रहे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सबसे तीखे हमले किए। उन्होंने लोकतंत्र को खतरे में बताते हुए सभी विपक्षी पार्टियों से एकजुट होने का आव्हान किया। जबकि पंजाब में वे खुद कांग्रेस के साथ एकजुटता नहीं दिखा पा रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। यही हाल बंगाल का है वहां भी तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। ऐसी स्थिति में रामलीला मैदान में एकजुटता का जो प्रदर्शन विपक्षी नेताओं ने किया है। उसका आम मतदाताओं पर कितना असर पड़ेगा यह देखना दिलचस्प होगा।

## छत्तीसगढ़ में फिर कोरोना की दस्तक

**छत्तीसगढ़** में 28 मार्च के बाद एक बार फिर कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आ रहे हैं। जो चिंता का विषय है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक कोरोना के 11 नए मरीज मिले हैं। जिनमें से 10 दुर्ग से और एक बालोद से हैं। इसके पहले रायपुर और धमतरी में भी कोरोना संक्रमण के 3 नए मामले सामने आए थे। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि खांसी, बुखार या कोरोना से संबंधित लक्षण नजर आने पर लोग अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर कोरोना संक्रमण की जांच करवा लें। गौरतलब है कि जब देश में कोरोना महामारी फैली थी। तब छत्तीसगढ़ में भी बड़ी संख्या में लोग कोरोना संक्रमण के शिकार हुए थे। और कई लोगों को असमय ही काल का ग्रास बनना पड़ा था। वैसे तो अब कोरोना का टीका सभी को लग चुका है इसलिए कोरोना संक्रमण अब जानलेवा नहीं रहा है। लेकिन कोरोना संक्रमित मरीजों के संपर्क में यदि ऐसे लोग आते हैं जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगाया है उनके लिए कोरोना संक्रमण की चपेट में आना मुसीबत का कारण बन सकता है। हालांकि छत्तीसगढ़ में अभी सिर्फ 14 एक्टिव केस हैं। जो गंभीर चिंता का विषय नहीं है लेकिन गर्मी के मौसम में कोरोना के वायरस तेजी से फैलते हैं। इसलिए इसके संक्रमण को रोकने के लिए अतिरिक्त सावधानी लोगों को बरतनी चाहिए। खांसी बुखार होने पर उसे समान्य न मानकर कोरोना टेस्ट आवश्यक रूप से करवा लेनी चाहिए। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने सभी हेल्थ सेंटरों में इसकी निःशुल्क जांच की व्यवस्था कर रखी है। लोगों को जागरूकता का परिचय देना चाहिए ताकि कोरोना का संक्रमण और ज्यादा न फैल पाएं।

# पीएचडी की बदलेगी अब सूरत-सीरत

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

*अकादमिक पेपर्स में यूनाइटेड किंगडम का आंकड़ा 1.4 मिलियन है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, भारत निकट भविष्य में यूके को पीछे छोड़ देगा। यह बात दीगर है, साइटेशंस में 8.9 मिलियन उद्धरणों के साथ भारत की नौवीं रैंक है। क्यूएस रिसर्च वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने यह रैंकिंग निर्धारित करने के लिए भारत समेत दुनिया के 93 देशों के 1300 से अधिक विश्वविद्यालयों के डेटा का विश्लेषण किया। रैंकिंग निर्धारण में अनुसंधान आउटपुट, शिक्षण गुणवत्ता और नियोक्ता प्रतिष्ठा जैसे कारक शामिल थे। भारत में अनुसंधान का सबसे प्रचुर क्षेत्र इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी है। इसके बाद प्राकृतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और चिकित्सा का स्थान आता है। भारत दो या अधिक मुल्कों के साथ अपने अनुसंधान उत्पादन का 19 प्रतिशत उत्पादन करता है। यह वैश्विक औसत पर 21 प्रतिशत है। इसमें कोई शक नहीं है, भारत दुनिया में सबसे तेज ग्रो करने वाला रिसर्च हब है।*

**पीएचडी** करने की ख्वाहिश रखने वाले युवाओं के लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन-यूजीसी से बड़ी ख़बर आ रही है। या यूं कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए, पीएचडी की चाह रखने वाले के लिए यूजीसी ने अब नई संजीवनी से लबरेज़ नायाब तोहफा दिया है। 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अब केवल एक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा- नेट देनी होगी।

यह नई शिक्षा नीति-2020 का अहम हिस्सा है। उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थान के इस कदम से देशभर में कई प्रवेश परीक्षाओं की अब जरूरत नहीं रहेगी। नेट परीक्षा प्रावधानों की समीक्षा के लिए नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। यूजीसी की हाल ही में हुई 578वीं बैठक के दौरान इस बड़े बदलाव को हरी झंडी दे दी गई। यूजीसी ने इसे जून से ही क्रियान्वित करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है, एनईपी-2020 को लागू करने की सिफारिशों के संग केन्द्र सरकार ने गैर जरूरी बताते हुए एम.फिल. की विदाई कर दी थी। यूजीसी के इस फैसले के बाद देशभर में अब किसी भी सरकारी या प्राइवेट यूनिवर्सिटी में एमफिल की डिग्री नहीं दी जा रही है।

नेट परीक्षा अब तक मुख्य रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर्स की नियुक्तियों की पात्रता तय करने के लिए होती रही है। अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। ऑल ओवर इंडिया पीएचडी में प्रवेश के लिए नेट परीक्षा ही पात्रता होगी। पीएचडी में एडमिशन के लिए रिजल्ट उम्मीदवार के प्राप्त अंकों के साथ परसेंटाइल में जारी किया जाएगा। बताते चलें, अभी तक पीएचडी रेग्यूलेशन एक्ट-2022 के तहत जेआरएफपास स्टुडेंट्स को ही इंटरव्यू बेस पर पीएचडी में एडमिशन मिलता रहा है। यूजीसी की ओर से नए परिवर्तन की गाइडलाइन्स का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है।

नए नियमों के मुताबिक जून, 2024 से यूजीसी नेट योग्य उम्मीदवारों की पात्रता तीन श्रेणियों में होगी। एक- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के संग-संग पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। दो- जो आवेदक जेआरएफ के बिना पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र हैं, लेकिन सहायक प्रोफेसर नियुक्ति चाहते हैं। तीन- वे पूरी तरह से पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के हकदार होंगे। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के लिए दो और तीन श्रेणी में नेट स्कोर का वेटेज 70 प्रतिशत होगा, जबकि 30 प्रतिशत वेटेज इंटरव्यू के जरिए दिया जाएगा। यह इंटरव्यू आवेदक उम्मीदवार की चयनित यूनिवर्सिटी के अंतर्गत होगा। यह प्रमाण पत्र एक वर्ष के लिए वैध रहेगा। यदि आवेदक ने इस समयावधि में प्रवेश नहीं लिया तो इसके लिए वह अयोग्य हो जाएगा।

ऐसे में अभ्यर्थी को पुनः नेट परीक्षा देनी होगी। जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में जय अनुसंधान का जुड़ाव यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का शोध के प्रति समर्पण दर्शाता है, हमारी केन्द्र सरकार वैश्विक रैंकिंग को लेकर कितनी संजीदा है। 2021-22 में पांच साल के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन- एनआरएफ का बजट 50 हजार करोड़ आवंटित हो चुका है। उम्मीद है, शोध के क्षेत्र में तरक्की की नई राहें निकलेंगी। श्री मोदी का मानना है, छात्रों को रिसर्च और इन्नोवेशन को जीने का तरीका बनाना होगा।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के फाइनल में शिरकत कर रहे छात्रों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा था, समाज में नवाचार को अब अधिक स्वीकृति मिल रही है। जय अनुसंधान का जिक्र करते हुए बोले, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागी इसके ध्वजवाहक हैं। जाने-माने शिक्षाविद प्रो. यशपाल का मानना रहा है, जिन शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, न तो शिक्षा का भला कर पाती हैं और न ही समाज का।

आत्मविश्वास से लबरेज़ यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार कहते हैं, यह बदलाव निः संदेह देश में शैक्षणिक खोज और विद्वतापूर्ण उन्नति के लिए अधिक अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में अनमोल योगदान देगा। प्रो. कुमार कहते हैं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए अगले सप्ताह से मूर्त रूप देने जा रही है। इससे न केवल छात्रों को विभिन्न विश्वविद्यालयों की ओर से आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी से राहत मिलेगी, बल्कि इससे परीक्षा संसाधन और खर्चों का बोझ कम होगा। शिक्षाविद मानते हैं, यूजीसी नेट परीक्षा से न केवल आपके अंकों के आधार पर प्रतिष्ठि विश्वविद्यालयों के द्वार खुलेंगे, बल्कि आपको आकर्षक छात्रवृत्ति मिलने का रास्ता भी सुगम हो जाएगा। अब आईआईटी, आईआईएम या दीगर किसी यूनिवर्सिटी में पीएचडी के एडमिशन के लिए अगल से इंट्रेंस एग्जाम देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि देश में अब वन पीएचडी इंट्रेंस एग्जाम फार्मूला लागू हो गया है।

भारत दुनिया में सबसे तेजी बढ़ते अनुसंधान देशों में से एक है। क्यूएस रिसर्च वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 2017-2022 के बीच भारत के अनुसंधान उत्पादन में लगभग 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वैश्विक औसत के दो गुने से भी अधिक है, जबकि वैश्विक औसत 22 प्रतिशत है। इसमें भारत के 66 विश्वविद्यालयों को शुमार किया गया था। चीन, अमेरिका और यूके के बाद दुनिया में भारत का रिसर्च चौथे पायदान पर है। क्यूएस के मुताबिक भारत ने 2017-2022 के बीच 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर्स तैयार किए हैं। इस अवधि में करीब 15 प्रतिशत रिसर्च पेपर शीर्ष जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह खुलासा क्यूएस ने अपनी रैंकिंग में किया है।

## आज का इतिहास

1745 ऑस्ट्रिया और बवेरिया ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किया। 1860 ट्यूरिन में पहली इटली की संसद की बैठक शुरू हुई। 1870 कार्डिफ़जाइंट (माना जाता है कि पालतू मानव) जिप्सम साबित हुआ। 1902 पहला इलेक्ट्रिक फिल्म थियेटर, अमेरिका के लॉस एंजिल्स में खोला गया। 1911 ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो ने देश की पहली राष्ट्रीय जनगणना की। 1912 टाइटैनिक जहाज का समुद्री परीक्षण की शुरुआत हुई। 1935 ग्रेट ब्रिटेन के रॉबर्ट वॉटसन-वाट ने पहली व्यावहारिक रडार प्रणाली का तैयार किया। 1940 ब्रिटेन और डेनमार्क ने एक व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1941 जर्मन और इतालवी सेना ने अंग्रेजों को अजदबिया शहर से बाहर का रास्ता दिखाया। 1942 कांग्रेस ने क्रिप्स मिशन के प्रस्ताव को खारिज किया। 1973 1967 में ओहियो स्टेट बार द्वारा आयोजित एक प्रयोग की निरंतरता के आधार पर लेक्सिस कंप्यूटर-सहायक कानूनी अनुसंधान सेवा शुरू की गई। 1973 लिबरल मूवमेंट दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में लिबरल और कंट्रीलेग से अलग हो गया। 1989 फिलिस्तीन मुक्ति संगठन के नेता यासर अराफात फिलिस्तीन के राष्ट्रपति निर्वाचित। 1995 गाजा में एक विस्फोट में 8 लोग मारे गए, जिसमें हमास के नेता भी शामिल थे।

## पाठकों की बात

### पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### आपको देख कर मैं तो

आपको देख कर मैं तो सब कुछ भूल गया। आगे पीछे जिन्दगी से भटकता चला गया।। आसरा ये जिंदगी बियाबान बन गई देखा। जिन्दगी साये तले बुरी तरह गत बना गया।।

– सुरेश चंद्र रोहरा

### खास पाती | झूठ और फरेब का साथ न दो तो बुरे

झूठ और फरेब का साथ न दो तो बुरे हाँ में हाँ न मिलाओ तो बुरे क्या सच क्या झूठ इसका फैसला कौन करे हर चेहरे पर तो नकाब है फिर बुरे कैसे फित्तरत बुरी कैसे क्यों लगाए कोई तोहमत बिन तोले शब्दों को कैसा अजब खेला है ये कौन सुझाए पहेली ये कौन बुन रहा जाल फरेब के कैसे कोई कहे कौन है साथ कौन खिलाफ कोई कैसे कहे कौन अपना कौन पराया कौन दोस्त कौन दुश्मन कौन फूल बन दे रहा चोट कौन शूल बन कर सब कुछ है बस अनसुलझी पहेली सा जिसके न सच का पता न झूठ का।।

–मीनाक्षी सुकुमारन

### कौन कहता है हिन्दू बुरा है या मुसलमान बुरा है

कौन कहता है हिन्दू बुरा है या मुसलमान बुरा है, हम कहते है, न हिन्दू बुरा है ना मुसलमान बुरा है जहां इमान नही वह इंसान बुरा है । जिस जहां में... कृष्ण की इबादत में रहीम सर झुकाते है। कृष्ण का गुणगान रसखान दिल से सुनाते हैं। राधा की चुनरिया पर सलमा सितारे सजाती है। प्रेमचन्द बच्चो को ईदगाह सुनाते है। परिंदे भी दाना मंदिर में,पानी मस्जिद में जाकर पीते है। इंसानियत की डगर में इंसान की चाहत है, इस जहां में हिन्दू मुसलमान की नही इंसान की कवायद है।।

– मीनू वोहरा

### सुनो देव तपिश थी तुम्हारी

सुनो देव तपिश थी तुम्हारी तभी तो निखरी थी बहुत सवाल थे पर उत्तर की चाह नही थी तुम्हारा आना और जाना दोनो तय था सुनो.. प्रतीक्षा मेरी थी जो तुमने दी वे मेरे हिस्से में आयी जानते हो क्यों? तुममें ठहराव जो नही था इसलिए सफ़ेद गुड़हल सा सहेज लिया मुक्त हथेलियों पर पता है क्यों उनमें ठहराव जो हैं

– सुरेखा अग्रवाल

### जिंदगी के रंगमंच का ये सफ़र

जिंदगी के रंगमंच का ये सफ़र यूं ही चलता रहे कुछ खट्टी. ज्यादा मीठा यादों संग गुजरता रहे एक सिरा हमने थामा है दूजा तुम थाम के रखना बस यूं ही प्यार का सरगम दरमियां बढ़ता रहे।।

– विजय लक्ष्मी राय

### हम ठहरे दीवाने लोग गाते हैं कुछ गाने

हम ठहरे दीवाने लोग गाते हैं कुछ गाने लोग किस्मत अपनी फूटी है चार नहीं दो आने लोग चलते हरदम टेढ़ी चाल जो हैं आज सयाने लोग फूल चमन के मुरझाते फिर भी हैं अनजाने लोग चेहरे पर है इक चेहरा कैसे अब पहचाने लोग रिश्तों का अब मोल नहीं अपने सब बेगाने लोग प्यार हुआ अब कारोबार कहते हैं अफ़साने लोग 'ऐनुल' ग़म के मारे ही जाते हैं मैख़ाने लोग।

–ऐनुल' बरौलवी

### हुस्न-ओ-हया से सरोबार देखे हमने

हुस्न-ओ-हया से सरोबार देखे हमने,, नाज़- ओ- अदा बेशुमार देखे हमने,, चेहरे जो देवों से पूजे जा सकते थे, राहे- इश्क में दरकिनार देखे हमने,, कहीं खामोशी खुद को सज़ा दे रही,, कहीं पे जश्न सरे-बाज़ार देखे हमने, डिग्रियां अलमारी में हज़ार रखे लोग, ज़हन ओ दिल से बीमार देखे हमने,, एक ही शख्स को दुनिया मानने वाले, सैंकड़ों कश्तियों में सवार देखे हमने,,

– अनिल अनमोल शर्मा

### दुःख हो तो वो किसको कितना भाता

दुःख हो तो वो किसको कितना भाता है जीवन में खुशियों का भी पल आता है सुख दुःख यूँ तो आते जाते जीवन में इनका तो जन्मों जन्म पुराना नाता है।

–संजय कुमार गिरि

## प्रेरक प्रसंग

### निंदक नियरे राखिए

**एक** बार महाराष्ट्र की एक पत्रिका में गाँधी जी की बुराई की गई। एक भद्र महिला को इससे बड़ा दुःख हुआ। उसने गाँधी जी को लिखा- मराठी पत्र-पत्रिकाओं में आपके खिलाफ लगातार जो झूठा और विषैला प्रचार चल रहा है, वह असह्य है। आप इस विषय में बिल्कुल मौन हैं, इसलिए हमें कोई मार्ग नहीं सूझता है। गाँधी जी ने उत्तर दिया- महाराष्ट्र के बहुत-से मित्रों द्वारा मेरे विरोध में जो प्रचार चल रहा है, उससे मैं अनभिज्ञ नहीं हूँ, पर मैं क्या करूँ ? इस देश में बहुत से ऐसे भी मित्र हैं, जो मेरी बहुत अधिक प्रशंसा करते हैं। निंदा का बुरा मानना क्या और प्रशंसा से फूल जाना क्या ? न तो मैं निंदा से घट जाता हूँ और न प्रशंसा से बढ़ जाता हूँ। जैसा हूँ, वैसा ही रहूँगा। अपने सिरजनहार की दृष्टि में मनुष्य सच्चा बना रहे, तो फिर उसे किसी बाहरी निंदा-स्तुति की चिंता नहीं करनी चाहिए।

## QUIZ TIME

1) मध्यप्रदेश के सागर के आंचलिक क्षेत्रों में दीपावली के अवसर पर कौन सा लोकनृत्य प्रचलित है?

2) चित्रकूट धार्मिक स्थल को किस एक अन्य नाम से भी पहचाना गया है?

3) मुकुल किसकी प्रसिद्ध साहित्यिक रचना है?

4) दीवार पर मिट्टी से बनाई जाने वाली नोहडोरा अलंकरण किस जनजाति की विशेषता है?

5) हाल ही में, कौन कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा ग्लोबल इंडियन अवार्ड से सम्मानित होने वाली प्रथम महिला बनी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सैला नृत्य (2) रामगिरि (3) सुमित्रानंदन पंत (4) गोंड (5) सुधा मूर्ति

## शब्द सागर

### शब्द सामर्थ्य -014

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 013 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:21, सूर्यास्त : 06:40, चन्द्रोदयः : 25:27, चन्द्रास्तः :10:25,

**अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)**

ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : पूर्वाषाढ, योग : परिघ, प्रथम करण : विष्टि (09:25 तक), द्वितीय करण : बव (21:09 तक)

**॥ गोचर ग्रहाः ॥**

सूर्य : मीन, चंद्र : धनु, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**

अभिजित मुहूर्त : 11:56 से 12:46, अमृत काल : 16:44 से 18:21, रवियोग : 06:06 से 23:12, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:16, गोधूलि मुहूर्त : 18:34 से 18:57, सायाह्न सन्ध्या : 18:36 से 19:45, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:43, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 10:47 से 12:21, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : पाताल (09:25 तक), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : श्मशान में (21:09 से गौरी के साथ)।

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेषः** आज आपके मन के विपरीत घटनाएं दुखी करेंगी। धार्मिक कार्यो की वजह से कार्य क्षेत्र से समय निकालना पड़ेगा ।

**वृषः** आज का दिन आपको मिश्रित फल देगा। प्रातः काल में शारीरिक रूप से शिथिलता रहेगी जिससे कार्यो के प्रति गंभीरता नहीं आएगी परिश्रम करने में असमर्थ रहेंगे परन्तु परिस्थियों को देखते हुए कार्य में जुटना पड़ेगा।

**मिथुनः** आज का दिन अनुकूल रहने से अधूरे कार्य पूर्ण होंगे धन की भी आमद होने से मानसिक रूप से संतोष रहेगा।

**कर्कः** आज का दिन घरेलु सुखों में वृद्धिकारक रहेगा परन्तु आज धन अधिक खर्च होने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी।

**सिंहः** आपका आज का दिन भागमभाग में बीतेगा फिर भी सामान्य से उत्तम रहेगा। महिलाये अधिक कार्य के कारण असहज महसूस करेंगी फिर भी सभी कार्य समय से पूर्ण कर लेंगी।

**कन्याः** आज के दिन आप अनर्गल प्रवृतियों में पड कर मूल उद्देश्य से भटक सकते है इससे मान हानि के साथ समय की बर्बादी भी निश्चित होगी।

**तुलाः** आज दिन के पूर्वार्ध में आप कार्य क्षेत्र एवं परिचितों से काफी आशाएं रखेंगे मध्यान के पहले तक इनसे लाभ हो सकता है।

**वृश्चिकः** आज के दिन आप कार्यो के प्रति बेपरवाह अधिक रहेंगे कार्य क्षेत्र पर बेमन से कार्य करते हुए भी लाभ कमा सकेंगे।

**धनुः** आपका आज का दिन शुभफलदायी रहने वाला है। स्वास्थ्य थोड़ा नरम रहेगा फिर भी इस कारण से दैनिक कार्यो में बाधा नहीं आएगी।

**मकरः** आज के दिन का आधा भाग प्रतिकूल रहेगा लेकिन फिर भी धर्म-कर्म में आस्था रहने से मानसिक रूप से विचलित नहीं होंगे।

**कुंभः** आज के दिन आप शारीरिक रूप से चुस्त रहने के साथ-साथ अधिक व्यस्त भी रहेंगे।

**मीनः** आज के दिन आपकी जमा पूंजी में कमी आने के संकेत है।

## नया बस स्टैंड के पार्किंग स्थल पर मृत मिला युवक

**दुर्ग/नवप्रदेश।** नया बस स्टैंड स्थित वाहन पार्किंग स्थल पर सोमवार की सुबह एक युवक का चोटिल अवस्था में शव मिला। जिससे हत्या की आशंका को लेकर क्षेत्र में सनसनी

फैल गई थी, लेकिन पुलिस जैसे ही मामले की जांच में आगे बढ़ी तो यह मामला कुछ अलग ही निकला। पुलिस के मुताबिक मृतक की जावेद खान 40 वर्ष पिता अय्युब खान सुभाषनगर निवासी के रुप में पहचान की गई है। वह मिर्गी बिमारी से पीड़ित था। बताया गया है कि मृतक जावेद खान नया बस स्टैंड के वाहन पार्किंग स्थल आया था। इस दौरान उसे मिर्गी का दौरा आया और लोहे के एंगल में गिर गया। जिससे उसके सिर व मुंह में गंभीर चोंटे आई। घटना के दौरान जावेद खान पर किसी की नजर नही पड़ने से उसे समय पर मदद नहीं मिली। जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दी। घटना की सूचना पर मृतक जावेद खान का भाई भी घटनास्थल पहुंचा था। उसने भाई के मिर्गी से पीड़ित होने की पुष्टि की। बहरहाल पद्मनाभपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच पर लिया है।

## अष्टमी पर भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण, समिति तैयारियों में जुटी

**कुम्हारी/नवप्रदेश।** कुम्हारी बड़े तालाब स्थित ग्राम देवी मां शीतला मंदिर प्रांगण में

आज शीतला अष्टमी के अवसर पर भक्तों द्वारा मां की विशेष पूजा व दिन भर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन प्रति वर्ष चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी के अवसर पर जय माँ शीतला सेवा समिति के तत्वावधान में किया जाता है इस दिन माँ शीतला की विशेष पूजा आरती व हवन पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक समिति द्वारा जसगीत का कार्यक्रम भी रखा गया है जिसमें नगर के विभिन्न प्रसिद्ध जस भजन मंडलियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी यह जानकारी समिति के सदस्य रामकुमार चक्रधारी, अनिल सोनकर व रवि सोनकर ने दी।

## मृतक के परिजनों को मिली आठ लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग/नवप्रदेश।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंप-2 बैकुण्ठ नगर भिलाई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी धरमनाथ महतो की विगत 16 मई 2021 को आग में जलने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग निवासी ममता पटेल की विगत 11 जून 2020 को आग में जलने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. धरमनाथ महतो की पत्नि श्रीमती सुनैना देवी को 4 लाख रूपये एवं स्व. ममता पटेल की पति श्री रवेन्द्र कुमार पटेल को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## 'रन फॉर वोट' मैराथन का आयोजन आज

**दुर्ग/नवप्रदेश।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) अंतर्गत कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के बैनर तले 'रन फॉर वोट' मैराथन का आयोजन भिलाई (टाउनशिप) सेक्टर एरिया (टाउन शिप) में 2 अप्रैल को 7.30 बजे से किया जाएगा। यह मैराथन भिलाई सेक्टर-9 हॉस्पिटल चौक से प्रारंभ होकर सेन्ट्रल ऐवेन्यू रोड होते हुए सेक्टर 10 ग्लोब चौक से वापस सेक्टर 9 हॉस्पिटल चौक में समाप्त होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री अश्वनी देवांगन ने आयोजन को सफल बनाने हेतु निर्धारित तिथि को सुबह 7 बजे एथलीट टीम के साथ उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को मतदान दिवस नि:शुल्क परिवहन सुविधा

**दुर्ग/नवप्रदेश।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उसके आवास स्थल तक निःशुल्क वाहन व्यवस्था रहेगी। उक्त वाहन को मतदाता रथ का नाम दिया जाएगा। इस पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर चस्पा रहेगा। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस पर दिये जाने वाली निःशुल्क वाहन व्यवस्था हेतु उप संचालक समाज कल्याण विभाग प्रभारी अधिकारी होंगे।

# जय हनुमान व्यायाम शाला कुम्हारी के खिलाड़ियों का खिताब पर कब्जा

**कुम्हारी/नवप्रदेश।** चौथे साईं क्लासिक मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन भिलाई सेक्टर 6 पावर जिम में किया गया इस आयोजन के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के अनुज श्री संजय बघेल जी थे।

इस प्रतियलगिता मे कुम्हारी के जय हनुमान व्यायाम शाला के खिलाड़ियों ने फिर दिखाया अपना दम 65 किलो वर्ग समूह में विवेक शाह ने बेस्ट इंप्रूवर बॉडीबिल्डर के खिताब पर कब्जा किया वही मेन फिजिक् में मधुर वैष्णव ने कस्य पदक पर कब्जा किया इसकी जानकारी जय हनुमान व्यायाम शाला के कोच और पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ रहे प्रदीप झा ने दी उन्होंने बताया कि कुम्हारी में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए विजेता खिलाड़ियों को बिल्डर श्री संदीप चंद्राकर (सार्थक ग्रुप) ने 3100 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की, वही टिंबर मर्चेंट पावरलिफ्टर विकास शुक्ला जी ने विजेता खिलाड़ियों को ?2100 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। कोच श्री प्रदीप झा ने बताया कि हमारे खिलाड़ियों को जिस तरह से आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है उससे हमारे खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम देश-विदेश में रौशन करेंगे।

# रूआबांधा दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर का अभिषेक

**भिलाई नवप्रदेश।** भिलाई के समस्त दिगंबर जैन मंदिर के सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति के मध्य रविवार को भगवान 1008 महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर भिलाई के समस्त दिगंबर जैन मंदिर मैं प्रत्येक रविवार को सामूहिक अभिषेक सकल जैन समाज और जैन युवा संघ के युवाओं द्वारा अभिषेक किया गया जहां दिनांक 10 मार्च से प्रारंभ नेहरु नगर दिगंबर जैन मंदिर, वैशाली नगर, श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 06 मंदिर, में रविवार को अभिषेक शांति धारा संपन्न हुई थी।

आज बहुत ही धार्मिक उत्साह के मध्य हुआ रुआबांदा जैन समाज के एवं भिलाई के समस्त दिगंबर जैन मंदिर के सैकड़ो भक्तों ने मंगल अभिषेक किया।

श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जी के अष्टधातु की प्रतिमा के समक्ष शांति धारा करने का सौभाग्य राजेश सुपर बाजार के राजेश जैन मुकेश जैन अभिषेक जैन एवं श्री रूआबांधा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर मंदिर के प्रथम शीलान्यासकरता ट्ठसुयश सागर महाराज जी के परिजन प्रदीप प्रमोद अरुण अक्षत जैन बाकलीवाल, Avm. डॉ आर के जैन ने शांति धारा किया।

इस अवसर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर रूआबांधा के अध्यक्ष भूपेंद्र जैन, महामंत्री राजीव जैनको, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश जैन, राहुल जैन राजेश जैन संजय जैन राजेंद्र जैन संजीव जैन प्रमोद जैन सुधीर जैन अनिल जैन वीके शाह मुकेश जैन अभय जैन. सुरेंद्र जैन अजीत जैन अरविंद जैन आदि भक्तों ने अभिषेक पूजन किया एवं महिलाओं ने बहुत ही आकर्षक पूजन की थाल सजाकर अष्ट द्रव्य समर्पित किया।

## मोरिद में दो दिन का पानी शेष, आयुक्त ने लिखा पत्र

### हर हाल में शुद्धता जांच हो

मोरिद फिल्टर प्लांट से पुरैना और डुंडेरा की लगभग 20 हजार आबादी को पेय जल उपलब्ध कराया जाता है। ग्रामीण परिवेश वाले दोनो ही जगहों पर दो समय नल के माध्यम से पानी दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि पानी की शुद्धता हर रोज जांच की जाए। इसमें कोताही न बरते।

**रिसाली/नवप्रदेश।** बढ़ती गर्मी और पेय जल समस्या को देखते हुए निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने सिंचाई विभाग को पत्र लिख पानी की मांग की है। सोमवार को मोरिद जलाशय व फिल्टर प्लांट का निरीक्षण की। यहां से डूंडेरा और पुरैना के नागरिकों को पेय जल उपलब्ध कराया जाता है। खास बात यह है कि मोरिद जलाशय में केवल 2 दिन का पानी शेष है।

निगम आयुक्त मार्निंग विजिट के तहत मोरिद पहुंची। यहां पर उन्होंने पहले इंटक वेल देखी। जलाशय में पानी कम होने पर विभाग प्रमुख से पानी डिमांड पत्र भेजे जाने संबधी पूछ ताछ की। अधिकारियों ने बताया कि पत्र के अलावा स्मरण पत्र भी भेजा जा चुका है। आयुक्त ने तत्काल निर्देश दिए कि पुनः पत्र लिख पानी की मांग की जाए। आयुक्त ने इसके बाद रिसाली निगम का फिल्टर प्लांट का निरीक्षण की। पेयजल शुद्धिकरण में मिलाए जाने वाले एलम के स्टाक के बारे में जानकारी ली।

### समय में पूरा हो काम

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने डुंडेरा, जोरा तराई में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण भी की। इस दौरान उन्होंने स्कूल में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का अवलोकन की। उन्होंने निर्देश दिए कि जून तक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाए। ताकि नए भवन का लाभ बच्चो को मिल सके।

# पोलसाय तालाब पंहुच आयुक्त ने देखी स्थिति, प्रतिदिन सफाई के दिए निर्देश

**दुर्ग/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर निगम स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व अमला के साथ तालाबों के निरीक्षण करने पंहुचे। नगर निगम क्षेत्र के तालाबों को संवारने का काम किया जा रहा है। इसी के तहत आज पोलसाय पारा तालाब की साफसफाई के निर्देश अधिकारी को दिए।सोमवार को निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने पोलसायपारा तालाब एवं क्षेत्र सहित स्टेशन रोड का निरीक्षण कर जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने दुर्ग निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तालाबों को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को दिए हैं।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज

- **आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण**

**दुर्ग//नवप्रदेश।** दुर्ग में 7 मई को लोक सभा चुनाव की तैयारियाँ तेज,नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने उपआयुक्त मोहेंद्र साहू के साथ सुराना कॉलेज एवं चंद्रशेखर आजाद स्कूल के मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान पूर्व दीवारों पर लिखे ( लिखन ) वॉल पेंटिंग सहित आदि का अवलोकन किया।नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लगभग 224 मतदान केन्द्र है,जिसमे लगभग 75 परिसर में 224 मतदान केंद्र है।जिसमे आयुक्त ने सुराना कालेज के 3 मतदान केंद्र व चंद्रशेखर स्कूल

6 मतदान का अवलोकन कर वॉल राइटिंग के साथ-साथ मतदान केंद्रों में टॉयलेट,पेयजल, रैंप,नागरिको के लिए छाया सहित साफ सफाई के अलावा मूलभूत सुविधाओं के लिए मौजूद संबंधित राजस्व निरीक्षक नारायण सिंह यादव से जानकारी रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एवं दुर्ग जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देशों का अनुपालन करें।आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आयुक्त द्वारा पहुंचकर मतदान केंद्रों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान से पूर्व ही सभी केंद्रों पर खामियों को दुरुस्त किया जाए। मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए युवा एवम महिला मतदान केंद्रों को भव्य रूप से सजाया जाए।

# भ्रष्ट्राचार को उजागर कर बस्तर के चहुंमुखी विकास के लिए महेश है जरूरी : रिकेश

- **डबल इंजन की सरकार बस्तर के विकास की गति में निभाएगी अहम् भूमिका**
- **जगदलपुर में वैशाली नगर विधायक रिकेश का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत**

**भिलाई/नवप्रदेश।** पिछले 5 सालों में बस्तर समेत पूरे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार किया है, उन भ्रष्टाचारों को उजागर करने, बस्तर का चहुंमुखी विकास करने, नई ट्रेनों की सौगात लाने इन सभी मुद्दों को लेकर बीजेपी ने चुनाव मैदान में महेश राम कश्यप को प्रत्याशी बनाया है। पूरे देश में मोदी लहर है और बस्तर में भी केंद्र सरकार ने जो विकास किया है, उन सभी मुद्दों को लेकर बीजेपी चुनाव लड़ रही है।

उक्त बातें वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क के दौरान जगदलपुर में कहीं। उन्होंने आह्वान किया कि छत्तीसगढ़ से भाजपा को सबसे बड़ी जीत दिलाने बस्तर का एक एक कार्यकर्ता और वोटर कमर कस कर तैयार है। बस्तर के चहुंमुखी विकास की गति को डबल इंजन की तेजी और शक्ति देने के लिए महेश और मोदीजी सबसे अहम कड़ी हैं। आज सुबह से उन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में कोंडागांव, नारायणपुर और कोंटा में कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित किया।

इस दौरान जगह-जगह विधायक रिकेश का सेन समाज के प्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। श्री सेन आगामी तीन दिनों तक विभिन्न बैठकों को सम्बोधित करने के बाद क्षेत्र में महेश राम कश्यप के लिए जनसम्पर्क भी करेंगे। बस्तर को आदिवासी और उड़िया संस्कृति का अनूठा मिश्रण बताते हुए श्री सेन ने बड़ी संख्या में मौजूद नाई समाज प्रमुखों की भी बैठक लेकर मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलवाया।

उन्होंने कहा कि महेश कश्यप को जितने अधिक मतों के अंतर से आप सभी सांसद बनाएंगे मोदीजी उससे चौगुना विकास बस्तर का करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने नाई समाज से पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुरजी को भारत रत्न देकर पिछड़ा वर्ग का मान बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ से लोकसभा की सभी 11 सीटों पर भाजपा को भारी मतों से जीता कर मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हम सभी संकल्पित हैं।

छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन के निर्देश पर रविवार को बस्तर प्रवास पर पहुंचे विधायक रिकेश सेन का जगह जगह भव्य स्वागत हुआ। वे अगले तीन दिन तक बस्तर की अलग अलग विधानसभा सीटों पर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप के लिए जनसम्पर्क रैली

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4**
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ - जिला-दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00023 महमरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324430100600012

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम महमरा के वर्तमान भूमिस्वामी वंदना ध.प. पिता/पति-भारतेन्दू पता-गवलीपारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 215/1 (0.0132) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता श्रीमती नीतू गुप्ता पिता/पति-पति श्री संजय गुप्ता पता-महमरा के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/04/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, तहसील दुर्ग

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202403104300056
अ-2/ वर्ष 2024 ग्राम - कुम्हारी, प.ह.नं.12, तहसील भिलाई 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप वर्मा पिता भीम वर्मा व अन्य 02, जाति- कुर्मी, निवासी- कैवल्य धाम कुम्हारी द्वारा ग्राम कुम्हारी, प.ह.नं 12, रा.नि. मं. - कुम्हारी, तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ख.नं. 1556/5, रकबा 0.032 हे., लगान 0.05 रूपये को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 01.04.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 01.04.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-03

---

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग**
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324430103900072

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी जगतू पिता पिताम्बर यादव पिता/पति-पता-दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 992/4 (0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सियाराम पिता/पति- स्व. जगतूराम यादव पता-शिक्षकनगर, स्वामी विवेकानंद दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. //अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्यारे लाल पिता आनंदराम निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि ख.नं. 9032 रकबा 0.0200 हे. भूमि आवेदक के पिता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08.04.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर

---

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. अ-6/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल लोनारकर पिता स्व. नरहरि लोनारकर निवासी ग्राम शंकर नगर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1213/11 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता नरहरि लोनारकर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 17/04/23 को पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 15/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक 27/03/2024
सुनवाई दिनांक 15/04/2024

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2**
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324430107400052

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी केन्द्रीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति दुर्ग पिता/ पति-पता-कर्मचारी नगर सिकोला के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 54/3 (0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता उज्जवल लता सरोज पिता/पति-पिता स्व.डी.जे.बागडे पता-निवासी - वार्ड नं. 16, क्वा.नं.सी.- 15, कर्मचारी नगर, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, उपतहसील बोरी (तहसीलधमधा)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

राजस्व प्र.क्र. / 202403210200091/ अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम मगरचबा प.ह.नं. 06 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)

सर्वसाधारण जनता ग्राम मगरचबा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल इंडस्ट्रीज भागीदार आदित्य भट्टर पिता नरेश भट्टर जाति मारवाड़ी निवासी ग्राम बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम मगरचबा प.ह.नं. 06 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 270/1 रकबा 0.050 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है । उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 592) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 12/04/2024 को मेरे न्यायालय में स्वत उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बलौदाबाजार

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

राजस्व प्र.क्र./202403210200090/ अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम मगरचबा प.ह.नं. 06 तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण जनता ग्राम मगरचबा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक पोषण लाल पिता बिहारी लाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम सकरी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग) द्वारा ग्राम मगरचबा प.ह.नं. 06 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 269/3 रकबा 0.010 हे. (1300 वर्गफीट) भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 592) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 12/04/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बलौदाबाजार

# इंडिगो का छत्तीसगढ़ में विस्तार, जगदलपुर से शुरू की उड़ान

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारत के पसंदीदा कैरियर, इंडिगो ने अपने 6ई नेटवर्क में जगदलपुर को शामिल कर लिया है। यह देश में 87वाँ और विश्व में 120वाँ स्थान बन गया है, जहाँ इंडिगो की उड़ान सेवा उपलब्ध है। इंडिगो ने 31 मार्च, 2024 से हैदराबाद और 01 अप्रैल, 2024 से रायपुर के लिए अपनी उड़ान सेवा शुरू कर दी है। इस महत्वपूर्ण लॉन्च से अंतरराज्यीय पहुँच बढ़ेगी, और क्षेत्र में आर्थिक विकास आएगा, तथा यात्रियों को आगामी गर्मियों के दौरान उड़ान के ज़्यादा विकल्प मिल सकेंगे।

इंडिगो के हेड, ग्लोबल सेल्स, श्री विनय मल्होत्रा ने कहा, हमें जगदलपुर से अपनी उड़ान सेवा शुरू करने की खुशी है। जगदलपुर को वाणिज्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्रों, हैदराबाद और रायपुर से जोड़ने वाले इन नए मार्गों से पर्यटन और व्यापार बढ़ेगा तथा देश के अन्य हिस्सों तक पहुँच का विस्तार होगा। अब ग्राहक देश में अपने पसंदीदा स्थानों की यात्रा कर सकेंगे और हैदराबाद से होते हुए अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर भी जा सकेंगे। भारत के अग्रणी कैरियर के रूप में, हम ग्राहकों को अपने 6ई नेटवर्क द्वारा सुगम कनेक्टिविटी और किफायती, ऑन-टाइम, विनम्र एवं सहज यात्रा का

अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जगदलपुर छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित है। यह एक खूबसूरत शहर है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए मशहूर है। यहाँ कई झरने, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन मंदिर हैं, इसलिए यह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

सिटी ऑफपर्ल्स, हैदराबाद में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल, जैसे चारमीनार, यूनेस्को एशिया प्रशांत विरासत स्थल, चौमहल्ला पैलेस और सालार जंग म्यूज़ियम हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े निजी संग्रह वाले म्यूज़ियम्स में से एक है। अपने स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए मशहूर हैदराबाद ग्लोबल आईटी केंद्र के रूप में भी उभर रहा है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्टील के सबसे बड़े बाजारों में से एक है। इसका नाम देश के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्रों में आता है। रायपुर में 200 से ज्यादा स्टील मिलें और छह स्टील प्लांट हैं। रायपुर में कई खूबसूरत झीलें, प्राचीन मंदिर और टेराकोटा उद्योग हैं। यहाँ की सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध है। रायपुर के सबसे आकर्षक पर्यटक स्थलों में महंत घासीदास मेमोरियल म्यूज़ियम, दूधाधारी मठ और मंदिर, महामाया मंदिर, हाजरा झरना, विवेकानंद सरोवर, केवल्य धाम, घटरनी वॉटरफॉल आदि शामिल हैं।

ग्राहक हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.goIndiGo.in या हमारे ऐप के माध्यम से टिकट बुक करके यात्रा की योजना बना सकते हैं।

## न्यूज गैलरी

### अब तक 28 करोड़ की नगदी और वस्तुएं जप्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 31 मार्च तक की स्थिति में 28 करोड़ 34 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 8 करोड़ 12 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 31 मार्च तक 22 हजार 775 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है, जिसकी कीमत 52 लाख रुपए है। साथ ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए कीमत की 827 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जप्त की गई है। सघन जांच अभियान के दौरान 94 लाख रुपए कीमत के 23.15 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जप्त किए गए हैं।

### डुबान क्षेत्र में ओंकार साहू के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रचार

**धमतरी/नवप्रदेश।** कांग्रेसियों ने रविवार 31 मार्च को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के समर्थन में जनसंपर्क अभियान विधायक ओंकार साहू के नेतृत्व में चलाया गया। कांग्रेसी धमतरी विधानसभा के अंतिम छोर डुबान के ग्राम मोंगरागहन, कोडेगांव, भिड़ावर, बारगरी पहुंचे। यहाँ के लोगों से मिले उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कांग्रेस की न्याय गारंटी योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया । कृषि क्षेत्र में सही दाम, कर्ज माफी आयोग, बीमा भुगतान निर्यात खेती, मुक्त खेती, श्रमिक न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय, हिस्सेदारी न्याय के अलावा कांग्रेस के भूपेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए किए गए कार्यों से आम जनता को अवगत कराते हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में एवं केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने जनता से अपील की गई। विधायक ओंकार साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम साहू, तानाजी राव रणसिंह, महिला सचिव अम्बिका सिन्हा, सरपंच दिलीप ठाकुर, सेक्टर अध्यक्ष सन्तोष ध्रुव, युवा नेता हरीश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गोरेगांव स्कूल में उपसरपंच के पुत्र के जन्मदिन पर न्योता भोज

**नगरी/नवप्रदेश।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला गोरेगांव में सोमवार 1 अप्रैल को श्रीमती धनेश्वरी अटलखांम उप सरपंच गोरेगांव के द्वारा अपने सुपुत्र प्रदीप अटलखांम के जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोज दिया गया। शाला परिवार गोरेगांव ने भोज दाता को शुभकामनाएं संस्था के प्रधान पाठक के पी साहू, चुलेश्वरी पायल शिक्षक राकेश कुमार कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू रूपवती पटेल ने दी है।

# सी-विजिल के माध्यम से मिली 197 शिकायतों का निराकरण

- आम नागरिकों से आचार संहिता के उल्लंघन की मिल रही लगातार शिकायतें

**रायपुर/नवप्रदेश।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल एप (सिटिजन विजिल एप) पर लोगों से प्राप्त हो रही शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। 1 अप्रैल तक की स्थिति में सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त सभी 197 शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें सी- विजिल के माध्यम से मिल रही हैं। सी-विजिल पर मिलने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रीना बाबासाहेब कंगाले स्वयं प्रतिदिन मिलने वाली शिकायतों पर हुई कार्रवाई की निगरानी कर रही हैं।

### सशक्त बनाया गया है सी- विजिल एप्लीकेशन

लोकसभा निर्वाचन - 2024 के दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी- विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफएवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे।

### फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो भेजें

यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है।पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइड/आईओएस दोनो पर उपलब्ध है। सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी।

### किसी को कार्यालय जाने की जरूरत नहीं

सीविजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक निर्वाचन अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना ही आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सीविजिल एक आसान ऐप है जो प्रयोक्ता अनुकूल तथा उपयोग करने में आसान है। यह एप्लिकेशन सतर्क नागरिक को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी तथा फिल्ड सत्यापन इकाई ( उड़न दस्ते / स्थैतिक निगरानी दलों) से जोड़ती है जिसके द्वारा एक तेज तथा सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई एवं अनुवीक्षण तंत्र तैयार होता है।

### नागरिक ऐसे कर सकते हैं शिकायत

गूगल प्ले स्टोर /एप्पल स्टोर से सीविजील एप डाउनलोड करें। नागरिक या तो मोबाइल नम्बर और ओटीपी के माध्यम से लाग-इन कर सकते हैं या गुमनाम रूप से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का फोटो/वीडियो/आडियो कैप्चर करें। पूर्व से रिकार्ड किए गए फोटो/वीडियो/आडियो अपलोड नही किए जा सकते।

# रक्तदान कर अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र की आदिवासी महिला की बचाई जान

- सीमा सुरक्षा बल 133वीं वाहिनी के जवानों की मार्मिक पहल

**दुर्ग/नवप्रदेश।** सीमा सुरक्षा बल की 133 वी वाहिनी के जवानों ने रक्तदान कर ग्राम बैहासाल्हेभाट पोस्ट-कोलार, जिला-कांकेर की एक आदिवासी महिला की जान बचाई। आदिवासी महिला गीतिला जिसका इलाज दुर्ग के सरकारी हॉस्पिटल मे चल रहा है, जिसके पैर में घाव होने के कारण डॉक्टरों ने पैर का ऑपरेशन करपैर को काटना पड़ा।

ऑपरेशन के बाद महिला को (ओ पॉजिटिव) रक्त की आवश्यकता थी जिसके लिए

परिजनों ने सीमांत मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, भिलाई से सम्पर्क किया। इस मुख्यालय के अन्तर्गत 133वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तत्काल रक्तदान करके आदिवासी महिला की जान बचाई। सीमा सुरक्षा बल के इस सराहनीय कार्य के लिए महिला मरीज के परिजनों ने बल का धन्यवाद किया।

### नक्सल मुक्त बनाने जान की बाजी लगा रहा बल

सीमा सुरक्षा बल के जवान अपनी जान की बाजी लगाकर देश को नक्सल मुक्त बनाने में लगे है वही दूसरी ओर जरूरत पड़ने पर समाज कल्याण की हर जिम्मेदारी को दृढ संकल्प के साथ निभाते हुए हर कदम पर अपनी वीरता का परिचय दिया है। सीमा सुरक्षा बल सामरिक मुख्यालय (विशेष संक्रिया) छत्तीसगढ़ के महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह, भापुसे ने कमांडेंट 133वीं वाहिनी, वीरेन्द्र कुमार गिरी और जवानों के इस नेक कार्य की सराहना की। उन्होंने संदेश दिया कि जनता की सुरक्षा और सेवा सीमा सुरक्षा बल के लिए सर्वोपरि है और भविष्य में भी हम ऐसा कार्य करते रहेंगे।

## होली मिलन में फाग गीतों की बयार

**कवर्धा/नवप्रदेश।** रविवार 31 मार्च को नवीन विप्र सामुदायिक भवन कवर्धा में सामाजिक होली -मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम जी के तैलचित्र में माल्यार्पण कर पूजन किया गया। समाज के गणमान्य लोगों द्वारा जमकर ढोल नगाड़े की थाप पर फाग गीत के साथ रंग-गुलाल तथा फूलों की होली खेली गई। एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। गायन एवं वादन में गोपी दास मानिकपुरी एवं सन्तोष ठाकुर का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मनीष(बंटी) तिवारी ,सचिव सुरेश शर्मा,टीआर तिवारी,बीपी पान्डे , सिद्धु तिवारी,राजेश शुक्ला,नंद कुमार शर्मा,अश्वनी पांडेय,चन्द्रशेखर शर्मा ,सन्तोष शुक्ला के साथ साथ बड़ी संख्या में विप्र समाज के सदस्य उपस्थित थे ।

## फ्लाइंग स्क्वायड टीम हुई एक्टिव

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** ज़िले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हो संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया आदि के लिए गठित टीमों सहित फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) पहले से और एक्टिव गयी है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के वाहन में लगी पट्टिका निकालने कहा जा रहा है। संदिग्ध वाहनों की जाँच की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी शस्त्रधारियों को संबंधित थाने में शस्त्र जमा किये जा चुके है। ज़िला प्रशासन और पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित है।जो 24 घंटे चालू है। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने गठित टीमों से की जा रही कार्रवाई/गतिविधियों के फ़ोटो ग्रुप में शेयर करने कहा है। जो संबंधित दलों द्वारा किया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तर पर संचालित अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**देर रात हुए सड़क हादसे...**

नाले के पास पहुंचते ही अचानक बाईं ओर से बैल सामने आ गया। आर-1 गाड़ी के ठीक पीछे से दाहिनी तरफ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लैंड क्रूजर क्रमांक सीजी -07, 0023 में सवार थे। अगर मवेशी को बचाने के लिए वीआईपी कारकेड चालक दाहिनी ओर गाड़ी दबाता तो मवेशी बच जाता लेकिन लैंड क्रूजर और सफारी चपेट में आ जाती। बताते हैं कि वीआईपी कारकेड चालक एनएसडी पास आउट था और ऐसी परिस्थिति में त्वरित फैसला लेना उसे सिखाया गया है इसलिए वक्त पर सहीं फैसला लेने से अप्रिय घटना होने से काफिला बच गया।

**एक्सपर्ट होते हैं एनएसडी प्रशिक्षित चालक :** राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी और वीवीआईपी के चालक-परिचालक एनएसडी प्रशिक्षण प्राप्त होते हैं। इन्हे विशिष्ठ व्यक्तियों को हादसा, हमला और संभावित खतरे में फंसने के दौरान कैसे सुरक्षित लेकर वाहन समेत खतरे से दूर होने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। सेना के कुशल इंस्ट्रक्टर इन्हें सभी तौर-तरीके भी सिखाते हैं। एनएसडी का प्रशिक्षण पहले 21 दिन का होता था इसे अब 40 दिनों का कर दिया गया है जो दिल्ली में एनएसडी ट्रेनिंग सेंटर में दी जाती है।

**कारकेड में आर-1 और आर-2 की यह भूमिका :** वीआईपी काफिले में आर-1 वाहन पायलट वाहन के समान होता है। इसी तरह आर-2 भी कारकेड की मुख्य वाहन की भूमिका में होती है जो वीआईपी के पीछे रहती है। पूर्व सीएम के काफिले में आमतौर पर 4 गाड़ियां हैं इसके अलावा जिस जिले में काफिला जाता है तो 2 से 4 वाहन भी शामिल होते हैं। काफिले में 4 गाड़ियां जिले से दौरे के दौरान 2 से 3 भी अतिरिक्त मिलती है।

**भूपेश ने ली अपने स्टाफ की खैरियत**

हादसे के फौरन बाद भूपेश बघेल ने गाड़ी रुकवाई और चालक पीएसओ की खैर मकदम पूछी, थाना फोन करने जानकारी देने को कहा और पूरे कारकेड को सुरक्षित करने वाले निर्णय को भी सराहा। घटना में सफारी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। और चालक को पीठ और घुटनों में अंदरुनी चोट आई है बता दें कि सिमगा थाने ने न तो गाड़ी खिंचकर ले जाने के लिए लोडर उपलब्ध करवाया और न ही एम्बुलेंस112 भेजी। अखिरकार रायपुर से लोडर बुलाकर दुर्घटना ग्रस्त वाहन को पुलिस लाइन लाया गया है। इस घटना और पुलिसिया इंतजाम से यह तो साफ हो गया हैं कि जब वीआईपी कारकेड को जमीनी क्षेत्र में मदद मिलने में इतना समय लग गया तो राजनांदगांव के नक्सल प्रभावित या पहाड़ी गांव इलाकों में ऐसे मौके पर क्या समय पर मदद मिलेगी?

**कोर्ट ने 15 तक केजरीवाल...**

देश के लिए अच्छा नहीं कर रहे हैं।'

केजरीवाल को 21 मार्च को केंद्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। अगले दिन 22 मार्च को उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजने का आदेश पारित किया गया। अदालत ने ईडी के दूसरी बार 28 मार्च को अनुरोध करने पर एक अप्रैल तक आम आदमी पार्टी ने नेता केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाई थी।

**किसान की मौत की ...**

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने हरियाणा सरकार की यह दलील कि उच्च न्यायालय के आदेश से पुलिस बल के मनोबल पर असर पड़ेगा, खारिज करते हुए कहा कि इस आशंका (मनोबल गिरने का) का कोई आधार नहीं है। पीठ ने कहा कि न्यायिक जांच के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वालों के पास 'कुछ वास्तविक आशंकाएं'हैं।

**प्रमुख एजेंसियों को राष्ट्रीय ...**

डिजीटलीकरण से शुरू हो सकती है।

मामलों की संख्या को देखते हुए प्रौद्योगिकी का सहारा जरूरी

उन्होंने कहा कि मामलों की विशाल संख्या को देखते हुए प्रौद्योगिकी का सहारा लेना चाहिए ताकि काम में विलंब कम हो। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के चलते आपराध की दुनिया बदल गयी है और जांच एजेंसियों को बड़ी जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि सीबीआई को उत्तरोतर ऐसे विविध प्रकार के आपराधिक मामलों की जांच के लिए कहा जा रहा है, जो एक आपराधों के अन्वेषण की उसकी भूमिका से परे होते हैं। इससे सीबीआई पर अपने ध्येय वाक्य को पूरा करने के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है।

**ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा...**

और अन्य हिस्से (मस्जिद के) में नमाज पढ़ने की व्यवस्था को फिलहाल जारी रखने की अनुमति दी और कहा कि इस मामले में अंतिम सुनवाई जुलाई में की जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि मस्जिद में नमाजियों के प्रवेश और नमाज अदा करने के लिए उत्तर की ओर प्रवेश द्वार है, जबकि तहखाने में दक्षिण की ओर। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ वकील हुज़ेफ़ा अहमदी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि 1993 से 2023 के बीच कोई पूजा नहीं हुई।

**एचसी के आदेश के पक्ष में दलीलें**

उन्होंने कहा कि मस्जिद में नमाज़ हर जगह होती है, लेकिन अब उन्हें (नमाज़ों को) रोकने के लिए एक आवेदन आया है। वरिष्ठ अधिवक्ता अहमदी ने कहा, थोड़ा-थोड़ा करके वे हमें मस्जिद से बाहर निकाल रहे हैं।卐 वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने उच्च न्यायालय के आदेश के पक्ष में दलीलें दीं।

---

### न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /अ-20(3)/ वर्ष 2023-2

आवेदक गोपी ढीमर आ.स्व. बिसौहा ढीमर एवं अन्य 02 निवासी ढीमर पारा ब्राम्हण पारा वार्ड नं. 32 दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं0 29 सी भूखंड क्र. 128 क्षेत्रफल 59 वर्गमीटर भूमि धारक बिसौहा आ. शिवप्रसाद ढीमर नि. ढीमर पारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 16.01.1988 हो चुकी है । मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्रगण गोपी एवं जीवन लाल है, जिसमें से जीवन लाल की मृत्यु दिनांक 24.09.2014 को हो चुकी है तथा मृतक जीवनलाल के वारिसान उनकी पत्नि प्रेमबती एवं पुत्र परमेश्वर कुमार है। आवेदकगण द्वारा उक्त भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फोती नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत की है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त बंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.04.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202403230300061/ 60/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर पेन्ड्री तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुश कुमार वर्मा पिता सालिक राम वर्मा निवासी खमतराई तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर पेन्ड्री प.ह.नं. 29 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 489/2 रकबा 0.03 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ बाबत् आवेदन पत्र शपथपत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 2024004101200007/ 2023-24

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिक जामवंत पिता देवीलाल निषाद निवासी आमदी मौजा आमदी प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. अंडा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 347 रकबा 0.31 में से 0.16 रामचंद्र उर्फ जीवराखन के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 27/02/2024 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24/04/2024 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 01.04.2024

पेशी दिनांक 24.04.2024

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग 4

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00014 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324430101400003

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00014 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी मंदा गजभिये पिता/पति-अशोक गजभिये पता-शंकरनगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 344/71(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अभिषेक जैन पिता/पति-पिता श्री संजीव बाबू जैन पता-चिखली के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/04/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार तहसील दुर्ग

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00052 उमरपोटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-2023-24-111-1-9448

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00052 के अंतर्गत ग्राम उमरपोटी के वर्तमान भूमिस्वामी SHASHIKANT SINGH पिता/पति- S B SINGH पता-PLOT NO 1 STREET NO 5-E PRAGATI NAGAR RISHALI BHILAI के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 776/75 (0.0093) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता RENU KASHYAP पिता/पति-RAKESH KUMAR KASHYAP पता-H NO 145-10 DEVRI KHURDH BILASHPUR के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकांशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग, तहसील दुर्ग

### नाम परिवर्तन के संबंध में शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता संतोष कुमार साहू उम्र 47 वर्ष पिता श्री गंगाराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम कोडिया पोस्ट पाऊवारा थाना उतई तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में निवास करता हूं । यह कि मैं शपथकर्ता करता हूं कि यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते पर निवास करता हूं । यह कि मुझ शपथकर्ता के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिचय पत्र ,बैंक पासबुक, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड के रिकॉर्ड में मुझ शपथकर्ता का नाम संतोष कुमार साहू दर्ज है। यह कि मुझ शपथकर्ता के नाम से भू अधिकार ऋण पुस्तिका संचालित है। जिसमें मुझ शपथकर्ता का नाम दिलहरण साहू पिता श्री गंगाराम साहू दर्ज है। यह की चुकी उक्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम संतोष कुमार साहू दर्ज एवं भू अधिकार ऋण पुस्तिका में नाम दलहरण साहू दर्ज है। तथा दोनो ही नाम मुझ शपथकर्ता का ही नाम है किसी भिन्न-भिन्न व्यक्ति का नाम नहीं है के समर्थन में यह शपथ पत्र सदर पेश है। यह की चुकी भू अधिकार ऋण पुस्तिका में मुझ शपथकर्ता का नाम दिलहरन साहू दर्ज है , जो कि लिपिकिय त्रुटि है,जबकि सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र के अनुसार मुझ शपथकर्ता का नाम संतोष कुमार साहू दर्ज हैं जो कि सही एवम सत्य है, इसी के अनुसार ऋण पुस्तिका में अपना नाम दर्ज करवाना चाहता हूं, ताकि मुझ शपथकर्ता को किसी प्रकार से भविष्य मे परेशानी ना हो। इसके लिए जो भी नियम व शर्ते होगी पालन करने के लिए तैयार हूं।

शपथकर्ता — संतोष कुमार साहू

### न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

स.मा.क्र./ 202403101500048/ ब-121/2023-24

पाटन, दिनांक 14/03/2024

ग्राम मोतीपुर, प.ह.नं. 06

तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जय सतनाम नवयुवक मण्डल द्वारा अध्यक्ष महेन्द्र कुर्रे पता- ग्राम मोतीपुर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग द्वारा भूमि आवंटन बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि, ग्राम मोतीपुर, प.ह.नं. 06, तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित सतनामी समाज द्वारा विगत 60-70 वर्षो से खसरा नंबर 327 रकबा 0.06 हे. भूमि पर पारंपरिक पूजा पध्दति के अनुसार बाबा गुरु घासीदास जी के पद चिन्हों अनुरूप जैत खाम स्थापित कर निरंतर प्रतिवर्ष 18 दिसम्बर का कार्यक्रम सामूहिक रूप से सौहाद्रपूर्वक मनाते आ रहे है। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में शासकीय मद में दर्ज है। जिससे सामाजिक कार्य करने में असुविधा उत्पन्न हो रही है। आवेदक समाज द्वारा उक्त भूमि को शासन के योजना के अतर्गत आबंटन किये जाने निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक समाज द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 10/04/2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह इंश्तहार आज दिनांक 14/03/2024 को मेरे हस्तावार एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार पाटन

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202402100600089

विषय-अ-6 अ मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2023-2024

**आमालोरी (प.ह.न. 00028),**

**पक्षकारों का विवरण -**

**आवेदक पक्षकार** - श्रीमती केशरी बाई,

**अनावेदक पक्षकार** - श्री गणेश, श्री समारू, छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम आमालोरी ह.नं. 28 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक केशरी बाई पति दुखवा पिता स्व. रामलाल निवासी ग्राम आमालोरी तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम आमालोरी प.ह.न. 28 तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा खसरा नंबर 288, 70, 198, 162, 168 के भू-अभिलेख तथा खसरा पांचशला, बी-1 एवं अन्य राजस्व अभिलेख में लेखन त्रुटि को दुरूस्त कर संबंधित सभी राजस्व अभिलेख में श्यामलाल (श्यामालाल) पिता बालु, सुखलाल (सुरेशालाल) पिता बालु वो समलिया पिता बालु का नाम विलोपित किये जाने तथा आवेदिका केशरी बाई पति रामलाल के स्थान पर केशरी बाई पति दुखवा दर्ज कर राजस्व अभिलेख में दुरूस्त किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक केशरी बाई पति दुखवा पिता स्व. रामलाल के राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 10/04/2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार पाटन

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ - जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00052 उमरपोटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. CG-2023-24-111-1-9449

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00052 के अंतर्गत ग्राम उमरपोटी के वर्तमान भूमिस्वामी SHASHIKANT SINGH पिता/पति-SHRI S B SINGH पता-PLOT NO. 1 STREET NO. 5-E, PRAGATI NAGAR RISALI BHILAI के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 776/75 (0.0093) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता SMT RENU KASHYAP पिता/पति-SHRI RAKESH KUMAR KASHYAP पता-H NO. 145-10 DEORI KHURD BILASPUR के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा ज़ आपति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग, तहसील दुर्ग

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. सीजी2023-24-112-1-8058

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी RAHUL SINGH पिता/पति-LATE SHIV BAHADUR SINGH पता-HOUSE NO.-263 A, RISALI SECTOR BHILAI, TEHSIL AND DIST.-DURG, ROHIT SINGH पिता/पति-LATE SHIV BAHADUR SINGH पता-HOUSE NO.-263, RISALI SECTOR BHILAI, TEHSIL AND DIST.-DURG, VIDYA SINGH पिता/पति-LATE SHIV BAHADUR SINGH पता-HOUSE NO.-263-A, RISALI SECTOR BHILAI, TEHSIL AND DIST. DURG के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 676/9(0.0035), 676/9 (0.0105), 676/78 (0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार तहसील दुर्ग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### भाजपाइयों ने घर-घर लगाया झंडा

**धमतरी/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी धमतरी शहर में विजय संकल्प दिवस के अवसर पर महंत घासीदास वार्ड के बूथ क्रमांक 128, 128 में घर घर जा कर झंडा लगाया गया। जिसमें कार्यक्रम के प्रभारी अर्चना चौबे, सहप्रभारी दिलीप पटेल, शरद चौबे, बूथ अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, संकेत बरडिया, विजय शर्मा, आज़ाद सोना, गजानंद मीनपाल, छोटू ढीमर, जयप्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा, महेश सोना, दुर्गा साहू, गोलू शर्मा एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।

### आमापारा चौक में खुला प्याऊ

**धमतरी/नवप्रदेश।** आमापारा चौक पर प्याऊ घर का उद्घाटन बिसेसर पटेल, प्रकाश शर्मा विजय मोटवानी,पिंकी पटेल विजय पटेल पूर्व पार्षद मीना बैंगा नाग आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बिसेसर पटेल ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है इसके तहत भूखे को भोजन प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई धर्म नहीं है जो प्रत्येक व्यक्ति के संस्कार में समाहित होना चाहिए। वहीं पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि सच्चा जनप्रतिनिधि वही होता है जिसके अंदर इंसानियत और मानवता की भावना समाहित होकर व्यवहार में दृष्टिगोचर होता है और जनता भी उन्हें सर आंखों पर बिठाती है इस कार्य को अंजाम देने के लिए सेवा का धरातल सबसे महत्वपूर्ण और प्रमाणित है इसके लिए हम सभी को योगदान देकर आगे आना चाहिए।उक्त अवसर पर बिसेसर पटेल प्रकाश शर्मा पार्षद विजय मोटवानी पिंकी यादव देवनारायण यादव विजय पटेल शरद पटेल विजय पटेल मीना नाग मंजू यादव शकुन यादव रामहीन यादव पूरन नाग अमर जसवानी मुक्कू अमित खटवानी सुंदर नाग ईश्वर उपस्थित थे।

### कैंसर पीड़ित छात्रा को इलाज के लिए मिली आर्थिक मदद

**नगरी/नवप्रदेश।** महज बारह वर्ष की आयु में कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से पीड़ित ग्राम फरसियाँ के पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययनरत् छात्रा तोमेश्वरी के बेहतर इलाज के लिए श्रृंगी ऋषि %प्रयास% 98 बैच के सदस्यों द्वारा सहयोग राशि दी गई है। प्रयास के सदस्यों ने बताया कि छात्रा का इलाज रायपुर में जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार ने सहयोग की मांग की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए तैंतीस हजार आठ सौ रुपए इकट्ठा कर एम श्रीवास्तव, डीसी खत्री, डॉक्टर जी आर देवांगन ,श्रीमती निर्मला नाहटा ने इलाजरत छात्रा को सौंपा। इस अवसर पर प्रधान पाठक एस के सोम उपस्थित थे।

# वोट डालकर स्वस्थ लोकतंत्र निर्माण में बनें सहायक

■ सवा लाख महिलाएं भेजेंगी मतदान शपथ पोस्ट कार्ड

**बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश।** आगामी लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार 1 अप्रैल को सिमगा स्थित सांस्कृतिक भवन में किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को स्वयं मतदान करने व मतदान करने के लिए प्रेरित करने शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्होंने जिले से सवा लाख महिलाओं द्वारा मतदाता शपथ पोस्टकार्ड निर्वाचन आयोग भेजने हेतु महिलाओं से अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान हर मतदाता का अधिकार है और मतदान करना पहला दायित्व। बिना किसी प्रभाव व प्रलोभन के निष्पक्ष होकर स्व विवेक से मतदान करें। स्वस्थ परम्परा अपनाते हुए स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करें।

उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित गर्भवती महिलाओं ने मतदान करने का संकल्प लिया है। यदि गर्भवती महिलाएं मतदान करने जा सकती है तो सामान्य व्यक्ति मतदान के लिए पीछे नही हो सकते। उन्होंने कहा कि हर विकासखण्ड से 25- 25 हजार महिलाएं मतदान शपथ पोस्टकार्ड लिख कर जिला कार्यालय में भेजे जिसे निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा नाटिका के माध्यम से अच्छे जनप्रतिधि का चुनाव तथा एक वोट के महत्व को आकर्षक ढंग से बताया गया।

इसके साथ ही कलेक्टर ने सिमगा स्थित शक्ति कान्वेंट स्कूल में स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा रंगोली एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुध्द मिश्रा, जनपद सीईओ अमित दुबे डीईओ हिमांशु भारतीय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मेडिकल बिल में मतदान की अपील का सील




**गरियाबंद/नवप्रदेश।** मतदाता जागरूकता के तहत जिला प्रशासन ने अनूठी पहल की है। इसके तहत जिले के शासकीय जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेडिकल स्टोर, रेस्टोरेंट एवं जनरल स्टोर से जनरेट बिल में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन युक्त सील लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इससे मेडिकल पर्ची एवं दुकान से प्राप्त बिल में मतदाता जागरूकता स्लोगन संकल्प एक अभियान शत प्रतिशत हो मतदान एवं 26 अप्रैल मतदान अवश्य करें सूचना युक्त सील लगाए जाने से लोगों को आसानी से मताधिकार की जानकारी मिल रही है। साथ ही मतदाता मतदान दिवस में वोटिंग करने के लिए जागरूक हो रहे है। जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों के तहत रबर स्टाम्प सील के माध्यम से जन जन तक शत प्रतिशत मतदान का संदेश निरन्तर दिया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान में शासकीय संस्थानों सहित निजी संस्थान भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे है। इसके तहत जिला अस्पताल के ओपीडी पर्ची में, निजी स्टेशनरी मार्ट, रेस्टोरेंट, मेडिकल स्टोर जैसे संस्थानों में ग्राहकों को दिए जाने वाले बिल में मतदाता जागरूकता का सील लगाया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों की ओपीडी पर्ची में अलग से मुहर लगाकर मतदान के लिए जागरुक करने की नई पहल की जा रही है। स्वास्थ्य केंद्रों के ओपीडी पर्ची में ÷हमन सब परिवार करे हन इरादा, 26 अप्रैल को मतदान करे के वादा÷ की स्लोगन की मुहर लगाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक किया जा रहा है। सील में महासमुंद लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की तारीख 26 अप्रैल 2024 भी अंकित किया गया है। जिससे लोगों को अपने क्षेत्र में मतदान दिवस की जानकारी आसानी से मिल रही है।

# भगवान आदिनाथ जयंती पर रथयात्रा महोत्सव आज

### देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचेंगे जैन समाज के लोग

**भाटापारा/नवप्रदेश।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव मंगलवार 2 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षकों का सम्मान और ब्लड डोनेशन का आयोजन भी आयोजक संस्था द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश शासन के अनेक मंत्रिगण भी उपस्थित रहेंगे। आदिनाथ जयंती के अवसर पर 2 अप्रैल मंगलवार को मंदिर में अभिषेक शांति धारा सुबह 7ः00 संपन्न की जाएगी तथा आदिनाथ जयंती पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। छत्तीसगढ़ के 69 जैन मंदिर की कमेटी के पदाधिकारी सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान का रथ खींचकर, धर्म लाभ लेते हैं। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने बताया कि बार भी जैन समाज के श्रावक जो अपने नगर में प्रदेश में सामाजिक राजनीतिक और धार्मिक कार्यों में विशेष योगदान देते हैं ,उनका सम्मान आदिनाथ जयंती के अवसर पर किया जायेगा।

### शिक्षकों का भी होगा सम्मान सम्मेलन

आदिनाथ जयंती के अवसर पर श्री चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह मंगल भवन कृषि उपज मंडी रोड भाटापारा में आयोजित किया गया है. जिसमें देश के कोने-कोने से एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए गुरुजनों का सम्मान किया जाएगा।

# तहसीलदार ने जारी किया नोटिस, गलत पाए जाने पर होगा खसरा रकबा ब्लॉक

**मांढर/नवप्रदेश।** मांढर में अवैध प्लाटिंग का धंधा धमने का नाम नहीं ले रहा है। भू-माफिया अब तक सैकड़ों बीघा कृषि भूमि को प्लाटिंग कर ठिकाने लगा चुके हैं। लेकिन प्रशासन कार्रवाई के बजाय चुप्पी साधे है। धरसींवा तहसील से दर्जनों भू मालिकों को नोटिस जारी किया गया था। लेकिन इसका कोई असर भू मालिकों पर नहीं पड़ा।

वहीं रेलवे स्टेशन रोड मांढर और पंचायत भवन के पास में प्लॉटिंग की जा रही है। अब तक 50 एकड़ से ज्यादा की भूमि अवैध प्लाटिंग की भेंट चढ़ चुकी है। माफिया खेतों में बेधड़क प्लाट काटकर बेच रहे हैं। ग्राम मांढर औद्योगिक नगर से घिरा हुआ है। बड़ी संख्या में बाहर के लोग यहां मकान बनाने के लिए जमीन खरीद रहे हैं। इतना ही नहीं विकासखंड के दूर के गांवों के लोग भी यहां मकान बना रहे हैं। जमीन की डिमांड बढ़ने के बाद माफिया इसका फायदा उठा रहे हैं।

### क्षेत्र में सूदखोर सक्रिय

मांढर के कुछ दबंग लोग किसानों को जमीन के एवज में शादी विवाह और निजी खर्च के लिए भारी भरकम ब्याज दर में मोटी रकम देते हैं। बाद में जब किसान के ऊपर ब्याज और मूल धन बढ़ जात है तो उन पर दबाव बना कर उनकी जमीन सस्ते दामों में खरीद लेते हैं। फिर वे इस पर अवैध प्लाटिंग करते हैं, भू मालिकों के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अवैध प्लाटिंग की जाती है। नियम विरुद्ध बिना नक्शा और आवासीय प्लाट दर्ज कराए प्रति प्लाट लाखों रुपये में बेचते हैं। मांढर के रेलवे स्टेशन रोड पर एक डिसमिल जमीन को साढे तीन लाख रुपए में बेची जा रही है। पूर्व में भू मालिकों ने मांढर के कई स्थानों पर अवैध प्लाटिंग कर कॉलोनी बसा दी है। जहां लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

> **भू मालिकों को नोटिस जारी, अवैध प्लाटिंग पर होगी कार्रवाई**
>
> इस मामले पर धरसींवा तहसीलदार जयंद्र सिंह ने कहा कि, मांढर में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर हल्का पटवारी से जानकारी मंगाई गई थी। जमीन मालिकों नोटिस जारी किया जा चुका है। अवैध रूप से प्लाटिंग नहीं करने की हिदायत भी दी गई है। हिदायत के बाद भी प्लाटिंग किया जा रहा हो तो पटवारी से प्रतिवेदन मंगवा कर सक्षम अधिकारी को सूचना भेज कर खसरा रकबा को ब्लॉक करवाया जाएगा।
>
> **जयंद्र सिंह** तहसीलदार धरसींवा

# अभ्यारण्य संघर्ष समिति ने मूलभूत सुविधा दिलाने की मांग का ज्ञापन सीएम को सौंपा

**नगरी/नवप्रदेश।** अभ्यारण्य संघर्ष समिति के ग्राम पंचायत रिसगांव, करही, फरसगांव, खल्लारी के ग्रामीणों ने मूलभूत समस्याओं की मांग का ज्ञापन सीएम साय को सौंपा। उन्होंने बताया कि आज भी क्षेत्र में बिजली, सड़क सेतु शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी प्राथमिक सुविधाओं से क्षेत्र के आदिवासी जनता वंचित हैं। सुविधा न मिलने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शासन-प्रशासन से मांग करते थक चुके हैं। क्योकि आज तक हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया है। उनकी मांगों में अरसीकन्हार से गरहाडिही जक्शन तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनाया जाए, इसी तरह गहनासियार से चमेंदा, खल्लारी से रिसगांव, ठोठाझरिया से बिरनासिल्ली तक सड़क बनाने और सोंढूर नदी पर रिसाई माता के पास, खल्लारी नदी पर, कर्रा पड़ाव नदी, आमाकड़ा नदी पर पुल की मांग आदि शामिल हैं। इसी तरह भीरागांव से खल्लारी, चमेदा एवं रिसगांव से जोरातराई तक बिजली कनेक्शन का किया जाए आदि मांगें शामिल हैं।

# जिपं सभापति ने किया अंग्रेजी स्कूल का उद्घाटन

**भाटापारा/नवप्रदेश।** ग्राम पंचायत जरौद में लिटिल रोज पब्लिक स्कूल का उदघाटन जिला पंचायत सभापति कविता कुमलेश देवांगन ने किया ।गांव में इंग्लिश मीडियम स्कूल खुलने से गांव में हर्ष का माहोल है। इस अवसर पर सभापति कविता देवांगन ने स्कूल के उद्घाटन पर गांव वालों को बधाई देते हुऐ बच्चों को अच्छे शिक्षा देने की बात कहीं, कार्यक्रम में इंजिनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा भी शामिल हुए, देवांगन ने स्कूल के उदघाटन पर गांव वालो को बधाई के साथ स्कूल के संचालक राजा मेवाड़ को भी बधाई दी, देवांगन ने कहा की स्कूल ही हमारे बच्चो की नीव तैयार करती है तो आप सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे जिससे बच्चो का भविष्य उज्जवल हो सके ।इस अवसर पर गांव के उपसरपंच गोलू यदू, धनंजय देवांगन, राजकुमार निर्मलकर स्कूल के शिक्षक बच्चे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में आसमान से भी होगी निगरानी
# गरियाबंद में हेलीकॉप्टर की हुई ट्रायल लैंडिंग

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** पूरे देश में लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी है. सियासी दलों के साथ ही प्रशासनिक टीम भी चुनावी तैयारियों में जुट गई है. इस बीच गरियाबंद में सोमवार को हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग की गई. ताकि आगामी चुनाव में संवेदनशील मतदान केन्द्रों तक मतदान दलों को पहुंचाया जा सके. बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में बिंद्रानवगढ़ विधानसभा में चुनाव कराकर लौटते समय मतदान दल की सुरक्षा में तैनात जम्मू कश्मीर का जवान शहीद हो गया था. यही कारण है कि इस बार सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक टीम अलर्ट है.

गरियाबंद में हेलीकॉप्टर का ट्रायल लैंडिंगः दरअसल, गरियाबंद में सोमवार को लोकसभा चुनाव को लेकर हेलीकॉप्टर का ट्रायल लैंडिंग किया गया. 26 अप्रैल को यहां मतदान होने हैं. चुनाव को लेकर प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड में आ गया है. इस बारे में गरियाबंद की डीएसपी निशा सिन्हा ने जानकारी दी कि लोकसभा चुनाव से पहले सभी तरह की परिस्थितियों से निपटने की पूरी तैयारी की जा रही है. इसके तहत अगर जरूरत पड़ी तो कुछ मतदान केंद्रों तक मतदान दल को पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का प्रयोग किया जा सकता है, इसीलिए पहले से ट्रायल लैंडिंग कर स्थितियों का जायजा लिया गया है.

### लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक टीम अलर्ट

बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में बिंद्रानवगढ़ विधानसभा में चुनाव संपन्न कराकर लौटते समय मतदान दल की सुरक्षा में तैनात जम्मू कश्मीर का एक जवान शहीद हो गया था. यही वजह है कि इस बार प्रशासनिक टीम पहले से ही हर परिस्थिति से निपटने को लेकर अलर्ट है. साथ ही अंदरूनी क्षेत्रों में मतदान को लेकर टीम ने सुरक्षा के खास इंतजाम किए हैं।

> लोकसभा चुनाव को लेकर हर परिस्थितियों से निपटने की तैयारी की जा रही है. जरूरत पड़ने पर कुछ मतदान केंद्रों तक मतदान दल को पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का प्रयोग किया जा सकता है, इसीलिए पहले से ट्रायल लैंडिंग कर स्थितियों का जायजा लिया.
>
> **निशा सिन्हा,**
> डीएसपी, गरियाबंद

# पेंशनर भवन में हुआ होली मिलन समारोह

**भाटापारा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के द्वारा सुभाष बाजार स्थित पेंशन भवन में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें नगाड़ों की थाप पर फाग गीत की रंगारंग प्रस्तुति ने सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया।

संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के संचालन एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष दिलीप सिंह बिसेन के संयोजन में पेंशनरों के साथ आमंत्रित सभी लोगों के द्वारा जमकर फूलों की होली खेली गई। इस होली मिलन समारोह में तोरण साहू ,जिला अध्यक्ष जामवंत वर्मा ,संरक्षक हलधर प्रसाद वर्मा लवन, तहसील अध्यक्ष तारण सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष डोमार सिंह वीरवर, राम कृष्ण साहू और चंद्राकर जी, आशाराम अनंत एवं कमल नारायण यदु उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा भवन में स्थापित बजरंग बली व मां सरस्वती की तस्वीरों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर पूजन किया गया। इस दौरान जामवंत वर्मा, रामकृष्ण साहू, आशाराम अनंत, नंदलाल बाजपई, लक्ष्मी मारकंडे,रघुनाथ पटेल एवं दीपक मिश्रा आदि ने भी विचारों कविता एवं गीतों के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर संतराम साव,परेटन लाल साहू, प्रकाश जाधव,सेवक दास मानिकपुरी,गणपत लाल वर्मा, एच एल महिपाल , गणेश राम वर्मा, राम दुलारी उपाध्याय, रमेश कुमार वर्मा, रामू यादव, शिव कुमार वर्मा, खेम सिंह ध्रुव, पंचराम वर्मा,गणेश राम साहू,एवं के एन यदु सहित बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्यगण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

## पीठासीन व मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण आज

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल निष्पादन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण 2 एवं 3 अप्रैल को होगा। इसी प्रकार महिला, युवा एवं दिव्यांग मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक- 1, 2 एवं 3 का प्रशिक्षण 4 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। यह प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद, पॉलिटेक्निक कॉलेज गरियाबंद एवं आईटीएस कॉलेज गरियाबंद में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों को सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न निर्वाचन प्रक्रियाओं की जानकारी दी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही सेक्टर अधिकारियों को भी प्रशिक्षण में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## गर्मी से राहत देने स्कूल सुबह लगाने डीईओ को ज्ञापन

**धमतरी/नवप्रदेश।** प्रांत अध्यक्ष स्थानांतरित संगठन छत्तीसगढ़ व्याख्याता एल बी व समस्त संगठन व संभाग उपाध्यक्ष रायपुर छ ग शिक्षक कांग्रेस लालबहादुर साहू , प्रांतीय सचिव महादेव साहू , प्रांतीय संयोजक सरोज यादव , बी एल मंगेशकर संगठन प्रतिनिधि राकेश निषाद , हेमलता साहू इत्यादि ने बताया कि डीईओ कार्यालय को अवकाश के कारण मेल से ज्ञापन सौंपा। शिक्षक व छात्रों के स्वास्थ्य की दृष्टि से सुबह पाली में 7.30 से 11.30 तक स्कूल संचालित करने आदेश जारी करने मांग की है। गौरतलब है कि पूर्व में प्रमुख सचिव द्वारा अप्रैल में सुबह पाली में शाला संचालन करने निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं लेकिन जिला कार्यालय द्वारा जारी अभी तक आदेश जारी नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग में प्रत्येक जिले के मूल्यांकन सेंटर में 10वी 12 वीं के बोर्ड मूल्यांकन कार्य चालू हैं। अभी शाला संचालन सुबह 10~00 से 4.00 तक हो रहा है। कुछ जगह पर तो लोकल क्लास 9वीं 11वीं की परीक्षा हो चुकी है लेकिन कुछ संस्थाओं में अभी परीक्षा पूर्णता की ओर है गर्मी में दोपहर में तापमान बढ़ने के कारण छात्रों व शिक्षकों को गर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया है।

## देवरबीजा पुलिस ने कोचिए से 18 पौवा की जप्त

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** पुलिस चौकी देवरबीजा को 30 मार्च को सूचना मिली कि ग्राम रौद्रा के राजू साहू नामक व्यक्ति अपने दुकान के पीछे अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री हेतु रखा है कि सूचना पर मौके पर पहुच कर सूचना के आधार पर कार्यवाही की गई। जिसमें पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 कोचिये राजू साहू पिता मनहरण साहू उम्र 34 साल साकिन रौद्रा पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये से कुल 18 पौवा अंग्रेजी शराब किमती 2160 रूपये, बिक्री रकम 240 रूपये, कुल जुमला रकम 2400 रूपये,को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि डीएल सोना, प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

## अवैध शराब के साथ डोंगरगढ़ पुलिस ने कोचिए को पकड़ा

**डोंगरगांव/नवप्रदेश।** डोंगरगांव पुलिस को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर टीम गठित कर करियाटोला नाली पार के पास डोंगरगांव, थाना डोंगरगांव के पास घेराबंदी कर रेडकार्यवाही की गई। इसमें अपराध धारा-34(1) (ख) आबकारी के तहत आरोपी अभय दीक्षित पिता राजेन्द्र दीक्षित उम्र- 19 साल, पता- अटल आवास कालेज के सामने डोंगरगांव , जिला राजनांदगांव,छ0ग0,, के पास से एक सफेद रंग के बोरी मे रखा देशी प्लेन शराब 19 नग पौवा 3.420 द्वद्य किमती रकम 1710/- रूपये बिक्री रकम 200/- रूपये जुमला रकम 1910/- रुपए को पुलिस ने जप्त किया।

# कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज दाखिल करेंगे नामांकन

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल मंगलवार 2 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि नामांकन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत सहित शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में नामांकन, आम सभा व रैली संपन्न होगा।

नामांकन दाखिल के समय संसदीय क्षेत्र के मोहला-मानपुर, राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा जिले के कांग्रेसजनों की उत्साहित जनसमूह उपस्थित रहेंगे। प्रातः 11.30 से 12 बजे के शुभ मुहूर्त में जिला कार्यालय पहुंचकर भूपेश बघेल नामांकन दाखिल करेंगे। तत्पश्चात स्टेट हाई स्कूल के जनसभा को संबोधित करने भूपेश बघेल के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत सहित सभी विधायक एवं शीर्ष नेता उपस्थित रहेंगे। सभा के पश्चात स्टेट हाई स्कूल से जय स्तंभ चौक, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक होते हुए मां शीतला मंदिर के प्रांगण में रैली का समापन होगा। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर राजनंदगांव, मोहला-मानपुर-अं. चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कवर्धा के जिला अध्यक्ष गणों ने एवं संसदीय क्षेत्र के सभी विधायकगणों ने कांग्रेस से कार्यकर्ताओं, आम जनता से इस नामांकन रैली को ऐतिहासिक बनाकर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने में अपनी सहभागिता निभाने कीअपील की है। सभा रैली के पश्चात तुलसी व्यापार विहार जीई रोड नेहरू नगर के सामने राजनांदगांव में केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन होगा।

# भूपेश को विजयी बनाने का दक्षिण ब्लॉक की बैठक में लिया संकल्प

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के संकल्प के साथ शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वार्ड क्रमांक-28 में बूथ क्रमांक 133, 134, 138 के बूथ कमेटियों की तैयारी बैठक शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की उपस्थिति में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय भरकापारा में रखी गई। बैठक में कांग्रेस सरकार में किए गए जनहित के कार्यों का उल्लेख किया गया और कांग्रेस के द्वारा जारी की गई लक्ष्मी न्याय योजना, किसान न्याय योजना एवं युवाओं के लिए न्याय योजना की जानकारी बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटियों के सदस्यों को दी गई।

कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना सांसद चुनने का अवसर मिला है। निश्चित रूप से आगामी लोकसभा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। भूपेश बघेल के विजयी होने पर राजनांदगांव का नाम भारत के ऊपर की पंक्तियों में दर्ज होगा और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। उन्होंने बूथ प्रबंधन और बूथ एजेंटो की नियुक्ति सहित वार्ड में पन्ना प्रभारी बनाने की बात कही और सभी सदस्यों से तन-मन-धन से इस चुनाव में अपनी भागीदारी देने का आग्रह किया। इसके पश्चात तीनों बूथ अध्यक्षों को संशोधित की हुई मतदाता सूची प्रदान की गई। आभार प्रदर्शन दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सतीश सोनपिपरे ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड की पूर्व पार्षद प्रज्ञा गुप्ता, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष महेश अग्रवाल, मनीष सिमनकर, बूथ अध्यक्ष पंकज गुप्ता, बूथ अध्यक्ष जितेश सिमनकर, बूथ अध्यक्ष मोहसिन कुरैशी, अजय अग्रवाल, शरद जैन, राकेश जैन, सतीश सोनपिपरे, रजत भोईर, राजू कुरैशी, भारत भूषण शर्मा, गुड्डू, मोहन चुनरकर, दिलीप यादव, सुनील पिल्ले, संघप्रिय वासनिक, विजय जैन, नीलम मेश्राम, सत्यम ओझा, अखिलेश ठावरे, लक्की रामटेके सहित वार्ड के कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी दक्षिण ब्लॉक के संयुक्त महामंत्री अरशद ने दी।

## एसपी ने रात में सभी पेट्रोलिंग जोनल का लिया जायजा

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** रविवार 31 मार्च की रात्रि में स्वयं रात्रि गश्त प्रणाली एवं पेट्रोलिंग व्यवस्था का अवलोकन करने देर रात को शहर की सड़कों पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग निकले। भारत माता चौक के पास शहर के सभी पेट्रोलिंग जोनल प्रभारियों को ब्रीफ कर आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुये गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखने को कहा गया। विभिन्न चौक-चौराहों में पहुंचकर रात्रि गश्त ड्यूटी में तैनात गश्ती टीम एवं स्टेटिक प्वाइंट के जवानों को चेक कर जवानों की हौसला अफजायी करते हुए उन्हें अच्छे से व सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने तथा चौक-चौराहों एवं गली-मोहल्लों में गश्त करते रहने और रात्रि में घुमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर संदिग्ध पाये जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने एवं सभी गश्त अधिकारियों को लगातार सतर्क रहते हुए जागरूक रहते हुए आपस में परस्पर समन्वय बनाते हुए पूरी सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गये।

# राजपूत क्षत्रिय समाज का ठाकुर अनिल सिंह केन्द्रीय उपाध्यक्ष

■ क्षत्रिय धर्म और समाज के प्रति निष्ठा की ली शपथ

**कवर्धा/नवप्रदेश।** राजपूत क्षत्रिय समाज पंजीयन क्रमांक 3738 का शपथ ग्रहण सोमवार 1 अप्रैल को ग्राम झेलियापुर में आयोजित किया गया। केन्द्रीय अध्यक्ष दारा सिंह की टीम, परिक्षेत्रिय और ग्राम प्रमुखों की सभी निर्वाचित टीम को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामजी ठाकुर, भूपेन्द्र ठाकुर ने क्षत्रिय धर्म और समाज के प्रति निष्ठा कि शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में समाज के प्रतिनिधियों ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर को केन्द्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। नव निर्वाचित केन्द्रीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज हित में कार्य करने की बात कहीं। मीडिया प्रभारी अमन ठाकुर ने बताया कि पांचों परिक्षेत्रिय और ग्राम प्रमुखों के पदाधिकारियों को क्षत्रिय धर्म और समाज के प्रति निष्ठा कि शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में समाज के वरिष्ठों, महिला शसक्तिकरण के उल्लेखनीय कार्य किए और विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समाज के लोग जिसने समाज को गौरवानिंत किया है उनकों सम्मानित किया गया। अनिल सिंह के केन्द्रीय उपाध्यक्ष बनने पर जय सिंह ठाकुर, नरेश सिंह, रामसिंह, संतोष राजपूत, विजय सिंह, योगेश्वर दिलीप सिंह राजपूत, चंद्रिका सिंह ठाकुर, रामसिंह, यशवंत सिंह, विजय सिंह, किशोर सिंह, रवि सिंह राजपुत, कुलेश्वर सिंह, महेश सिंह, संगीत सिंह, होमेश सिंह, मनोज सिंह, भूपेंद्र सिंह, जीवेन्द्र सिंह अमन, प्रवीण सिंह सहित समाज के लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

# निरीक्षण के दौरान लाइट गुल होने से रोपवे में फंसे कलेक्टर

■ डोंगरगढ़ मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां शुरु होने वाली है

**डोंगरगढ़/नवप्रदेश।** राजनांदगांव जिले के धर्म नगरी डोंगरगढ़ में चैत्र नवरात्र के लिए तैयारियों को लेकर मंदिर ट्रस्ट समिति और प्रशासन की बैठक हुई।

कलेक्टर संजय अग्रवाल प्रमुख अधिकारियों सहित तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। रोपवे का निरीक्षण करने के दौरान लाईट गुल हो गई और वे कुछ देर के लिए बीच में ही अटक गए। डोंगरगढ़ समय-असमय लाईट गुल होने से पूरा शहर परेशान है। कई बार शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। दरअसल, नवरात्र के दौरान मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में दर्शनार्थी माता के दरबार पहुंचते हैं। इसके लिए मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन विशेष व्यवस्थाएं करते हैं। माता के सुगम दर्शन के लिए सभी शासकीय विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों की मनौजूदगी में रूपरेखा तैयार की गई। दर्शानार्थियों के लिए जगह-जगह पंडाल लगा कर सेवा देना, पार्किंग की व्यवस्था और लूट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारी-कर्मचारियों को आदेश दिया। इसके बाद मंदिर के कंट्रोल रूम और रोपवे का जायजा लिया।

सोमवार 1 अप्रैल की दोपहर 12 बजे कलेक्टर संजय अग्रवाल कुछ अधिकारियों के साथ रोपवे का निरीक्षण करने के लिए ट्राली में बैठकर ऊपर पहाड़ी में जा रहे थे, ठीक उसी समय बिजली विभाग ने लाईट गुल कर दी। मंदिर ट्रस्ट ने जनरेटर चालू कर जैसे-तैसे ट्राली ऊपर भेजी। कलेक्टर और अधिकारियों के पहाड़ी पर पहुंचते ही लाईट भी आ गई।

बिजली विभाग दिन भर में कई बार 5-5 मिनट के लिए लाईट गुल करते हैं इससे शहरवासी परेशान रहते हैं। उनका कहना है कि, कई बार शिकायत करने पर भी बिजली विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंगता है। आज तो कलेक्टर सहित प्रमुख अधिकारियों को इसका प्रमाण भी मिल गया। अब देखना यह होगा कि, उन पर क्या कार्रवाई होती है।

# भगवान श्रीराम हमारे आराध्य : योगेश

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** ग्राम बोरसी में आयोजित नवधा रामयण में आयोजित कार्यक्रम में सर्व हिन्दू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की पवित्र गाथाएं आध्यात्मिक जागरूकता, सामूहिकता, समरसता और व्यक्तिगत कल्याण को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखती हैं और हमें गर्व है कि हम हिंदू धर्म के मूल्यों को बनाए रखने के लिए ऐसे अनुष्ठान अपने क्षेत्र में करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता योगेश तिवारी ने बेमेतरा विधानसभा के ग्राम बोरसी में आयोजित तीन दिवसीय रामायण सम्मेलन कार्यक्रम में यह बात कही। योगेश तिवारी ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर समस्त विधानसभा क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि रामायण सम्मेलन एक प्रकाश की किरण के रूप में काम करता हैं, जो व्यक्तियों को प्राचीन शास्त्रों की गहरी समझ की ओर ले जाता है।

# पुलिस ने वाहन चेकिंग में 40800 रुपए वसूले

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने, शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् थाना कोतवाली, बसंतपुर, घुमका एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा 31 मार्च 2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के कुल 119 प्रकरण में 40800 रुपए समंस शुल्क वसूल कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया।

# साजा, परपोड़ी और बिरनपुर थाने की स्थिति जानने पहुंचे एसपी

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने रविवार 31 मार्च को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना साजा, परपोडी एवं पुलिस सहायता केन्द्र बिरनपुर का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान सभी अधिकारियो व जवानों को मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाया। सभी अधिकारियों व जवानों को रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा चोरियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। लंबित समंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं माइनर एक्ट की कार्यवाही करने, थाना प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिलें के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया।

सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत हमर पुलिस हमर बजार÷ अभियान के माध्यम से हॉट/बजारों व ग्रामीणों एवं स्कुली बच्चो कों जागरूक किए जाने तथा आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान थाना प्रभारी साजा उप निरीक्षक राजकुमार साहू, थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक ओमकार साहू, पुलिस सहायता केन्द्र बिरनपुर स्टाफ एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी आदि उिपस्थित थे।

# 17 बच्चे नवोदय के लिए चयनित

**साजा/नवप्रदेश।** प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया डोगेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में सत्र 2023-24 में अध्यनरत कक्षा पांचवी के 17 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ हैं। श्री वर्मा द्वारा आसपास के बच्चों का नवोदय तैयारी कराई जाती है। जिसमें लगातार 6 महीने तक बच्चों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन के माध्यम से नवोदय तैयारी कराते हैं एवं अंतिम 50 दिनों में अलग-अलग जगह में बच्चों को ले जाकर के 10 से 15 टेस्ट बच्चों का लिया जाता हैं। जिससे आसपास के बच्चे एवं अन्य जिले की भी बच्चे टेस्ट परीक्षा में सम्मिलित होते हैं। इस वर्ष श्री वर्मा के मार्गदर्शन में कुल 17 बच्चों का चयन हुआ हैं, जिसमें ऑनलाइन के माध्यम से दो बच्चों का चयन एवं ऑफलाइन क्लास से 15 बच्चों का चयन हुआ हैं। चयनित बच्चों में कुमारी दीक्षा साहू, वैशाली साहू पिपरिया से, कुमारी तेजल जंघेल, उषा जंघेल, अदिति जंघेल खैरी से, जागेश्वर कोसले केहका से, अमर सिंह कोरवाय से, ओम कुमार एवं खेमलाल बोरतरा से, विकास सिंन्हा, दीपक सिंन्हा चोरभट्टी से, गोपाल देवांगन, मयंक देवांगन, कोगियाकला स्कूल से, नीतीश देवांगन, हेतल देवांगन छिराहिडीह स्कूल एवं दो बच्चे आनलाईन क्लास, यूट्यूब से हुआ हैं। सहयोगी शिक्षक के रूप में विशेषण नेताम प्रधान पाठक बीजा का विशेष योगदान रहा हैं। सभी चयनित बच्चों को संकुल प्रभारी केहका कमलेश गायकवाड, राजेश जायसवाल संकुल समनवयक, राधेश्याम सिंन्हा, देव राम साहू, दिलीप यदु, श्रीमती दीपिका वर्मा, राजेश जंघेल, गिरवर, दामोदर पटेल, उत्तम साहू, खूमान साहू, कुलेश्वर ठाकुर एवं शिक्षक साथी ने खूब बधाई एवं बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्यूज गैलरी

### ज़हर सेवन से ग्रामीण युवक की हुई मौत

**लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश।** क्षेत्र में हो रहे सिलसिलेवार आत्महत्या ने आम लोगों को हैरत में डाल दिया है। खुदकुशी करने की कड़ी में एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी । घटना के संबंध में उपुलिस सूत्रों से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक रामप्रसाद पिता सिमन कुजूर उम्र 36 साल साकिन ग्राम कोसगा ने 31 मार्च की सुबह तकरीबन 6 बजे अज्ञात ज़हर सेवन कर लिया। घरवालों को पता चलने पर पीड़ित युवक को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर उपचार के लिए लाया गया, लेकिन दौरान ईलाज के युवक की सांस थम गई। सूचना पर पुलिस युवक के शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है युवक शराब पीने का आदी था। लखनपुर पुलिस मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया है।

### 7 वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से गई जान

**मुंगेली/नवप्रदेश।** ग्राम पेंड्रीतालाब क्षेत्र के प्रसिद्ध तालाब में 7 वर्षीय बच्चे की पानी मे डूबने से दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। ग्राम पेंड्रीतालाब क्षेत्र के मशहूर तालाब में प्रति सोमवार को दूर दूर से शरीरिक समस्या को तीन बार नहाने से दूर होने बातें प्रचलित है, जिसके चलते छग के अलावा पड़ोस के राज्यों से पेंड्रीतालाब क्षेत्र के प्रसिद्ध तालाब में स्नान करने आते है। 1 अप्रैल सोमवार को सुबह 7.30 बजे जीपीएम जिला पेंड्रा से ग्राम नवागांव का एक परिवार तालाब में डुबकी लगाने आये थे, इसी दौरान 7 वर्षीय बालक गहरे पानी मे उतर कर पानी पी लिया, इधर परिजन नहाने में व्यस्त रहे। मृतक शिवाय सारथी उम्र 7 वर्ष पिता सूरज सारथी निवासी थाना कोतवाली जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही जो पेण्ड्रीतालाब मे नहाने के समय पानी पी लिया जिसे स्थानीय मदद से पानी से बाहर निकला गया जिसके बाद परिजनों ने उपचार के लिए 50 बिस्तर असपाल भर्ती कराया । डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को पीएम के बाद परिजनों के हवाले किया गया। हादसे को लेकर परिजन सदमे में है, माँ का रो रो कर बुराहाल है।

### सर्व कबीर पंथ समाज ने किया होली मिलन का आयोजन

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सद्गुरू कबीर आश्रम कबीर कुटी मुंगेली में सर्व कबीर पंथ समाज के द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सलाहकार छत्रपाल साहेब, राजेंद्र साहू, देवी प्रसाद, महंत आरती दास, जंतराम, हुलास साहू, विष्णु मानिकपुरी, परमेश्वर, राजेश्वर पटेल, भाऊ, बिसाहू राम, राजेंद्र मानिकपुरी आदि उपस्थित रहे।

### अश्लील कंटेंट शेयर करने वालों पर कार्रवाई

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सोशल मीडिया पर चाईल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित अश्लील कंटेंट शेयर करने वालों के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कार्यवाही। अलग-अलग आरोपियों के विरूद्ध 17 एफआईआर दर्ज किया गया। विभिन्न सोशल मीडिया साइट्स फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल प्लेटफॉर्म इत्यादि पर बच्चों से संबंधित अश्लील फोटो, वीडियो एवं अन्य कन्टेन्ट पोस्ट करने वालों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए जिले के विभिन्न थानों में 11 आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस द्वारा एनसीआरबी नई दिल्ली से प्राप्त साइबर टिपलाइन रिपोर्ट पर आईटीएक्ट की धारा 67ए एवं 67बी के तहत 24 घंटे के भीतर 17 प्रकरणों में अपराध पंजीबद्ध किया है। आईटी एक्ट के तहत संजय रूपवानी सिंधी कॉलोनी शिवाजी वार्ड, विनय डहरिया कबीर वार्ड मुंगेली, अविनाश देवांगन राजेन्द्र वार्ड मुंगेली, सागर यादव खरीपारा मुंगेली, त्रिवेन्द्र विश्वकर्मा इमलीपारा कबीर वार्ड मुंगेली, श्याम सिंह राजपूत डोंगरीपारा, विचारपुर, सुक्ली, थाना लोरमी, पीनुस खुंटे बदराठकुर ग्राम चंदली, टीकाराम शांति नगर स्कूल के पास पथरिया, प्रेमलाल जायसवाल निवासी बदरा ठाकुर, शशिकांत जरोंधा बिलासपुर, संजय राजे ग्राम बैगाकापा, करीलकुंडा थाना लोरमी के विरूद्ध आईटीएक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# सक्ती जिले में दूर हुई पानी की समस्या

## हसदेव बायीं तट नहर से खरसिया शाखा नहर में छोड़ा गया पानी

**सक्ती/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने किसानों और ग्रामीणों के आवेदन पर जिले में नहर के पानी की समस्या का त्वरित निराकरण किया है। कलेक्टर सक्ती के निर्देश पर हसदेव बायीं तट नहर अंतर्गत सक्ती शाखा नहर, खरसिया शाखा नहर, सोन नदीं और बोराई नदीं में पानी का प्रवाह हसदेव बांगो परियोजना (बांगो डेम) के माध्यम से छोड़ा गया है।

उल्लेखनीय है की विगत कुछ दिवस पूर्व सक्ती जिले के कुछ ग्रामीण तालाब सूखने, क्षेत्र के बोर, हैंडपंप में पानी की कमी होने की समस्या को लेकर नवपदस्थ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के पास अपने समस्या के निराकरण के लिए पहुंचे थे। जिस पर कलेक्टर श्री तोपनो ने किसानो और ग्रामीणों के हित का ध्यान रखते हुए बांगो डेम से पानी छोड़े जाने के लिए हसदेव बांगो परियोजना से जुड़े उच्चस्थ अधिकारियों से सीधे सम्पर्क किया तथा जिला अंतर्गत विभिन्न गांवों में निस्तारी के लिए तालाबो में पानी भरने तथा ग्राऊण्ड वाटर रिचार्ज (भू-जल स्तर में वृद्धि) को बढ़ाने के लिए त्वरित रूप से नहरों में जल प्रदाय करने के निर्देश दिये। जिसके तहत नहर में पानी छोड़ा गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 6 के कार्यपालन अभियंता को नहरों में जल प्रवाह होने से तालाबो में पानी भरने के साथ-साथ जिला अंतर्गत सोन नदी एवं बोराई नदी में निर्मित एनीकटों में जल भराव कराये जाने के निर्देश दिये है। जिससे जिले के भूतल के जल स्तर में वृद्धि करने के साथ ही जिलेवासियों के पीने की पानी तथा निस्तारी की समस्या को दूर किया जा सके। कलेक्टर द्वारा बांगो डेम से पानी छोड़वाये जाने पर ग्रामीणों, किसानों और जिलेवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# मतदानकर्मी पोस्टल बैलेट से करेंगे वोटिंग

**सक्ती/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के दिशा निर्देशन में जिला सक्ती अंतर्गत अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवाओं हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों का बैठक आयोजित किया। जिसके तहत आगामी सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अनिवार्य सेवाओं के अधिकारियों/ कर्मचारियों हेतु निर्वाचन आयोजन द्वारा पोस्टल बैलेट के द्वारा मतदान कराए जाने के निर्देश की विस्तृत जानकारी प्रदाय कर ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया तथा पोस्टल वोटिंग सेंटर एवं मतदान तिथि की जानकारी दी गई।

विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में अनिवार्य सेवाओं में कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों हेतु पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदाय की जा रही है। निर्धारित 10 अनिवार्य सेवाओं में रेलवे, आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडियाकर्मी, विद्युत, दूरसंचार सेवा, पोस्टल सेवा, दूरदर्शन, रेडियो, राज्य दुग्ध संघ/दुग्ध सहकारी समिति, स्वास्थ्य, एफसीआई को सम्मिलित किया गया है। उपरोक्त बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, जिला साख्यिकी अधिकारी मनीष मिश्रा सहित अनिवार्य सेवाओं के सभी विभागीय नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वर्णकार समाज के सदस्यों का होली मिलन

**मुंगेली/नवप्रदेश।** स्वर्णकार समाज के द्वारा श्रीराम मंदिर शारदा हाल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की पूर्व तैयारी में कार्यकारिणी सदस्य लगे हुये थे। सोनार समाज के द्वारा इस वर्ष समाज के गणमान्य नागरिक, पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्यों व समाज के साथ इस उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि दिनेश सोनी, विशिष्ट अतिथियों में अभिषेक सोनी, मनुराज सोनी, राधेश्याम सोनी, जगतराम सोनी, छेदीलाल सोनी, बहोरन लाल सोनी, त्रिलोकी सोनी तथा अध्यक्षता मनहरण लाल सोनी ने की। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर मां सरस्वती व राधा कृष्ण का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के परिचय उपरांत उन्हें तिलक लगाकर श्रीफल देकर पुष्पहार से दीपक सोनी, विनय सोनी, अमित सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालक शिक्षक राजेश सोनी ने सर्वप्रथम स्वर्णकार समाज के महत्व पर प्रकाश डालते हुये होली मिलन का सामाजिक परिप्रेक्ष्य में महत्व तथा रंगों के महत्व पर वैज्ञानिक प्रभाव से अवगत कराया। अपने उद्बोधन में दिनेश सोनी ने कारीगरों की समस्याओं पर अपने विचार व्यक्त किये। मनुराज सोनी व अभिषेक सोनी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुये सभी को रंगोत्सव की बधाईयां दी तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मनहरण लाल सोनी ने समाज में जागरूकता लाने व समाज के प्रति कर्तव्यों का बोध कराया। कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। जिसमें जगतराम सोनी, श्रीकांत सोनी, दीनानाथ सोनी एवं पार्षद प्रवीण सोनी का श्रीफल भेंटकर तिलक लगाकर पुष्पहार से सम्मान किया गया। समाज के प्रति उनकी भावना से अवगत कराया गया। नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विजय सोनी ने रंगोत्सव की बधाईयां देते हुये सामाजिक बैठक में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर अपने विचार रखें। शिक्षक लक्ष्मीकांत सोनी ने अपने होली मिलन की कविताये सुनाकर मोहक प्रस्तुती दी। सराफा संघ के सचिव कमल किशोर सोनी ने शुभकामना संदेश देते हुये समाज को आगे बढ़ाने पर अपने विचार रखें। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सामाजिक एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में मंच संचालक राजेश सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से मतदान के अधिकार को संभालते हुये सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

# शीतला सप्तमी पर माता पूजा

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शीतला सप्तमी की पूजा मंगलवार से प्रारंभ हो गई। सोनारपारा स्थित मां शीतला मंदिर में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु माता का श्रृंगार-पूजन करने के साथ ही एक दिन पूर्व बना भोजन अर्पित किया। विभिन्न समाजों के द्वारा मनाये जाने वाले इस पर्व की शुरूआत प्रारंभ हो गयी है। माता से सुख-समृद्धि की कामना करते हुए भक्तों ने माता की आरती की। सुबह से शाम तक मंदिर में पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। मां शीतला की पूजा करने की परंपरा के मुताबिक कुछ क्षेत्रों में सप्तमी तो कुछ क्षेत्रों में सप्तमी की तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। नगर में सभी समाजों के द्वारा इस पर्व को मनाया जाता है। सबसे पहले मारवाड़ी समाज के लोग इस त्यौहार के अवसर पर मंगलवार को सुबह से ही मंदिर में माता की पूजा करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर के पुजारी अरूणनाथ जोगी

ने बताया कि होली के बाद आने वाली सप्तमी व अष्टमी की तिथि को लोग मां शीतला की पूजा करते है। इस पर्व का सभी समाज में विशेष महत्व है। परदेशी समाज द्वारा गुरूवार को शीतला अष्टमी जिसे बसौड़ा अष्टमी भी कहा जाता है, मनाया जाएगा। महिलाएँ घरों में आज कल के लिए पकवान बनाने में जुटी रही। कल इन्हीं पकवानों को ग्रहण किया जाएगा। शीतला अष्टमी के दिन बासी खाना खाने का रिवाज है। होली के बाद आने वाली सप्तमी या अष्टमी के दिन मनाई जाती है।महिलाओं ने व्रत करते हुए माता की पूजा की, पूरे दिन व्रत के बाद एक दिन पूर्व बनाया गया भोज प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगी। मान्यता है कि मां शीतला भीषण गर्मी में होने वाले रोगों से बचाती है। महिलाओं ने अपने घर परिवार के स्वास्थ्य के मंगल कामना करते हुए यह पर्व मनाया गया।

# 35 पाव देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती/नवप्रदेश।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनीष कुंवर के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री एवम परिवहन की रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिये गये है, के परिपालन में 31 मार्च को मुखबिर सूचना पर ग्राम सिंचाई कॉलोनी जैजैपुर में शराब रेड कार्रवाई की गई जहां आरोपी ईश्वर प्रसाद आदित्य पिता पीतांबर लाल आदित्य उम्र 31 साल सकिन ओडेकेरा थाना जैजैपुर के कब्जे से गवाहों के समक्ष 35 पाव (6.300 बल्क लीटर) देशी प्लेन शराब कीमती 28 सौ रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से 31 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा के मार्गदर्शन में सहा. उप निरी. ताम्रकार, आर. संतोष मानिकपुरी, मुकेश सिदार, गोविंद पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

# सी विजिल कक्ष की स्थिति जानने पहुंचे कलेक्टर

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** लोकसभा निर्वाचन के तहत कार्यों के संपादन हेतु विभिन्न तरह की मॉनिटरिंग इकाइयां काम कर रही हैं। निर्वाचन कार्यों के व्यवस्थित संचालन का जायजा लेने कलेक्टर विलास भोसकर ने सोमवार को नवीन कंपोजिट बिल्डिंग में स्थित एमसीएमसी कक्ष, शिकायत शाखा, वाहन शाखा, व्यय शाखा, कंट्रोल रूम, सी विजिल कक्ष आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं कक्षों का अवलोकन कर निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों की नोडल अधिकारियों से जानकारी ली और हर शाखा की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एमसीएमसी कक्ष में सोशल मीडिया इकाई के साथ बैठकर सोशल मीडिया में संभावित प्रत्याशियों के अकाउंट्स और एमसीसी उल्लंघन के मामलों की निगरानी की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने वाहन शाखा में वाहनों के अधिग्रहण और आबंटन, कंट्रोल रूम में स्थिति सी विजिल में आई एमसीसी उल्लंघन की शिकायतों, एनजीआरएस में लोगों के आवेदनों, और सिंगल विंडो सिस्टम में अनुमतियों की संबंधित नोडल अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन-प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि के दौरान लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

**जयंती** बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे, इस दौरान प्रदेश के लिए दिए गए उनके योगदान को याद किया गया

# जन्मशताब्दी पर स्व. बिसाहू दास महंत याद किए गए

**सक्ती/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के जननेता स्व बिसाहू दास महन्त के 100वीं जयंती पर स्थानीय हटरी रोड़ स्थित बिसाहू दास उद्यान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विधानसभा क्षेत्र सक्ती सहित जिलेभर से कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता डॉ चरण दास महन्त ने कहा बाबू जी हमेशा अपने जीवन मे दिन दुखियों की सेवा में लगे रहे छत्तीसगढ़ के किसानों की खुशहाली के लिये काम किया सांसद ज्योत्सना महन्त ने कहा कि मैं इस परिवार की बहू हु ये मेरे लिए गौरव की बात हैं आज छत्तीसगढ़ में लोगों का स्नेह मील रहा है स्व बाबूजी के आशीर्वाद का परिणाम है जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि संत कबिर के सच्चे अनुयायी रहे उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर लोगों की सेवा की ऐसे बिरले ही व्यक्ति होते जो अजात शत्रु हो वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरधर जायसवाल ने कहा कि स्व बिसाहू दास महन्त ने हमेशा लोगों के जनहित में कार्य किया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल जिला प्रतिनिधि गुलज़ार सिंह जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष नरेश गेवा डीन आनंद अग्रवाल जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गीता देवांगन रीना गेवाडीन कौशलिया कमलेश नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष

सुषमा जायसवाल शकुंतला खरे कुसुम यादव विजया जायसवाल चांदनी सहिस किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष साधेश्वर गवेल समर सिह पिंटू नगर कांग्रेस दिग्मबर चौबे कन्हैया कवर बाबू लाल जायसवाल रूपनारायण साहू उमेंद्र अग्रवाल प्रदेश सचिव घनश्याम पांडे सरवन सिदार धनेश्वर जायसवाल अमीर अग्रवाल रथराम पटेल अशोक यादव सुरेश देवांगन मनोज जायसवाल विशाल जांगड़े रामेश्वर बरेठ रामु जायसवाल घसिया राम महन्त जागेश्वर सिंह राज संतोष लाला सोनी विजय बहादुर सहस राम कर्ष रविन्द्र शर्मा सावित्री गवेल सचिव पटेल सेवादल अध्यक्ष प्यारे लाल पटेल हीरासाय यादव सहित कोंग्रेसियो कई बड़ी संख्या में उपस्थित रही स्व बिसाहू दास महन्त के 100वी जयन्ती के अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने भोग भंडारा का आयोजन किया जहां महन्त जी के परिवार सहित भंडारे बांटे।

# वृद्ध से मारपीट के आरोपी किराएदार को दो साल कैद

**जांजगीर/नवप्रदेश।** अपने ही बुजुर्ग मकान मालिक से मारपीट करने वाले किराएदार आरोपी प्रभात कुमार लाठिया को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा कंवर ने 2 वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

जुर्माना नहीं पटाने पर अतिरिक्त सजा भुगताई जाएगी। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी एस.अग्रवाल के अनुसार भागवत प्रसाद सूर्यवंशी का भाठापारा जांजगीर मिशन स्कूल के पास घर है। उस घर के एक ब्लॉक में वृद्ध नत्थूराम, लड़का राहुल, लड़की अंजली रहती थे। दूसरे ब्लॉक को किराए पर प्रभात कुमार लाठिया को दिया था।

चार जून 2019 को नत्थूराम अपने गांव जगमहंत चला गया, वहां से 5 जून को लौटा, तो उसके बेटा, बेटी ने बताया कि आधी रात में करीब 12 बजे प्रभात कुमार लाठिया घर के पास ताकझांक कर रहा था।

नत्थूराम ने उसे पूछ कि वह ताक-झांक क्यों कर रहा था, तो नाराज होकर प्रभात कुमार लाठिया ने लाठी से उस पर वार कर दिया।

### महतारी वंदनः 3 को आ सकती है किस्त

**जांजगीर/नवप्रदेश।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना लागू की गई है। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद 1 अप्रैल को बैंक को बंद रखा जाएगा। इसी वजह से योजना की पात्र महिलाओं को दूसरी किस्त एक हजार रुपए 2 या 3 अप्रैल तक जारी होने की संभावना है।

## न्यूज गैलरी

### धनसीर में नया ट्रांसफार्मर लगने से ब्रेकडाउन की समस्या खत्म

**बिलाईगढ़/नवप्रदेश।** बिलाईगढ़ विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत 33/11के वी विद्युत उप केन्द्र धनसीर में क्षमता वृद्धि कर लोड कम करने के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। पहले 3.15 एम वी ए का पॉवर ट्रांसफार्मर लगा था जिसके कारण ओवरलोड एवं वोल्टेज की समस्या बनी रहती थी। लोड अधिक होने के चलते बार- बार ब्रेकडाउन की समस्या आती थी। वनांचल क्षेत्र एवं फीडर बड़े होने के कारण हमेशा फाल्ट आते ही रहते हैं। धनसीर विद्युत उप केन्द्र से निकलने वाली फीडर से बिजली कटौती की समस्या बनी हुई थी। एक तरफ रबि की फसल दूसरी ओर गर्मी की समस्या लोग त्रस्त थे। जिसके चलते धनसीर सहित आसपास के लोगों द्वारा गत दिवस सब स्टेशन में हल्लाबोल किया गया फिर दूसरे दिन बिजली विभाग के अधिकारीगण धनसीर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी और जल्द बिजली की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिए। अधिकारियों ने बिजली कटौती की समस्या से अवगत होकर 5 एम वी ए की पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने की स्वीकृति दिए जो दो दिवस के भीतर तत्काल रविवार को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 7 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर श्रीफल तोड़कर पूजन अर्चन पश्चात् विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई।नए ट्रांसफार्मर के लग जाने से क्षेत्रवासियों को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति होती रहेगी। पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कराने में आर. के. साहू कार्यपालन अभियंता कसडोल, एल. एन. बंछोर सहायक अभियंता उप संभाग बिलाईगढ़, राणासिंह राय कनिष्ठ अभियंता बिलाईगढ़, एल. के. साहू एसटीएम कार्यपालन अभियंता, यू. एस. साहू एसटीएम सहायक अभियंता, ए. के. देवांगन सहायक अभियंता प्रोजेक्ट एवं समस्त कर्मचारियों की महत्वपूर्ण योगदान रही। धनसीर सहित आसपास के लोगों ने बिजली विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

### 85 हजार मनरेगा मजदूरों को कार्यस्थल पर दिलाई शपथ

**बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत सोमवार 1 अप्रैल को जिले भर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 85 हजार मनरेगा मजदूरों द्वारा कार्यस्थल में ही शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर आम लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिसके तहत जनपद पंचायत बलौदाबाजार 22 हजार, भाटापारा 8 हजार 8 सौ,कसडोल 18 हजार,पलारी 14हजार 2सौ एवं सिमगा जनपद के 11 हजार मजदूर शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि,मजदूर,ग्रामीण, रोजगार सहायक,पंचायत सचिव सहित, तकनीकी सहायक उपस्थित थे। गौरतलब है की स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाई गई है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है,ताकि अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत जिले में बढ़ सके।

# मुठभेड़ में एक माओवादी ढेर, नक्सल सामान बरामद

**सुकमा/नवप्रदेश।** लोकसभा चुनाव से पहले बस्तर में एक बार फिर जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया और हथियार सहित भारी मात्रा में नक्सली सामान भी बरामद किया गया है। वहीं जवानों का सर्च ऑपरेशन जारी है। घटना किस्टारम थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, जवानों को सूचना मिली थी कि, सुकमा जिले के टेटेमड़गु इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसकी जानकारी मिलते ही डीआरजी और कोबरा 208 , 204 बटालियन की संयुक्त टीम को टार्गेटिंग ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। जैसे ही जवान चिन्हित इलाके में पहुंचे नक्सलियों ने उनपर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। उनको खुदपर भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए।

### जवानों का ऑपरेशन जारी

मुठभेड़ के बाद जवानों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। सर्चिंग के दौरान भारी मात्रा में नक्सल सामान बरामद किया गया वहीं एक नक्सली मारा गया, जिसका शव बरामद किया गया है। अभी भी टेटेमड़गु इलाके में जवानों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

उन्होंने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सर्चिंग करते हुए वे 450 मीटर ऊंची पहाड़ी पर पहुंचे। पहाड़ी पर जवानों के पहुंचने से पहले ही नक्सली जगह छोड़कर जा चुके थे।

पहाड़ी की चोटी पर सर्चिंग के दौरान नक्सलियों का एक बड़ा कैंप मिला जिसे जवानों ने नष्ट कर दिया।

इसके अलावा घटनास्थल से बड़ी मात्रा में नक्सल सामग्री जैसे कॉर्डेक्स वायर, डिटोनेटर्स, जिलेटीन स्टिक्स, बैटरी, वाकी टॉकी चार्जर, आदि सामान बरामद किया गया। फिलहाल जवानों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

## दंतेवाड़ा में नक्सली कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** जिले में चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर एक नक्सली कमांडर ने आत्मसमर्पण किया है। डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा पहुंचकर नक्सली राजू माड़वी ने पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष सरेंडर किया है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने कहा है कि समर्पित नक्सली को छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना का लाभ दिया जाएगा। नक्सली कमांडर ने किया आत्मसमर्पणः छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति और लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 1 अप्रैल को नक्सली कमांडर ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वाले नक्सली कमांडर का नाम राजू माड़वी है, जो भैरमगढ़ एरिया कमेटी के हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया प्लाटून सेक्शन बी में कमांडर के पद पर सक्रिय था।

उसने पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सली को छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास योजना के तहत 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि और मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ प्रदाय कराया जाएगा। - **गौरव राय, एसपी, दंतेवाड़ा**

### 174 नक्सली कर चुके समर्पण

दरअसल, जिले में दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 174 इनामी नक्सली सहित कुल 686 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिसके बाद वे सभी समाज के मुख्यधारा से जुड़कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

## पुलिस ने मोहला में बड़ा कैंप किया ध्वस्त, सर्चिंग जारी

**मोहला/नवप्रदेश।** सोमवार 1 अप्रैल को मोहला में सर्चिंग पर निकले गढ़चिरौली पुलिस ने नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया। गढ़चिरौली पुलिस को सूचना मिली थी कि, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र के सीमावर्ती जंगलों में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। वे आगामी चुनाव के दौरान ग्रामीणों और जवानों को नुकसान पहुंचाने, मतदान को प्रभावित करने और हिंसा फैलाने की तैयारी कर रहे हैं। जैसे ही पुलिस को इसकी जानकारी मिली

## देर रात शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले गए जेल

**किरंदुल/नवप्रदेश।** प्रदेश में अपराध रोकने के लिए पुलिस सक्रिय है। इसी कड़ी में पुलिस ने दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल में देर रात शराब पीकर घूमने, नगरवासियों के साथ दुर्व्यवहार करने और शोर-शराबा करने वाले 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, बदमाश सम्राट हरिजन, पिता सूरज हरिजन, (27) मूल निवासी उड़ीसा, सागर बिनीया उर्फ सोनू, पिता सदानंद बिनीया (25), मूल निवासी किरंदुल और सिनू रेड्डी, पिता राजाराम रेड्डी (29) निवास स्थान जगदलपुर को शराब पीकर देर रात घूमने और नगरवासियों के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया।

### आज से महंगी हुई शराब

छत्तीसगढ़ में आज से देसी और विदेशी शराब महंगी हो गई है। देसी शराब की वेराटियां बढ़ जाएगी, लेकिन पुराने सभी सेस और उपकर हटाए दिए गए हैं। प्रदेश में क्वार्टर में 10, बोतल में 40 रुपये बढ़ा दिए गए है। केंद्र काफी दिनों से नई आबकारी नीति लागू करने वाला था, जिसे आज से लागू कर दिया गया है। नई आबकारी नीति के मुताबिक, सीएम विष्णुदेव साय ने पिछली सरकार की तरफ से लगाए गए सभी सेस और टैक्स हटा दिए हैं।

## कार से डेढ़ लाख से ज्यादा नगदी जब्त

- दादरगढ़ में उड़नदस्ता दल द्वारा 1.63 लाख रूपये नगद किया गया जप्त

**कोडागांव/नवप्रदेश।** रविवार 31 मार्च की शाम उड़नदस्ता दल द्वारा एसडीएम केशकाल अंकित चौहान के मार्गदर्शन में जिले की सीमा पर स्थित दादरगढ़ में वाहनों की जांच की गयी।

जांच के दौरान टोयोटा हाईराईडर वाहन क्रमांक सीजी 06 जी 9363 की जांच के दौरान महासमुंद निवासी मोहित जैन एवं रायपुर निवासी मनीष जैन के पास से नगद 01 लाख 63 हजार 500 रूपये बरामद किये गये। इस संबंध में संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ पर उनके द्वारा नगद के संबंध में कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। जिसके आधार पर उड़नदस्ता दल प्रभारी कमाल अहमद एवं पुलिस प्रभारी मेहकराम मण्डावी द्वारा प्राप्त नगद राशि को जप्त करते हुए गवाहों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया। इसके साथ ही जप्त नगद राशि को जिला स्तरीय समिति को प्रेषित कर दिया गया है।

## पामेड़ के मतदान केन्द्रों और स्ट्रांग रूम पहुंच कलेक्टर और एसपी ने दिए निर्देश

**बीजापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बीजापुर जिले के अंतिम छोर तेलंगाना सीमा पर स्थित सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्र पामेड़ का औचक निरीक्षण कर सभी मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। ज्ञात हो कि कुल 07 मतदान केन्द्रों में पामेड़ क्षेत्र के मतदाता 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

सभी मतदान केन्द्रों को सुरक्षित स्थानों पर बनाया गया है। वहीं मतदान केन्द्र एवं पोलिंग पार्टी की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पामेड़ कैम्प में स्थापित इंटरमिडियेट स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

वहीं मतदान केन्द्रों में बुनियादि सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सीआरपीएफ कैम्प पामेड़ एवं धर्मारम में जवानों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने विद्युत विस्तार, बीएसएनएल 4त्न सुविधा, धर्मारम कैम्प में हैलिपैड की मांग पर नियमानुसार जल्द निराकरण हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन वैभव बैंकर (आईपीएस), उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल उपस्थित थे।

## बीजेपी महिला मोर्चा के होली मिलन में फिर से मोदी को पीएम बनाने

**कुरूद/नवप्रदेश।** रंग पंचमी के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा कुरूद विधानसभा ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस बार अयोध्या में श्री राम विराजे हैं इस उपलक्ष्य में होली मिलन कार्यक्रम को रामोत्सव के रूप में मनाया गया।

रविवार को आयोजित इस रंग पंचमी महोत्सव की मुख्य अतिथि प्रतिभा अजय चन्द्राकर, अध्यक्षता भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा कुरूद विधानसभा प्रभारी ज्योति चन्द्राकर ने की। इसमें कुरूद मंडल, भखारा मंडल, सिर्री मंडल, मेघा मंडल से भाजपा की मातृ शक्तियाँ इकट्ठा होकर होली मिलन के रंगीन पर्व में जमकर गुलाल उड़ा खुशियाँ बाँटी। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वाधिक बहुमत दिला देश का नेतृत्व फिर उन्हें सौंपने के लिए बूथ स्तर तक जाकर कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया।

बीजेपी महिला मोर्चा हमारे नेतृत्वकर्ता के उद्देश्यों को पूरा करना है महिला मोर्चा को संबोधित करते हुए ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि, इस बार जो राम को लाए हैं उन्हें फिर से हमको लाने का समय आ गया है। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में प्रदेश में मातृ शक्तियों को आगे बढ़ाने के लिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से सबल किया जा रहा है। इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में तन,मन,धन के साथ समस्त बहनों को चुनाव में हिस्सा लेना है।ये रहे मौजूदः इस अवसर पर महिला मोर्चा के पदाधिकारीगण मंडल रश्मि साहू, गितेश्वरी साहु, नंदिनी साहू, दुर्गा साहू, संध्या साहू, भूमिका सिन्हा, लक्ष्मी रेड्डी, भारती बैस, चित्रलेखा टंडन, कमिथला साहु, विधा शर्मा, ममता साहु, मिनाक्षी साहु, नेमिन सिन्हा, यमुना कंवर, तृप्ति चन्द्राकर, प्रीति अग्रवाल, तुमेश्वरी ध्रुव, विधा देवांगन, पद्मा ठाकुर, शीतल नागर्ची, शैल चन्द्राकर, उषा सोनकर, अनिता चन्द्राकर, इन्द्राणी बंसोड, गीता साहू, सुलोचना चन्द्राकर, अन्नपूर्णा ध्रुव, ममता यादव, नर्मदा साहु, मेनका साहू, अंजु यादव, लोकमती धीवर, ललिता ध्रुव, हीरा ध्रुव, रत्ना सारथी, देवकुमारी साहू, कोमेश्वरी चन्द्राकर, रंभा साहू, पिंकी यादव, लता साहू आदि मौजूद थे।

## कलेक्ट्रेट में आग, एसी में शार्ट सर्किट से डिप्टी कलेक्टर का चेंबर जला, कई फाइलें भी खाक

**कोरबा।** कोरबा के कलेक्ट्रट कार्यालय में आग लग गई। डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी के चेंबर में सुबह ऑफिस खोलते ही आग लग गई। ऑफिस में रखे कुर्सी-टेबल के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जलकर खाक हो गए।

कलेक्ट्रेट में आग लगने से कार्यालय में हड़कंप मचा गया है। बताया जा रहा है कि, एसी में शॉर्ट सर्किट के होने के कारण आग लगी है। इसके बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

### डंपर में लगी आग

दूसरी घटना कोरबा कुसमुंडा खदान की है। जहां खदान के वर्कशॉप में खड़ी डंपर में अचानक आग लग गई। इस आग में डंपर जलकर खाक हो गया। इससे प्रबंधन को काफी नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतना तेज था कि, कई किमी, दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। इसके बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में लग गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि, एसईसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण आग लगी है।

## लोकसभा चुनाव : विरासत में मिली राजनीति राजीव गांधी के दोस्तों में रहे शामिल

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** परिवार से विरासत में मिली राजनीति को शिवेंद्र बहादुर सिंह ने न केवल संभाला, बल्कि उसे आगे ले जाने का काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के दोस्तों में भी शिवेंद्र बहादुर सिंह का नाम शामिल है। उस दौर के लोग बताते हैं कि शिवेंद्र बहादुर सिंह का पूरे प्रदेश में सिक्का चला करता था।

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र को राजीव गांधी के साथ दून स्कूल में की थी पढ़ाई लेकर सारे निर्णय उनसे रायशुमारी के बाद ही लिए जाते थे। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल शिवेंद्र बहादुर सिंह ने अपना पहला चुनाव 1977 में खैरागढ़ विधानसभा से लड़ा था। उस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें मैदान में उतारा और वे जीत गए।इसके बाद वे 1984 में भी जीत हासिल की।

नागपुर में जन्म दिल्ली में भी पढ़ेः तीन बार के सांसद रहे शिवेन्द्र बहादुर सिंह का जन्म 7 जनवरी 1943 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दून स्कूल में हुई। यहां उनके साथ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी पढ़ा करते थे। यहीं उनकी मित्रता उनसे हुई थी। यहां शिवेन्द्र राजीव गांधी के साथ 1955 से लेकर 1962 तक पढ़े। इसके बाद दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज में स्नातक तक की उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। बाद में मध्यप्रदेश से कृषि का कोर्स भी उन्होंने किया।

पहला और अंतिम चुनाव हारेः राजनीति के गलियारों में उस दौर के सबसे बड़े नाम रहे शिवेंद्र बहादुर सिंह को अपने पहले और अंतिम चुनाव में सफलता नहीं मिल पाई थी। उनके राजनीतिक जीवन के पहले चुनाव 1977 के विधानसभा चुनाव में खैरागढ़ सीट से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं उनके अंतिम चुनाव 1999 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा 1989 और 1996 में भी वे लोकसभा का चुनाव हारे थे। शिवेंद्र बहादुर सिंह का 31 दिसंबर 1999 को निधन हो गया।

## प्रशिक्षु डीएसपी ने आरोपी की जगह भाई की कर दी पिटाई

**कोरबा/नवप्रदेश।** कोरबा जिले में प्रशिक्षु डीएसपी अविनाश कंवर ने एक युवक को बिना वजह के बेरहमी से पिटाई कर दी। इस मारपीट से युवक के पीठ और कमर के नीचे गंभीर चोट के निशान है। इस मारपीट के बाद पीड़ित ने डीएसपी को मनोरोगी बताया है। इस घटना के बाद कोरबा एसपी ने दर्री थाना प्रभारी का पदभार सम्हाल रहें प्रशिक्षु डीएसपी को थाने से हटा दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, दर्री थाने में एक युवक पर महिला से शराब पीकर गाली-गलौज का मामला दर्ज हुआ था। आरोपी युवक आदतन अपराधी बताया जा रहा है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस रविवार की दोपहर एरिगेशन कॉलोनी गई थी। जब पुलिस को आरोपी नहीं मिला तो आरोपी के भाई को उठा कर थाने ले आयी। भाई का पता पूछते हुए उसे कमरे में बंद कर प्रशिक्षु डीएसपी अविनाश कंवर ने थाने में अन्य पुलिस वालों के साथ मिलकर जमकर पीटा। मारपीट से युवक की पीठ को कमर के नीचे गंभीर चोटे आई हैं। बेरहमी से इस मारपीट के चलते युवक ने टॉयलेट तक कर डाला है। मारपीट से घायल पीड़ित युवक बबलू का वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें वह बता रहा है कि, टीआई अविनाश कंवर उसके भाई को लेने आए थे। मैंने सहयोग करते हुए कहा कि सर वह घर पर नहीं है आप घर देख लीजिए। जिस पर उन्होंने मुझसे कहा कि, तुम गाड़ी में बैठो यह बोलकर वे मुझे थाने ले आए और कमरे में बंद करके बिना गलती बेरहमी से पीटना शुरु कर दिया। वहीं पीड़ित ने डीएसपी अविनाश कंवर को मनोरोगी बताते हुए पुलिस से हटाने की मांग भी की है।

## बीज और कृषि विकास निगम का जिला कार्यालय स्थानांतरित

**बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश।** बलौदाबाजार के वैष्णव कॉलोनी में संचालित छतीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड का जिला कार्यालय स्थानान्तरित हो गया है। अब यह कार्यालय पलारी विकासखण्ड के ग्राम छेरकापुर में नवनिर्मित नवीन बीज प्रक्रिया केंद्र में संचालित हो रहा है। अब शासकीय एवं अर्धशासकीय पत्र व्यवहार हेतु पता कार्यालय जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, ग्राम छेरकापुर,विकासखण्ड पलारी, जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ. ग.) पिन 493228 होगा।

# हनी ट्रैप कांड के खुलने लगे तार, संदेहियों के घर पहुंची पुलिस

शिरीष पांडे | महान मिश्रा | दुर्गा टंडन | मोंटी मरैया

**बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश।** बलौदाबाजार जिले में चल रहे हनीट्रैप सेक्स स्कैंडल मामले को लेकर जल्द ही पुलिस खुलासा करने वाली है। इस मामले को लेकर सोमवार 1 अप्रैल को ही पहली एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इसके साथ ही पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। जल्दी ही इस गिरोह में शामिल लोगों का खुलासा किया जाएगा। बताया जा रहा है कि, इस जांच में कई प्रभावशील लोगों के लोगों के नाम चौंकाने वाले हो सकते हैं। मंत्री ने दिए जांच के आदेशः उल्लेखनीय है कि, सेक्स स्कैंडल को लेकर 2 मार्च को खबर प्रकाशित हुई थी। इसमें बताया गया था कि, किस तरह धनाढ्य लोगों को इस गिरोह की महिलाएं एवं पुरुष सदस्यों के द्वारा अपने जाल में फंसा कर लाखों रुपए वसूले गए हैं। जिस पर जिले के विधायक एवं मंत्री टंक राम वर्मा ने पुलिस अधीक्षक इस मामले की निष्पक्ष जांच करने के आदेश दिए गए थे। इस पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आज इस मामले में पहली एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

बलौदाबाजार सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 250/2024 धारा 384,389,34 भादवि के प्रकरण की जांच में पीड़ित पक्ष के लोगों से विस्तृत पूछताछ की गई है। जसमें यह तथ्य सामने आया कि, मुख्य सरगना मोंटी उर्फ प्रत्युष मरैया, दुर्गा टंडन, शिरीष पांडे, महान मिश्रा व अन्य आरोपियों ने लड़कियों को पीड़ितों के घरों में भेजा। उसके बाद पीड़ितों के बिना कोई अपराध किये, उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर दबावपूर्वक, आपराधिक षड्यंत्र करते हुए मोटी रकम उगाही की जाती थी। इस मामले के उजागर होने पर जांच तस्दीक़ कर अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना कार्यवाही में लिया गया। शहर के धनाड्य लोगों के घरों पर लड़कियों को भेजकर लाखों रुपयों की वसूली की चर्चा दबे जुबान शहर में चल रही थी। संदेहियों के घर पहुंची पुलिस, दो लोगों से 25 लाख वसूली उजागर

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अपराध से संबंधित साक्ष्य के संकलन के लिए विधि द्वारा विहित प्रावधान के परिपालन में सर्च वारंट जारी कर संदेहियों के निवास एवं अन्य ठिकानों में सर्च अभियान जारी किया जा रहा है। प्रकरण के मुख्य सरगना दुर्गा टंडन, मोंटी उर्फ़ प्रत्युष मरैया, शिरीष पांडे अभी फरार है। दुर्गा टंडन के घर के बाहर पुलिस बल लगा दिया गया है। प्रकरण के सरग़ना की तलाश के लिए पुलिस की 5 स्पेशल टीम का बनाकर लगातार पतासाजी की जा रही है।

अभी तक की जांच विवेचना कार्यवाही में आरोपियों द्वारा 2 पीड़ितों से भयादोहन कर लगभग 25 लाख रुपए की वसूली किए जाने का मामला सामने आया है।

# इस वित्त स्मॉल कैप शेयरों में 63 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024 भारतीय शेयर बाजार के लिए फायदेमंद साबित हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि लार्ज कैप ने 33 प्रतिशत का रिटर्न दिया, मिडकैप में 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और स्मॉल कैप ने प्रभावशाली 63 प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

वित्त वर्ष 2024 में अर्थव्यवस्था में विकास से बाजार को बल मिला। वर्ष के दौरान तिमाही दर तिमाही आधार पर जीडीपी का पूर्वानुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि निफ्टी 50 इंडेक्स के लिए सालाना 23-24 फीसदी ईपीएस पूर्वानुमान के साथ कॉर्पोरेट आय वृद्धि में तेजी आई।प्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ म्यूच्यूअल फंड के माध्यम से निवेश द्वारा समर्थित खुदरा प्रवाह मजबूत बना रहा। घरेलू निवेशकों के ट्रेडिंग खातों की संख्या 16.7 करोड़ तक पहुंच गई, जो बाजार में

बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि इसके आलावा, मंदी का सामना कर रहे अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित एफआईआई ने शुद्ध खरीदारी गतिविधि में सुधार दिखाया।

हालांकि, 20 मार्च तक भारी बिकवाली दबाव के साथ, साल का अंत मंदी से हुआ। फिर भी, हाल के कारोबारी सत्रों में बाजार में कुछ राहत मिली है। लीवरेज्ड बिकवाली का दबाव कम हो गया है और खरीद गतिविधि में सुधार हुआ है, भले ही कम मात्रा में हो। उन्होंने कहा, अप्रैल के आने वाले पहले सप्ताह में, अमेरिका और भारत में पीएमआई, फैक्ट्री ऑर्डर और अमेरिका में बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण डेटा जारी होने की उम्मीद है। इसके आलावा, नीतिगत दरों में विशेष रूप से आरबीआई से संकेतों पर निवेशकों की नज़र रहेगी।उन्होंने कहा, हम एक नए वित्तीय वर्ष में जा रहे हैं, हमें फार्मा, कैपिटल गुड्स और इंफ्रा जैसे सेक्टर से काफी उम्मीदें हैं।

उन्होंने कहा, हालांकि वर्तमान में एफएमसीजी और आईटी जैसे कुछ सेक्टर को कम मांग के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, हम सामान्य मानसून और फेड की दर में कटौती के बाद अमेरिकी मांग में वृद्धि के कारण बदलाव की उम्मीद करते हैं। हालांकि, फोकस लार्ज कैप पर है, मिड-कैप के प्रीमियम वैल्यूएशन में छोटी से मध्यम अवधि में दिक्कत आ सकती है।

## बैंक ऑफ इंडिया की मुश्किलें बढ़ी आयकर विभाग ने भेजा 1127 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया को आयकर विभाग की आकलन इकाई से निर्धारण वर्ष 2016-17 से संबंधित 1,127.72 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस मिला है। बैंक को वर्ष 2016-17 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 156 के तहत एक डिमांड नोटिस मिला है, जिसमें कुछ अस्वीकृतियां की गई हैं। बैंक ऑफ इंडिया ने कहा, बैंक निर्धारित समय-सीमा के भीतर उक्त आदेश के खिलाफ आयकर आयुक्त (अपील), नेशनल फेसलेस अपील सेंटर (एनएफएसी) के समक्ष अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। अपीलीय प्राधिकारियों की प्राथमिकता/आदेशों को देखते हुए बैंक का मानना है कि उसके पास मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार हैं। बैंक को उम्मीद है कि मांग कम हो जाएगी। इस प्रकार, बैंक की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि वह आदेश में उठाई गई 1,127.72 करोड़ रुपये की मांग के खिलाफ आयकर कानून में दी गई रियायत का फायदा उठाएगा।

## जेब पर सीधा वार.. दवाओं के दाम बढ़े 175 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** भारत में 800 से ज्यादा दवाएं महंगी होने जा रही हैं। दरअसल, सरकार ने होलसेल प्राइस इंडेक्स में कई बदलाव किए हैं जिसके तहत कई दवाओं की कीमतें अब बढ़ जाएंगी। इन दवाओं की कीमतों में करीब 12प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके तहक राष्ट्रीय आवश्यक दवा सूची में 0.0055 प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है।

जानकारी के मुताबिक पेरासिटामोल की कीमतों 130प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, ये एक ऐसी दवा है जो कि बुखार समेत कई बीमारियों में होने वाले इस लक्षण को कंट्रोल करने के लिए इस्तेमाल होती है। इसकी कीमतों में बढ़ोतरी आम आदमी के लिए थोड़ी ज्यादा हो सकती है। पेनकिलर, एंटीबायोटिक और एंटी-इंफेक्शन की दवाएं भी महंगी हो गई हैं। पेनिसिलिन जी 175प्रतिशत महंगा हो गया है तो, एज़िथ्रोमाइसिन और कुछ अन्य दवाएं भी महंगी हो गई हैं। इसके अलावा भी इस लिस्ट में कई स्टेरॉयड भी शामिल हैं।

इन दवाओं के अलावा एक्सीसिएंट्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। ये 18-262त्न बढ़ी है और इनमें शामिल है ग्लिसरीन और प्रोपलीन ग्लाइकोल, सिरप, सहित सॉल्वैंट्स। ये 263प्रतिशत से 83प्रतिशत महंगे हुए हैं। इसके अलावा कुछ इंटरमीडिएट्स दवाओं की कीमतें भी 11प्रतिशत से 175प्रतिशत के बीच बढ़ी हैं।

## 24 प्रतिशत वृद्धि के साथ अदाणी पोर्ट्स ने रिकॉर्ड 420 एमएमटी माल का किया प्रबंधन

**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने 24 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024 में (अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों सहित) रिकॉर्ड 420 एमएमटी (मिलियन मीट्रिक टन) माल का प्रबंधन किया। कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने मार्च में एक माह में अब तक का सबसे अधिक 38 एमएमटी से अधिक माल हैंडल किया।एपीएसईज़ेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा, कंपनी को पहले 100 एमएमटी वार्षिक कार्गो थ्रूपुट हासिल करने में 14 साल लग गए, जबकि दूसरे और तीसरे 100 एमएमटी थ्रूपुट को क्रमश~ पांच और तीन साल में हासिल किया गया। वित्त वर्ष 2024 के दौरान, भारत के एक-चौथाई से अधिक कार्गो वॉल्यूम को एपीएसईजेड बंदरगाहों के माध्यम से भेजा गया।करण अदाणी ने कहा, नवीनतम 100 एमएमटी का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है। यह परिचालन क्षमता बढ़ाने और उद्योग में शीर्ष बंदरगाह ऑपरेटर के रूप में हमारी स्थिति बनाए रखने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता और प्रयासों का प्रमाण है। कंपनी के आठ बंदरगाहों ने दोहरे अंक में वृद्धि की है। प्रमुख बंदरगाह मुंद्रा एक महीने (अक्टूबर 2023) में 16 एमएमटी कार्गो को हैंडल करने वाला भारत का पहला बंदरगाह बन गया। ये उपलब्धियां लाल सागर संकट के कारण वैश्विक व्यापार में व्यवधान, रूस-यूक्रेन संघर्ष और पनामा नहर के मुद्दे और चक्रवात बिपरजॉय व मिचौंग की चुनौतियों से निपटते हुए हासिल की गईं।

## इंडियन ऑयल पैनासोनिक के साथ देश में ही बनाएगी सिलिंड्रिकल लिथियम-आयन सेल

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और जापान के पैनासोनिक समूह की पैनासोनिक एनर्जी कंपनी मिलकर देश में ही दुपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए सिलिंड्रिकल लिथियम-आयन सेल और ऊर्जा भंडारण प्रणाली बनायेगी। दोनों कंपनियों ने इसके लिए एक संयुक्त उद्यम बनाने के लिए एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इंडियन ऑयल ने रविवार को बताया कि वह पैनासोनिक एनर्जी के साथ मिलकर देश में स्वच्छ ऊर्जा की तरफ यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए बैटरी प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में व्यवहार्यता अध्ययन कर रही है, जिसका उद्देश्य इस वर्ष की गर्मियों तक अपने सहयोग के विवरण को अंतिम रूप देना है। कंपनियां भारत की आत्मनिर्भरता में सुधार और वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में देश की स्थिति को मजबूत करने के लिए स्थानीय विनिर्माण आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में निवेश करने की योजना बना रही हैं। इंडियन ऑयल ने एक बयान में कहा कि इससे देश के भीतर कच्चे माल की सोर्सिंग की मांग पैदा होगी, घरेलू मूल्यवर्धन बढ़ेगा और अत्यधिक कुशल सेल प्रौद्योगिकी के मामले में देश के बैटरी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य पैनासोनिक एनर्जी के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से सीओ2 उत्सर्जन को कम करने जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करना है। बैटरी विकास और विनिर्माण में पैनासोनिक एनर्जी की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, दोनों कंपनियां एक स्थायी समाज के निर्माण में मदद करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, लिथियम-आयन बैटरी उद्योग के विकास और भारत के ऊर्जा परिवर्तन में योगदान देने का प्रयास करेंगी। इंडियन ऑयल ने यह भी कहा कि उसका लक्ष्य 2046 तक अपने शुद्ध-शून्य परिचालन उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करना है, जो 2070 तक देश के लिए कार्बन तटस्थता प्राप्त करने के देश के लक्ष्य के अनुरूप है।हाल के वर्षों में, इंडियन ऑयल सौर ऊर्जा, जैव ईंधन और हाइड्रोजन के उपयोग सहित स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

**खेल, मनोरंजन**

## आर अश्विन हासिल करेंगे बड़ी उपलब्धि

**धोनी-विराट के इस खास क्लब में होंगे शामिल**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का 14वां मैच मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा. दोनों टीमें वानखेड़े के स्टेडियम में आमने-सामने होगी. इस सीजन में मुंबई इंडियंस पहली बार अपने घर पर खेलने उतरेगी. एक तरफ मुंबई है, जो जीत का खाता खोलने के इरादे से मैदान पर उतरेगी. तो दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स है, जो जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी. ऐसे में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर होना तय है. वहीं ये मैच राजस्थान रॉयल्स के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन के लिए भी काफी खास रहने वाला है. वह इस मैच में एक खास दोहरा शतक पूरा करेंगे.

आर अश्विन आईपीएल में अभी तक 199 मैच खेल चुके हैं. मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह अपना 200वां आईपीएल मैच खेलने उतरेंगे. इसी से साथ रविचंद्रन

अश्विन आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की इस खास लिस्ट में शामिल हो जाएंगे. इस लिस्ट में एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज शामिल हैं। बता दें कि आर अश्विन ने साल 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अपना आईपीएल डेब्यू किया था. इसके बाद वह राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स, पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रह चुके हैं. वहीं, आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें खरीदा था. आर अश्विन ने आईपीएल में अभी तक 199 मैचों में 7.04 की इकॉनमी से 172 विकेट हासिल चुके हैं. जबकि बतौर बल्लेबाज 743 रन बनाए हैं, जिसमें 1 अर्धशतक भी शामिल है।

## मेगा ऑक्शन और प्लेयर रिटेंशन, एजेंडा मैच हो सकता है रिशेड्यूल

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) टीमों के मालिकों की एक बैठक बुलाई है, जो 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होगी। इसी दिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। क्रिकबज के मुताबिक मीटिंग में इस साल होने वाले मेगा ऑक्शन और प्लेयर रिटेंशन नंबर पर चर्चा होगी। इसपर IPL टीम मालिकों के अलग-अलग विचार हैं। नंबर पर कोई स्पष्ट सहमति नहीं है और माना जा रहा है कि BCCI इसपर बातचीत करना चाहता है।दूसरी ओर 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम राजस्थान रॉयल्स गेम राम नवमी के कारण रिशेड्यूल हो सकता है। फ्रेंचाइजी, स्टेट एसोसिएसन और ब्रॉडकास्टर्स समेत सभी को इसके बारे में संकेत दिया गया है। कोलकाता पुलिस के पास चुनाव और त्यौहार के कारण सिक्योरिटी के लिए ज्यादा फोर्स नही होगी। इस कारण मैच दूसरे दिन या उसी दिन दूसरे वेन्यू पर हो सकता है।

## बड़े मियां छोटे मियां से खूंखार विलेन पृथ्वीराज का लुक रिवील, अक्षय-टाइगर पर भारी

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां और छोटे मियां को लेकर फैंस काफी एक्साइडेट हैं. वहीं अब फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए अब मेकर्स ने फिल्म से विलेन के लुक से पर्दा उठा दिया है. बता दें कि फिल्म में विलेन के किरदार को तेलुगु स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन प्ले कर रहे हैं।

फिल्म के नए पोस्टर्स को अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें पृथ्वीराज का खलनायक अवतार देखकर हर कोई जर जाए. वहीं पोस्टर्स के साथ पृथ्वीराज का वॉइस ओवर भी सुनाई देता है, जहां वह कहते हैं प्रलयम सर्वनाशम महाप्रलय... कहने का मतलब है कि प्रलय आने वाला है... इन पोस्टर्स को शेयर करते हुए अक्षय ने कैप्शन में लिखा कि ये शैतान है. ये बहुत खतरनाक है और इसका बस एक ही लक्ष्य है...बदला. चेहरे पर मास्क, हाथ में गन और काले कलर के ओवरकोट जैकेट पहने हुए इस खतरनाक विलेन का लुक अब चर्चा में बना हुआ है. फैंस इस नए विलेन पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं. किसी एक यूजर ने कमेंट में लिखा कि मैं इस मूवी को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं... तो किसी अन्य यूजर ने पृथ्वीराज को लीजेंड बताया. बता दें कि हाल ही में बड़े मियां छोटे मियां का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटटिव रिस्पॉन्स मिला. ट्रेलर में अक्षय-टाइगर की जोड़ी जमकर धमाल मचाती हुई नजर आ रही है. दोनों साथ मिलकर दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं. लेकिन ट्रेलर के अंत में ये दोनों स्टार्स एक दूसरे के ही दुश्मन बन जाते हैं. अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म ईद के खास मौके पर यानी कि 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. अक्षय और टाइगर के अलावा फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. फैंस सिल्वर स्क्रीन पर टाइगर और अक्षय की जोड़ी को देखने के लिए बेताब हैं।

## विराट के पास ऑरेंज कैप, मुस्तफिजुर ने सबसे ज्यादा लिए विकेट

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में 13 मैच पूरे हो चुके हैं। रविवार शाम विशाखापट्टनम के मैदान पर चैन्नई सुपर किंग्स को सीजन की पहली हार मिली। टीम को दिल्ली कैपिटल्स ने 20 रन से हराया। इसी हार के साथ चेन्नई सुपर किंग्स को 3 मैचों में 2 जीत के साथ 4 पॉइंट ही है। टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। बेहतर रनरेट के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स (च्यक्र) 4 पॉइंट्स के साथ टॉप पर बना हुआ है। च्यक्रने अपने दोनों शुरुआती मैच जीते। कुल 7 विकेट के साथ वे पर्पल कैप होल्डर हैं। वहीं, ओपनर विराट कोहली के नाम सबसे रन है, उनके पास ऑरेंज कैप है। हर टीम 14 मुकाबले खेलेंगी। टीम को जीत पर 2 पॉइंट्स मिलेंगे। प्लेऑफ के लिए टॉप-4 टीम क्वालिफाई करेंगी। टॉप-4 में अपनी जगह पक्की करने के लिए टीम को 14 में से 8 मैच जीतने होंगे। टॉप-2 पर फिनिश करने वाली टीम को फाइनल में जाने के लिए 2 मौके मिलेंगे। वहीं, तीसरे और चौथे नंबर पर फिनिश करने वाली टीम को पहले एलिमिनेटर खेलना होगा और फिर नंबर-1 1ह्य नंबर-2 के मैच में हारने वाली टीम के खिलाफ फाइनल के टिकट के लिए मुकाबला करना होगा।

## जीत के बाद भी ऋषभ पंत को लगा झटका स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख जुर्माना

**नईदिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर आईपीएल 2024 में अपनी पहली जीत हासिल की. बीते रविवार विशाखापटनम के डॉ. वाई. एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ऋषभ पंत की अगुवाई वाली दिल्ली ने चेन्नई को 20 रनों से हराया, लेकिन अब पंत को इस जीत के बाद भी तगड़ा झटका लगा है. सीएसके के खिलाफ मैच में दिल्ली के कप्तान ने बड़ी गलती कर दी, जिसके लिए उन्हें बड़ी सज़ा मिली।

दरअसल चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में स्लो ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगा. यह टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स का न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की

आचार संहिता के तहत पहला मामला था, जिसके लिए उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया ग.या है।

बता दें कि इससे पहले आईपीएल 2024 में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर भी यह जुर्माना लगाया जा चुका है. 26 मार्च गुजरात ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एम चिदंबरम स्टेडियम में मुकाबला खेला था. इस मैच में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर भी स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा था। इस मैच में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. टीम ने ऋषभ पंत और डेविड वॉर्नर की अर्धशतकीय पारी की मदद से दिल्ली के सामने 192 रनों का लक्ष्य रखा है. टीम के लिए डेविड वॉर्नर ने 52 और कप्तान ऋषभ पंत ने 32 गेंदों में 159.38 के स्ट्राइक रेट से 51 रनों की पारी खेली। पंत ने अपनी पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को भले ही हार सामना करना पड़ा, लेकिन पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपनी बैटिंग से महफिल लूट ली. चेन्नई के लिए रहाणे ने सबसे बड़ी 45 रनों की पारी खेली. नंबर 8 पर उतरे एमएस धोनी ने 16 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 37 रन बनाए. धोनी की बैटिंग फैंस काफी खुश दिख रहे थे।

## सलमान का करण की फिल्म द बुल से किनारा

बीते साल सलमान खान ने अपनी फिल्म टाइगर 3 के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था तो इसके बाद से ही उनकी आगामी फिल्मों को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी।इसी बीच सलमान और करण जौहर ने फिल्म द बुल के लिए 25 साल बाद हाथ मिला , जिससे प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए।पहले जहां करण ने कुछ कारणों के चलते फिल्म को थोड़ा टाल दिया था तो अब सलमान ने ही इससे किनारा कर लिया है। द बुल की शूटिंग पहले बीते साल नवंबर में शुरू होनी थी, लेकिन फिर इसे दिसंबर तक टाल दिया। इसके बाद जनवरी में शूटिंग की बात सामने आई तो मालदीव विवाद के चलते फिर से बात बिगड़ गई।फिर सलमान और करण के बीच पैसों को लेकर बात नहीं बनी तो निर्माता-निर्देशक ने अभिनेता से जुलाई तक का समय मांगा।अब खबरें हैं कि सलमान ने द बुल को छोड़ साजिद नाडियाडवाला की एक फिल्म करने का फैसला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, नाडियाडवाला, एआर मुरुगादॉस के साथ फिल्म बना रहे हैं, जो मई में ही शुरू हो जाएगी। दूसरी ओर, करण का विचार नवंबर तक द बुल की शूटिंग शुरू करने का है।सूत्र का कहना है कि शूटिंग की तारीखों में हो रहे फेरबदल से सलमान को परेशानी हो रही थी। करण और निर्देशक विष्णुवर्धन भी अभी तक सही समय तय नहीं कर पाए हैं।लिहाजा सलमान ने इस फिल्म से पीछे हटने का फैसला किया है।

## न्यूज गैलरी

### टेंडर को लेकर युवक से मारपीट

**रायपुर/नवपद्रश।** आबकारी भवन लाभांडी में शराब परिवहन का टेंडर कम रेट में लेने की बात को लेकर चार लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुर्गा प्रसाद अग्रवाल 43 वर्ष वालफोर्ट सिटी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि आबकारी भवन लाभांडी में आरोपी अशोक सिंह, रंधीर सिंह, पप्पू व अन्य ने शराब परिवहन का टेंडर कम रेट में लेने की बात को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नहरपार से बाइक हुई चोरी

**रायपुर/नवपद्रश।** बाइक सवार अज्ञात तीन युवकों ने नहरपार नवापारा में खड़ी बाइक को चोरी कर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थ्थी कार्तिक मनहरे 53 वर्ष ग्राम चीचा मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीई 4397 को नहरपार नवापारा में खड़ी किया था, तभी बाइक सवार अज्ञात तीन युवकों ने चोरी कर लिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 379, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाते 4 गिरफ्तार

**रायपुर/नवपद्रश।** उरला पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लेपटाप, 7 नग मोबाइल, कार व नकदी 60 हजार रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि बीरगांव नगर निगम आम रोड में खड़ी कार में ऑनलाइन सट्टा चल रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अजय देवांगनर 31 वर्ष सहित अन्य 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी के पास से 7 नग मोबाइल, कार व नकदी 60 हजार रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अवैध शराब बेचते 6 धरे गए

**रायपुर/नवपद्रश।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 139 पाव देशी शराब, 7 बॉटल बियर और बिक्री रकम 1200 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने ग्राम बरौदा में दबिश देकर आरोपी अभिमन्यू गायकवाड़ 32 वर्ष से 24 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने ग्राम समोदा पेट्रोल पंप के पास आरोपी अश्वनी डूंडे 24 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी कमलेश्वरी भारती 50 वर्ष के पास से 39 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी पवन तारक 42 वर्ष के पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी डाकेश साहू 28 वर्ष के पास से 19 पाव अंग्रेजी शराब और बिक्री रकम 500 रुपए जब्त किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी लाल हरि यासविकी 31 वर्ष के पास से 7 बॉटल बियर और बिक्री रकम 500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**जशपुर/नवपद्रश।** लवाकेरा ओडिशा स्टेट हाइवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। यह मामला तपकरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सुबह एक बाइक पर तीन युवक सवार होकर लवाकेरा ओडिशा स्टेट हाइवे पर जा रहे थे तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल है।

### मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

**कोरबा/नवपद्रश।** ट्रांसपोर्ट नगर के पास रेलवे ट्रेक के बीच एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थल पर काफी संख्या लोगों की भीड़ लग गई। मृतक ने आत्महत्या की है या फिर दुर्घटना का शिकार हो गया है। यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका।

# डायरिया के मरीजों को टाइफाइड ने जकड़ा, 3 मरीजों को नई बीमारी ने घेरा

■ एक महिला की किडनी में फैला इन्फेक्शन

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर के लाभांडी इलाके में डायरिया के बाद अब लोगों में टाइफइड की शिकायत मिल रही है। डायरिया रोग से ठीक होकर घर वापस लौट रहे 7 से 8 मरीजों में टाइफइड के लक्षण मिले हैं। वहीं, दूषित पानी पीने से कॉलोनी की एक महिला की किडनी में संक्रमण हो गया। जिसका अंबेडकर अस्पताल के ढ्रुष्ट वार्ड में इलाज चल रहा है। दरअसल, लाभांडी में पानी के जांच के लिए जो सैंपल लिया गया था उसमें ई-कोलाई बैक्टीरिया के अलावा साल्मोनेला बैक्टीरिया भी मिला है। जिसके कारण डायरिया की शिकायत के साथ लोगों को अन्य बीमारियां भी हो रही है। महिला की किडनी में फैला संक्रमण लाभांड़ी की संकल्प सोसाइटी में रहने वाली सरला नायक की हालात नाजुक है। सरला नायक की बेटी डाली नायक ने बताया कि मेरी मां को सबसे पहले डायरियां हुआ था। उल्टी दस्त के कारण वे बहुत परेशान थी। उन्हें जिला अस्पताल में इलाज के लिए गया तब पता चला कि डायरिया के दौरान जब उल्टी दस्त हो रही थी उसे दौरान ज्यादा उल्टी होने का असर किडनी में असर पड़ा है। मम्मी का डायलिसिस भी किया जा रहा है लेकिन कंडीशन क्रिटिकल है।

**कालोनी में लोगों को पेट खराब होने की शिकायत**

कॉलोनी के रहने वाले सूरज यादव ने बताया जो लोग डायरियां से ठीक होकर आ रहे हैं अब उन्हें बुखार आ रहा है । जांच के बाद कई लोगों को टाइफइड हुआ है। कई लोगो ने अपना घर छोड़कर दूसरे जगह जाकर रह रहे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मरीजों की संख्या 100 के पार हो गई है। लोगों में इतना खौफहै कि अब वे कॉलोनी छोड़ कर जा रहे। कॉलोनी में 323 घर में से सिर्फ50 से 60 घरों में लोग रहे रहे हैं। सभी अपने घर में ताला लगाकर पलायन कर चुके हैं। कोई अपने गांव चले गया है तो कोई कॉलोनी छोड़कर दूसरे जगह किराए पर रह रहा है।

# किरंदुल परियोजना ने शानदार उत्पादन कर रचा इतिहास

*सभी कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा है: पद्मनाभ नाईक*

**किरंदुल/नवप्रदेश।** एनएमडीसी लिमिटेड की वृहत परियोजना किरंदुल ने मुख्य महाप्रबंधक, पद्मनाभ नाईक के उत्कृष्ट, गुंजायमान एवं परिणामोन्मुखी नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2023-24 में लौह अयस्क उत्पादन एवं प्रेषण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं ।

परियोजना ने वर्ष 2023-24 में आरओएम उत्पादन 151.03 लाख टन, कुल उत्खनन 185 लाख टन, एलसीएफ उत्पादन 163.37 लाख टन, एलसीएफप्रेषण 157.34 लाख टन,11/बी खदान का आरओएम उत्पादन 59.23 लाख टन, कुल उत्खनन 11/बी का 71.12 लाख टन, एसपी-। उत्पादन 80.90 लाख टन का उच्चतम निष्पादन किया है जो परियोजना के स्थापना से लेकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन है। ये सभी आंकड़े पिछले वर्षों की तुलना से अधिक है और परियोजना के नेतृत्व और बेहद उत्कृष्ट टीम प्रबंधन के परिचायक हैं ।

इसके अलावा परियोजना ने वर्ष 2023-24 के दौरान माह, तिमाही, छमाही एवं वर्ष में उत्पादन एवं प्रेषण में कई कीर्तिमान हासिल किए हैं।

परियोजना के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम और नई पहलों की शुरूआत करते हुए आने वाले वर्षों में भी कई कीर्तिमान हासिल करेंगे।

जीवन के लिए रक्तदान अनमोल

# जरूरतमंद को समय पर मिले रक्त : सीएमएचओ डॉ. बीएल राज

■ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा में रक्तदान शिविर का आयोजन

**कवर्धा/नवप्रदेश ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.एल.राज के मार्गदर्शन में डॉ. सतीश शर्मा, आरएमए डॉ. शिवगोपाल परिहार के द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय में जिले से अनेक मरीज पहूंचते है, जिसमें प्रमुख रूप से एक्सीडेंटल मरीज, गर्भवती माताएं, सिकलसेल के मरीज और थैलेसिमिया के रोगियों को रक्त की त्वरित आवश्यकता होती है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में प्रचुर मात्रा में सभी समूह के रक्त की आवश्यकता होती है जब भी आवश्यकता पडें तत्काल उपलब्ध हो जाए। रक्तदाताओं को सीएमएचओ डॉ राज के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकराई, दो घायल

**कोरबा/नवपद्रश।** बीती रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। घटना में कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दो लोगों को मामूली चोटें लगी।

घटना सीएसईबी चैकी क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप चैक से घंटाघर के मध्य स्थित कोरबा कंप्यूटर कालेज के पास हुई। बताया जा रहा है कि दुर्ग आरटीओ पासिंग इस कार की रफ्तार काफी तेज थी और उसमें शराब के नशे में दो युवक सवार थे। दूसरी वाहन को ओवरटेक करने के दौरान यह घटना हुई। घटना के बाद स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। इससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर लगे जाम को हटवाया गया।

# करपात्री स्कूल मैदान में मतदाता जागरूकता का होगा अनोखा और अनूठा आयोजन

**कवर्धा/नवप्रदेश ।** राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के कबीरधाम जिले में लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में लगातार स्वीप कार्यक्रम में अंतर्गत मतदाता जागरूकता का अलग-अलग कार्यक्रम किया जा रहा है। इस तारतम्य में 02 अप्रैल मंगलवार को कवर्धा के स्वामी करपात्री जी आउटडोर स्टेडियम में सुबेरे 6.30 बजे जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर आमागी 26 अप्रैल को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने के लिए संदेश दिया जाएगा। इस मतदाता जागरूकता के जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक मतदाताओं को मतदान की प्राक्रिया में भागीदारी निभाने के लिए जागरूकता के अलग-अलग संदेश भी दिए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान को ÷चुनाव का पर्व, देश का गर्व÷ की थीम पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री महोबे ने स्वीप कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और समाज कल्याण विभाग की संयुक्त बैठक लेकर 02 अप्रैल मंगलवार को आयोजित होने वाले मतदाता जागरूकता अभियान की तैयारियों के संबंध में समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सिंधी पंचायत की अच्छी पहल सकोरा और कोटने का वितरण

**रायपुर/नवप्रदेश।** पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा के नेतृत्व में पक्षियों एवं गौमाता की प्यास बुझाने हेतु दाने सकोरे एवं कोटने का निःशुल्क वितरण किया गया।विशाल कुकरेजा ने बताया की भीषण गर्मी को देखते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सकोरे एवं कोटने का वितरण किया गया।हमारी पूरी टीम पक्षियों,गौमाता एवं बेजुबान पशुओं की सेवा के लिए हमेशा प्रयासरत रहते है।आयोजन में मुख्य रूप से डी प्रेम मूलचंदानी,जी.एस गेहानी,अशोक केशवानी,अमर चन्दनानी, संजय जयसिंघानी,सुनील बत्रा,प्रेम सोनी,चंद्रकुमार डोडवानी,अमित बलवानी,कपिल गेहानी,हरिराम रघुवंशी,राकेश माटा,यश नागवानी,चिराग़ जयसिंघानी,संतोष भमभानी आदि उपस्थित थे।

## हाई कोर्ट की अर्दली को सेवानिवृत्ति पर विदाई

■ मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने शॉल, श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा द्वारा उच्च न्यायालय के अर्दली अनंत राम गौतम की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनकी कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण व उत्कृष्ट सेवा के लिए स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके भावी स्वस्थ्य जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी। अर्दली श्री गौतम की 31 मार्च को सेवानिवृत्ति पर उच्च न्यायालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि श्री गौतम ने वर्ष 1995 में म.प्र. उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ से अपनी सेवा प्रांरभ की तथा राज्य विभाजन के पश्चात् छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अपनी सेवायें प्रदान कर रहे थे। कार्यक्रम में संयुक्त रजिस्ट्रार कम पीपीएस श्री एम.वी.एल.एन सुब्रहमन्यम व प्रोटोकॉल अधिकारी आर.एस. नेगी सहित उच्च न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### मतदान के दिन 19 और 26 अप्रैल को अवकाश

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चूका है। ऐसे में दो चरणों में मतदान होना है जिसके तहत बस्तर संभाग में 19 अप्रैल और अन्य संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इन तारीखों के दिन छुट्टियों का ऐलान किया गया है। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चूका है। जिसमें सबसे पहले बस्तर संभाग में 19 अप्रैल को मतदान होना है। सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने मतदान के दिन अवकाश की घोषणा की है।

# 37 साल से फरारी काट रहे वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

■ एसपी के निर्देश पर 143 वारंटी पहुंचे जेल

**कोरबा/नवपद्रश।** जिले में स्थायी फरार वारंटियों की धरपकड़ तेज कर दी गई है। एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत दो दिनों में ही पुलिस ने 143 स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंट तामील किया है। इनमें 37 और 32 साल से फरार चल रहे वारंटी भी शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बेसिक पुलिसिंग के तहत जिले में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए फरार वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान के निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी के द्वारा कार्यवाही किया गया है।

लगातार 2 दिनों से सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत फरार वारंटियों की सूची तैयार कर थाना स्तर पर टीमें बनाई गई है जिसके द्वारा सक्रिय मुखबीरों से सूचनाओं लेकर एवं दीगर जिले के फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया। विशेष कर कई सालों से फरार वारंटियों की भी पता तलाश कर दबिश दिया गया (गंभीर अपराध चोरी, लुट 420 आदि) में संलिप्त वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। कोरबा पुलिस के द्वारा 50 स्थाई वारंट और 93 गिरफ़्तारी वारंट कुल 143 वारंट तामील किए गए।